CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :31°C
न्यूनतम: 25°C

देहरादून, गुरुवार 2 अक्टूबर 2025 देहरादून संस्करण: वर्ष 25 अंक 55 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper


shahtimes2015@gmail.com | आश्विन शुक्ल पक्ष 11 विक्रमी सम्वत् 2082 | 9 रबी उल सानी1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



कश्मीरियों को बंदूक से डरा रही भाजपा : महबूबा मुफ्ती पेज 2



मोहसिन नकवी ने एशिया कप ट्रॉफी एसीसी के दफ्तर में जमा कराई खेल टाइम्स



अहिंसा गांधी का शास्त्र, भारत की पहचान व नई पीढ़ी की चुनौती सम्पादकीय



अमेरिका में शटडाउन हुआ लागू, सरकारी कामकाज ठप पेज 12

# मुजफ्फरनगर: हाईवे किनारे खड़े ट्रक में घुसी कार, छह की मौत

## एक की हालत गंभीर, करनाल से अस्थि विसर्जन के लिए हरिद्वार जा रहा था परिवार

■ अर्टिगा कार में चालक के अलावा परिवार के छह लोग थे सवार, मृतकों में मां-बेटा सहित 3 महिलाएं और 3 पुरुष शामिल

शाह टाइम्स संवाददाता

**तितावी ( मुजफ्फरनगर )।** बुधवार को एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार अर्टिगा कार हाईवे किनारे खड़े ट्रक में घुस गई। कार चालक को नींद की झपकी आने पर सड़क हादसे में एक ही परिवार के 5 सदस्यों समेत 6 लोगों की मौत हो गई। मृतकों में मां- बेटा सहित तीन महिलाएं और तीन पुरुष शामिल हैं। कार में 7 लोग सवार थे, जिसमें 5 की मौके पर मौत हो गई और एक ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। एक की हालत गंभीर है।

हरियाणा के करनाल जिले के फरीदपुर के रहने वाले महेंद्र जुनेजा कैंसर से पीड़ित थे। 22 सितम्बर को हार्ट फैल होने से महेंद्र की मौत हो गई थी। बुधवार को उनकी अस्थियों को गंगा में विसर्जित करने के लिए सभी परिवार के लोग दो कारों में सवार होकर करनाल से हरिद्वार जा रहे थे। एक कार में सवार महेंद्र की पत्नी, एक बेटा, दो बहनें, एक -शेष पृष्ठ दो पर



### मृतकों के नाम

महेंद्र की पत्नी मोहिनी (45), बड़ा बेटा पीयूष (22), जीजा राजेंद्र (60) निवासी पानीपत, बहन विम्मी (50), छोटी बहन अंजू (46) और ड्राइवर शिवा (24) शामिल हैं।

### ड्राइवर रात को हिमाचल से आया था

हादसे में जान गंवाने वाला ड्राइवर शिवा पुत्र विनोद भी करनाल के फरीदपुर गांव का ही रहने वाला था। उसके 2 छोटे भाई अरुण और मोहित हैं। शिवा की 3 साल पहले दिल्ली की काजल से शादी हुई थी। उसका एक डेढ़ साल का बेटा रोनित है। परिवार ने बताया कि शिवा मंगलवार रात को हिमाचल में स्थित ज्वालाजी के दर्शन करके लौटा था। वह बुधवार को हरिद्वार नहीं जाना चाहता था, लेकिन कार मालिक ने आकर कहा कि बुकिंग हो चुकी है, इसलिए जाना पड़ेगा। इसके बाद शिवा घर से चला गया।

# घुसपैठियों से चुनौती मिल रही, सतर्क रहना होगा: मोदी

■ कहा: संघ के पास डेमोग्राफी में बदलाव रोकने का रोडमैप

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने आरएसएस के शताब्दी समारोह में बुधवार को कहा कि संघ के स्वयंसेवकों ने कभी कटुता नहीं दिखाई। चाहे प्रतिबंध लगे, या साजिश हुई हो। सभी का मंत्र रहा है कि जो अच्छा है, जो कम अच्छा, सब हमारा है।

उन्होंने इस मौके पर आरएसएस के योगदान को दर्शाने वाला स्मारक डाक टिकट और सिक्का भी जारी किया। उन्होंने कहा कि संघ के स्वयंसेवक जो लगातार देश सेवा में जुटे हैं। समाज को सशक्त कर रहे हैं, इसकी भी झलक इस डाक टिकट में है। मैं इसके लिए देश को बधाई देता हूं। डाक टिकट पर श्राष्ट्र सेवा के 100 वर्ष (1925-2025) लिखा है। सिक्के पर एक तरफ 100, सत्यमेव जयते और भारत/इंडिया लिखा है। दूसरी तरफ, भारत माता और संघ कार्यकर्ताओं की आकृति उकेरी गई है। पीएम ने कहा कि डटकर मुकाबला करना है। दूसरे देशों पर -शेष पृष्ठ दो पर

### चैतन्यानंद के कॉलेज से सेक्स टॉय व पोर्न सीडी मिली

**नई दिल्ली।** छात्राओं के यौन शोषण के आरोपी स्वामी चैतन्यानंद सरस्वती उर्फ पार्थ सारथी जिस कॉलेज में पढ़ाता था। उसके कैंपस से पुलिस को एक सेक्स टाय और पांच पोर्न सीडी मिली हैं। दिल्ली पुलिस बुधवार को चैतन्यानंद को लेकर कैंपस में छापेमारी करने गई थी। तलाशी के दौरान पुलिस को अश्लील सामग्री के अलावा प्रधानमंत्री मोदी, पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा और ब्रिटेन के एक अन्य नेता के साथ कथित तौर पर स्वामी की जाली तस्वीरें भी मिलीं। एक दिन पहले पुलिस ने चैतन्यानंद के मोबाइल से कई महिलाओं की चैट बरामद की थी।

### कॉमर्शियल एलपीजी सिलेंडर हुआ महंगा

**नई दिल्ली।** तेल विपणन कंपनियों ने बुधवार से वाणिज्यिक एलपीजी (रसोई गैस) सिलेंडर की कीमतों में बढ़ोतरी की है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में बुधवार से 19 किलोग्राम वाले वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर के दाम 15.50 रुपये बढ़ गए हैं। वहीं 14.12 किलोग्राम वाले घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। इससे पहले इस साल मार्च के बाद लगातार छह बार वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में कटौती की गई थी। देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन की वेबसाइट के अनुसार, दिल्ली में बुधवार से वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर 1,580 रुपये की बजाय 1,595.50 रुपये का मिलेगा।

### सितम्बर में GST संग्रह 9.1% बढ़कर 1,89,017 करोड़ पर

**नई दिल्ली।** जीएसटी के तहत कुल राजस्व संग्रह सितम्बर 2025 में सालाना आधार पर 9.1 प्रतिशत बढ़कर 1,89,017 करोड़ रुपये रहा। उल्लेखनीय है कि सितम्बर 2024 में सकल जीएसटी राजस्व 1,73,240 करोड़ रुपये रहा था। चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में अप्रैल से सितम्बर तक कुल जीएसटी राजस्व संग्रह पिछले वित्त वर्ष की पहली छमाही की तुलना में 9.8 फीसदी बढ़कर 11,93,431 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। सितम्बर में कुल जीएसटी रिफंड 40.1 प्रतिशत बढ़कर 28,657 करोड़ रुपये हो गया।

## केंद्र सरकार ने दिवाली से पहले दिया तोहफा

# केंद्रीय कर्मचारियों का महंगाई भत्ता 3 % बढ़ा

■ 49 लाख कर्मचारी, 68 लाख पेंशनर्स को फायदा, एक जुलाई से लागू, तीन महीने का एरियर मिलेगा

■ 57 नए केंद्रीय विद्यालयों की भी मिली मंजूरी, गेहूं का एमएसपी 160 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ा

शाह टाइम्स ब्यूरो





**नई दिल्ली।** केंद्र ने दिवाली और दशहरा से पहले केंद्रीय कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में 3 प्रतिशत की बढ़ोतरी कर दी है। यह इजाफा एक जुलाई से लागू होगा। कर्मचारियों को 3 महीने का एरियर मिलेगा। यह फैसला बुधवार को पीएम मोदी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट मीटिंग में लिया गया।

अब कर्मचारियों का महंगाई भत्ता 55 प्रतिशत से बढ़कर 58 प्रतिशत हो जाएगा। इसका लाभ 49.2 लाख केंद्रीय कर्मचारियों और 68.7 लाख पेंशनर्स को मिलेगा। इससे केंद्र सरकार के खजाने पर 10,084 करोड़ रुपये का भार आएगा। मार्च महीने में महंगाई भत्ते में 2 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई थी। तब यह 7 साल में सबसे कम इजाफा था। आमतौर पर महंगाई भत्ते में बढ़ोतरी 3 प्रतिशत से 4 प्रतिशत के बीच होती है, लेकिन उस वक्त बढ़ोतरी सिर्फ 2 प्रतिशत की गई थी। महंगाई बढ़ने के बावजूद सरकारी कर्मचारियों और पेंशनधारकों के जीवन स्तर को बनाए रखने के लिए महंगाई भत्ता यानी, डीए दिया जाता है। डीए की दरें ऑल इंडिया कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स (एआईसीपीआई) के आधार पर तय होती हैं, और यह हर 6 महीने में अपडेट होती है। कैबिनेट बैठक में 57 नए केंद्रीय विद्यालयों को मंजूरी दी गई है। इसमें से 7 गृह मंत्रालय के अंतर्गत आएंगे। वहीं 50 विद्यालयों को राज्य सरकार संभालेगी। इनमें से 20 स्कूल उन जिलों में खोले जाएंगे जहां पहले से कोई केंद्रीय विद्यालय नहीं है। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि गेहूं की एमएसपी 160 रुपये प्रति कुंतल बढ़ाकर 2,585 रुपये प्रति कुंतल कर दिया गया है। वहीं रबी सीजन 2026-27 में सरकार 297 लाख मीट्रिक टन गेहूं की खरीद का अनुमान लगा रही है। रबी सीजन 2026-27 के दौरान अनुमानित खरीद 297 लाख मीट्रिक टन होने की संभावना है और प्रस्तावित एमएसपी पर किसानों को भुगतान की जाने वाली राशि 84,263 करोड़ रुपये है। कैबिनेट ने एनएच-715 पर कालिबोर-नुमालिगढ़ के बीच 86 किलोमीटर लंबे रास्ते को फोर-लेन बनाने की मंजूरी दी। ये हाईवे तेजपुर और झांजी को जोड़ता है। फिलहाल, इस पर कुछ दूरी दो लेन की है। इस पर 6,967 करोड़ रुपये खर्च आएगा। बायोमेडिकल रिसर्च करियर प्रोग्राम के तीसरे फेज को भी मंजूरी मिली है, जिसपर 1,500 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। पहले दो फेज पूरे हो चुके। जिस पर सरकार ने कुल 2,388 करोड़ रुपये खर्च किए थे और 721 अनुदान जारी किए थे। थर्ड फेज के तहत 401 रिसर्चर को 6 साल तक सपोर्ट। इसमें 192 रिसर्च फेलोशिप, 106 अनुदान और 103 रिसर्च मैनेजमेंट शामिल है।

# जस की तस रहेगी लोन की ईएमआई

## आरबीआई ने रेपो रेट 5.5 प्रतिशत पर स्थिर रखा

■ जीएसटी में सुधारों से महंगाई पर पड़ेगा असर

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति ने सर्वसम्मति से रेपो रेट को 5.5 फीसदी पर बरकरार रखने का फैसला किया है। आरबीआई के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने बुधवार को एमपीसी की तीन दिन चली बैठक के बाद इस फैसले की जानकारी दी।

तमाम बाजार विश्लेषकों की ओर से ब्याज दरों में कटौती के दावों के बीच अनुमान जताया गया था कि आरबीआई एमपीसी इस बार नीतिगत दरों को स्थिर रखेगी। आरबीआई के इस फैसले से जस की तस रहेगी लोन की ईएमआई। आरबीआई गवर्नर ने बुधवार को नीतिगत दरों को बरकरार रखने का ऐलान करते हुए बताया कि अनुकूल मानसून, कम मुद्रास्फीति और मौद्रिक नरमी से आर्थिक वृद्धि की संभावना मजबूत बनी हुई है। आरबीआई गवर्नर ने एमपीसी के फैसलों का एलान करते हुए कहा कि जीएसटी को युक्तिसंगत बनाने से महंगाई पर मजबूत असर पड़ेगा। इसके साथ ही उपभोग और विकास को प्रोत्साहन मिलेगा। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा कि मौद्रिक नीति समिति ने नीतिगत दर को 5.5 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रखने का निर्णय लिया।

### यूपीआई लेनदेन पर शुल्क का प्रस्ताव नहीं

**मुंबई।** आरबीआई के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने बुधवार को कहा कि यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) के माध्यम से लेनदेन पर शुल्क लगाने का फिलहाल कोई प्रस्ताव नहीं है। श्री मल्होत्रा ने केंद्रीय बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक के बाद एक संवाददाता सम्मेलन में इस संबंध में पूछे गए प्रश्न के उत्तर में कहा कि फिलहाल यूपीआई लेनदेन पर शुल्क लगाने का कोई प्रस्ताव आरबीआई की ओर से नहीं है। लोन पर स्मार्टफोन खरीदने के बाद उसकी किस्त न भर पाने की स्थिति में बैंक को फोन लॉक करने का अधिकार देने के बारे में पूछे जाने पर आरबीआई गवर्नर ने कहा कि यह अभी परीक्षणाधीन है।

Global HR Solutions
Kyrgyzstan (Bishkek)
जल्द जरूरत है !
जॉब्स उपलब्धः
• वेल्डर (3G & 4G ARC) • राज मिस्त्री
• कंस्ट्रक्शन लेबर • सिलाई टेलर
वेतनः 700 USD प्रति माह (नेट)
टैक्स कम्पनी देगी
आवश्यक दस्तावेजः
• रेफरेन • योग्यता प्रमाणपत्र
• सर्विस सर्टिफिकेट • वेल्डर टेस्ट रिपोर्ट
सम्पर्क करें :-
+91 8630026067

# एनसीआरबी रिपोर्ट: देश में सात प्रतिशत बढ़ा क्राइम





**नई दिल्ली।** नेशनल क्राइम रिकॉर्ड्स ब्यूरो (एनसीआरबी) ने मंगलवार को देश में 2023 के दौरान हुए अपराधों की रिपोर्ट सार्वजनिक की। रिपोर्ट के मुताबिक, 2023 में देश में कुल 62 लाख 41 हजार 569 अपराध दर्ज हुए। ए 2022 की तुलना में 7.2 फीसदी ज्यादा हैं।

देशभर में महिलाओं पर 4.48 लाख अपराध दर्ज हुए, जो 10 साल में सबसे ज्यादा हैं। दुष्कर्म के मामलों में राजस्थान (5,078 केस)का पहला स्थान है। हत्या के मामले में यूपी (3,206 केस) सबसे आगे है। वहीं, देशभर में बड़े क्राइम जैसे हत्या, दुष्कर्म और लूट के मामलों में कमी देखी गई है। हालांकि इनमें दुष्कर्म के केस सबसे ज्यादा दर्ज किए गए। दूसरे नंबर पर हत्या और तीसरे पर लूट के केस दर्ज हुए। इस रिपोर्ट के मुताबिक राज्यों में हत्या और अपहरण के मामलों में उत्तर प्रदेश और बिहार सबसे ऊपर हैं। यानी गंभीर अपराधों की संख्या अन्य राज्यों की तुलना में इन दोनों राज्यों में सबसे अधिक है। इसके अलावा, सड़क दुर्घटनाओं के मामलों में भी यूपी टॉप पर है, जो राज्य में बढ़ती ट्रैफिक और सुरक्षा व्यवस्था की चिंताओं को दर्शाता है। देशभर में साइबर क्राइम के मामलों में 31 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। 2023 में कुल 86,420 केस दर्द किए गए। साइबर के माध्यम से हत्या के मामले में यूपी, दुष्कर्म में राजस्थान और लूट में महाराष्ट्र सबसे आगे रहा। देश में सबसे कम साइबर क्राइम सिक्किम में दर्ज किए गए। 2023 में बच्चों के खिलाफ अपराधों की दर 39.9 प्रति एक लाख बाल जनसंख्या रही, जो 2022 में 36.6 थी। इन मामलों में अपहरण (79,884, 45 फीसदी) और पाक्सो एक्ट के तहत अपराध (67,694, 38.2 फीसदी) सबसे प्रमुख रहे।

अतिशय क्षेत्र वहलना के जैन मन्दिर की रथ यात्रा
में सम्मिलित होने वाले सभी श्रद्धालुओं का
हार्दिक अभिनंदन
PARAS TMT
Leaders in TMT Bars
विपिन कुमार जैन ★ संजय कुमार जैन ★ राजीव कुमार जैन
चेयरमैन डायरेक्टर डायरेक्टर

## संक्षिप्त समाचार

### अतीक का बेटा अली अहमद झांसी जेल में स्थानांतरित

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में केंद्रीय कारागार नैनी में पिछले 38 महीने से बंद अतीक अहमद के बेटे अली अहमद को बुधवार सुबह कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच झांसी जेल में ट्रांसफर कर दिया गया। प्रयागराज के प्रॉपर्टी डीलर से पांच करोड़ रुपये रंगदारी मांगने के आरोप में अली अहमद 30 जुलाई 2022 से नैनी जेल के हाई सिक्योरिटी सेल में बंद था। उसका नाम उमेश पाल हत्याकांड में भी आया है। बुधवार को नैनी जेल प्रशासन को देर रात शासन से ट्रांसफर का आदेश मिला, जिसके बाद सुबह करीब आठ बजे भारी पुलिस बल के साथ अली को झांसी के लिए रवाना किया गया। इस दौरान सख्त सुरक्षा प्रबंध किए गए। बताया जा रहा है कि 17 जून को डीआईजी जेल के औचक निरीक्षण में अली के बैरक में 1100 रुपये नकद मिले थे, जिसके बाद जेलकर्मियों पर कार्रवाई हुई थी। इसी के चलते अली को अन्य जेल में शिफ्ट किए जाने की प्रक्रिया तेज हुई थी।

### जुबीन गर्ग मौत में नामजद आरोपियों को हिरासत में भेजा

**गुवाहाटी।** विश्व विख्यात गायक जुबीन गर्ग की मौत के मामले में दर्ज एफआईआर में नामजद दो आरोपियों श्यामक.ानु महंत और सिद्धार्थ शर्मा को बुधवार को एक अदालत ने विशेष जांच दल (एसआईटी) की 14 दिनों की हिरासत में भेज दिया । एसआईटी ने दोनों आरोपियों को मंगलवार देर रात दिल्ली में गिरफ्तार किया गया और आज सुबह गुवाहाटी स्थित मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के आवास पर पेश किया, जहां मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने सुनवाई करते हुए उन्हें 14 दिनों की हिरासत में भेज दिया।

# कश्मीरियों को बंदूक से डरा रही भाजपा: मुफ्ती

## कहा: लोगों को जबरन राष्ट्रगान के लिए खड़ा किया जा रहा

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ पीडीपी प्रमुख ने 15 युवाओं को हिरासत में लिए जाने की निंदा की


■ पुलिस स्कूल की जमीन पर शहीद स्मारक बनाने की योजना बना रही

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने श्रीनगर में राष्ट्रगान के दौरान खड़े न होने के आरोप में 15 युवाओं को हिरासत में लिए जाने की निंदा की। उन्होंने कहा कि कश्मीर में लोगों को जबरन, यहां तक कि बंदूक की नोक पर राष्ट्रगान के लिए खड़ा किया जा रहा है।

पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष मुफ्ती ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि भाजपा ने हालात ऐसे बना दिए हैं कि लोगों को राष्ट्रगान के लिए मजबूर किया जा रहा है। जब मैं स्टूडेंट थी, तो हम अपनी इच्छा से राष्ट्रगान के सम्मान में खड़े होते थे, लेकिन अब यह दबाव डालकर करवाया जा रहा है। यह सरकार की विफलता है। दरअसल, 30 सितम्बर की शाम श्रीनगर के टीआरसी फुटबक्लल मैदान राष्ट्रगान हुआ। इस दौरान वहां मौजूद 15 युवक खड़े नहीं हुए। मामला सामने आने पर पुलिस ने सभी को हिरासत में लिया था। महबूबा मुफ्ती ने बुधवार को श्रीनगर में मुस्लिम एजुकेशनल ट्रस्ट (एमईटी) स्कूल का दौरा किया। मुफ्ती ने मुस्लिम एजुकेशनल ट्रस्ट स्कूल के मैदान का दौरा करने के बाद कहा कि पुलिस इस जमीन पर शहीद स्मारक बनाने की योजना बना रही है, जिससे स्थानीय लोगों और युवाओं को खेल का मैदान खोना पड़ सकता है। हमारे खेल मैदान छीने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मैं डीजीपी से आग्रह करती हूं कि इस मैदान को बचाया जाए। इसके अलावा उन्होंने चटाबल इलाके के डेयरी फार्म मैदान का भी दौरा किया। यहां स्थानीय लोग लंबे समय से इसे सार्वजनिक खेल मैदान के रूप में बचाए रखने की मांग कर रहे हैं। यह मैदान दशकों से खेलों के लिए इस्तेमाल हो रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने भी मन की बात में पुलवामा की नाइट क्रिकेट प्रतियोगिता की सराहना की थी। इसलिए सेना को भी चाहिए कि यह मैदान युवाओं से न छीना जाए।

# उप्र में मृतक आश्रित कोटे में अब उच्च पद पर नहीं मिलेगी नौकरी

शाह टाइम्स ब्यूरो




**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में समूह ग और घ के पद पर कार्यरत कर्मचारी की सेवाकाल के दौरान मौत होने पर उसके आश्रित को उसी श्रेणी से उच्च पदों पर नौकरी नहीं दी जाएगी।

प्रमुख सचिव कार्मिक एम देवराज ने इसके लिए उत्तर प्रदेश सेवाकाल में मृत सरकारी सेवकों के आश्रितों की भर्ती (चौदहवां संशोधन) नियमावली-2025 जारी कर दी है। नियमावली के नियम 5 (1) में इसका प्रावधान कर दिया गया है। अब मृतक सरकारी सेवक जिस समूह में मृत्यु के समय कार्यरत था, उसके आश्रित को उस समूह से उच्चतर वर्ग में नौकरी नहीं दी जाएगी। नौकरी पाने के दौरान यदि उसे टाइपिंग नहीं आती है, तो उसे एक साल में कम से कम 25 शब्द प्रति मिनट करना सीखना होगा। अनुकंपा पर नौकरी पाने वाला यदि एक साल में टाइपिंग नहीं सीख पाता है तो उसे चतुर्थ श्रेणी के पद पर कर दिया जाएगा और वह तय समय में कार्यभार ग्रहण नहीं करता है, तो उसकी सेवा समाप्त कर दी जाएगी। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की परिधि में आने वाले पदों या पूर्व में इसमें आने वाले या फिर उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग से भर्ती होने वाले पदों पर आश्रितों को अनु.कंपा पर नौकरी नहीं दी जाएगी। सुप्रीम कोर्ट में दाखिल प्रेमलता बनाम राज्य सरकार व अन्य में 5 अक्तूबर 2021 में पारित आदेश के आधार पर यह फैसला किया गया है।

# योगी के खिलाफ अभद्र टिप्पणी के विरोध में सिख समाज ने दिया

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** महाराष्ट्र के मौलाना द्वारा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री व गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ पर की गई अभद्र टिप्पणी के खिलाफ बुधवार को प्रदेश के 45 जिलों से आए सिख समाज के प्रतिनिधियों ने लखनऊ में धरना देकर विरोध दर्ज कराया।

इस दौरान लखनऊ की पूर्व महापौर संयुक्ता भाटिया भी साथ मे थी। परिवर्तन चौक पर धरना दे रहे सिख समाज ने मौलाना के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। गुरु गोविन्द सिंह सेवा समिति उप्र के महामंत्री सरदार परवीन्दर सिंह एडवोकेट ने कहा की सिख समाज सभी धर्मो का सम्मान करता है एवं राष्ट्र के प्रति सदैव समर्पित रहता है। महाराष्ट्र के मौलाना के द्वारा जिस प्रकार से मुख्यमंत्री के विषय में निष्कृष्ट शब्दों का उपयोग किया गया है, वह अत्यन्त निन्दनीय है व असहनीय है। उन्होंने कहा कि उप्र का सिख समाज एकत्र होकर आज यहां यह संदेश देना चाहता है कि मुख्यमंत्री जो कि सिख गुरुओ के प्रति गहरी श्रद्धा एवं आस्था रखते है एवं संत प्रवृत्ति के है। ऐसे कर्म योगी के विषय में कोई भी अनैतिक कार्य सिख समाज बर्दाश्त नही करेगा एवं स्वयं ढाल बनकर खड़ा होगा। कानपुर से आए हुए उत्तर प्रदेश सिख फाउण्डेशन के अध्यक्ष अजीत सिंह छाबड़ा एवं सरदार खीन्दर सिंह रिन्कू तथा गुरुविन्दर वासू एवं राजेन्द्र सिंह नीटा ने मुख्यमंत्री के द्वारा सिख समाज के लिए किए गए कार्यो के विषय में विस्तार से बताया। बहराइच गुरुद्वारा प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष मनदीप सिंह वालिया ने मुख्यमंत्री को सनातन धर्म रक्षक बताया एवं उनके लिए सदैव खड़े रहने की बात कही।

## आरएसएस ने देश को फायदा पहुंचाने वाला कोई काम नहीं किया

# संघ के सौ साल पर कांग्रेस ने उठाए सवाल

शाह टाइम्स ब्यूरो




■ कहा: इस संगठन ने हिंदुओं और मुस्लिमों का सांप्रदायिक विभाजन कर, देश को दो टुकड़ों में बांटकर खोखला कर दिया

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) 100 साल का हो चुका है, लेकिन अपनी स्थापना से अब तक उसने कोई ऐसा काम नहीं किया जिससे देश को फायदा हुआ है।

कांग्रेस ने बुधवार को यहां सोशल मीडिया पर एक बयान में संघ पर अंग्रेजों का मुखबिर होने का आरोप लगाया और कहा कि इस संगठन ने हिंदुओं और मुस्लिमों का सांप्रदायिक विभाजन कर, देश को दो टुकड़ों में बांटकर खोखला कर दिया है। पार्टी ने कहा कि संघ का आज शताब्दी वर्ष है लेकिन इन सौ वर्षों में इस संगठन ने एक भी काम ऐसा नहीं किया जिससे देश को नुकसान छोड़ कोई फायदा पहुंचाया हो। पार्टी ने संघ को देश को बांटने वाला संगठन बताया और कहा कि आजादी के आंदोलन के दौरान उसके नेता न जेल गए और न ही अंग्रेजों ने उस पर कभी प्रतिबंध लगाया था। कांग्रेस ने तीखा हमला करते हुए कहा कि 1942 में अंग्रेजों के खिलाफ शुरू हुए भारत छोड़ो आंदोलन में जब पूरा देश जेल जा रहा था, तब संघ इस आंदोलन को दबाने में अंग्रेजों की मदद कर रहा था। पार्टी ने आरोप लगाया कि इस संगठन का एक भी नेता आजादी की लड़ाई में जेल नहीं गया और महात्मा गांधी, भगत सिंह और चंद्रशेखर आजाद जैसे देशभक्तों और क्रांतिकारियों को अराजक कहकर ब्रिटिश शासन के पक्ष में काम करता रहा। पार्टी

### संघ बताए, सौ साल में दलितों, पिछड़ों का प्रतिनिधित्व क्यों नहीं किया : संजय सिंह

**लखनऊ।** आरएसएस) के 100 वर्ष पूरे होने पर आम आदमी पार्टी उत्तर प्रदेश के प्रभारी व राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने आरएसएस पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

उन्होंने कहा कि आरएसएस में राष्ट्रीय शब्द लगा होने के बावजूद, यह संगठन देश की 85 प्रतिशत आबादी (दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों) का प्रतिनिधित्व क्यों नहीं करता है। बुधवार को सांसद संजय सिंह ने पूछा कि 100 सालों के इतिहास में एक भी दलित, पिछड़ा या आदिवासी आरएसएस का प्रमुख क्यों नहीं बना। उन्होंने आश्चर्य व्यक्त किया कि आज तक एक भी महिला को भी संघ का प्रमुख क्यों नहीं बनाया गया। उन्होंने आरएसएस पर मनुवादी व्यवस्था और जातीय भेदभाव तथा छुआछूत की व्यवस्था में विश्वास रखने का आरोप लगाया और कहा कि यह संगठन बाबा साहब भीमराव अंबेडकर और उनके संविधान के खिलाफ है। उन्होंने जनता से ऐसे संगठनों से सावधान रहने की अपील की। संजय सिंह ने आरएसएस के आजादी के आंदोलन में योगदान पर सवाल उठाते हुए कहा कि इस सच्चाई को देश की जनता को जानना बहुत जरूरी है।

ने संघ पर यह भी आरोप लगाया कि उसने संविधान निर्माण के लिए अपने एक भी प्रतिनिधि को संविधान सभा में नहीं भेजा था इसलिए शुरु से ही वह (संघ) संविधान को नकारता रहा है।


सेंसेक्स 80956.01
निफ्टी 24782.70


सोना रु. 117332
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार


चांदी रु. 145120
प्रति किलो



# झूमा शेयर बाजार, सेंसेक्स भी उछला



**मुंबई।** मौद्रिक नीति और सुधारों पर रिजर्व बैंक के बयान के बाद बुधवार को घरेलू शेयर बाजारों में जबरदस्त तेजी देखी गई और लगातार आठ कारोबारी सत्रों की गिरावट से उबरता हुआ बीएसई का सेंसेक्स लगभग 716 अंक उछल गया।

केंद्रीय बैंक ने आज बैंकिंग में सुधार और ऋण उठाव को बढ़ावा देने के लिए कई प्रस्तावों की घोषणा की। इससे निजी बैंकों के शेयरों में अच्छी खासी तेजी देखी गई। टाटा मोटर्स के वाणिज्यिक और यात्री वाहनों के कारोबार को अलग करने के लिए रिकॉर्ड डेट की घोषणा के बाद उसके शेयरों में 5.54 प्रतिशत का उछाल देखा गया। सेंसेक्स 715.69 अंक (0.89 प्रतिशत) की तेजी के साथ 80,983.31 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 225.20 अंक यानी 0.92 प्रतिशत चढ़कर 24,836.30 अंक पर पहुंच गया। मझौली और छोटी कंपनियों में भी इसी तरह की तेजी रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.87 प्रतिशत और स्मॉलकैप.100 सूचकांक 1.10 प्रतिशत बढ़ गया। एनएसई में निजी बैंकिंग सेक्टर का सूचकांक 1.97 प्रतिशत और फार्मा का 1.30 प्रतिशत की बढ़त में बंद हुआ। स्वास्थ्य समूह, रियलिटी, ऑटो, आईटी और तेल एवं गैस सेक्टरों में भी निवेशक लिवाल रहे। सार्वजनिक बैंकों के सेक्टर को छोड़कर अन्य सभी में तेजी रही। एनएसई की जिन 3,159 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ उनमें से 2,199 में बढ़त में और 875 गिरावट में बंद हुए जबकि अन्य 85 कंपनियों के शेयर अंततः अपरिवर्तित रहे। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 22 के शेयर हरे निशान में बंद हुए। टाटा मोटर्स का शेयर सबसे अधिक 5.54 प्रतिशत चढ़ा। कोटक महिंद्रा बैंक में 3.45 प्रतिशत, ट्रेंट में 3.31 प्रतिशत, सनफार्मा में 2.58 फीसदी और एक्सिस बैंक में 2.43 फीसदी की तेजी रही। आईसीआईसीआई बैंक का शेयर 1.77 प्रतिशत, एचडीएफसी बैंक का 1.48 प्रतिशत, अडानी पोर्ट्स का 1.33 प्रतिशत, महिंद्रा एंड महिंद्रा का 1.26 प्रतिशत, टेक महिंद्रा का 1.20 प्रतिशत, इटरनल का 1.06 प्रतिशत, टाइटन का 1.04 प्रतिशत और आईटीसी का 1.01 प्रतिशत की बढ़त में बंद हुआ। टीसीएस, हिंदुस्तान यूनीलिवर, बीईएल, रिलायंस इंडस्ट्रीज और इंफोसिस के शेयर भी हरे निशान में रहे। सबसे अधिक 1.10 फीसदी की गिरावट बजाज फाइनेंस में देखी गई। भारतीय स्टेट बैंक का शेयर 0.97 फीसदी, अल्ट्राटेक सीमेंट का 0.86 फीसदी और टाटा स्टील का 0.71 फीसदी टूट गया।

# सोना-चांदी के दाम ऑलटाइम हाई पर

**मुंबई।** सोने-चांदी के दाम एक अक्टूबर को एक बार फिर ऑलटाइम हाई पर पहुंच गए हैं। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 1,983 रुपये बढ़कर 1,17,332 रुपए पर पहुंच गया। इससे पहले ये 1,15,349 रुपये पर था। वहीं चांदी की कीमत भी 2,686 रुपये महंगी होकर 1,45,120 पर पहुंच गई। कल ये 1,42,434 रुपये पर थी। इस साल अब तक सोने की कीमत करीब 41,170 रुपये बढ़ी है। 31 दिसम्बर 2024 को 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 76,162 रुपये का था, जो अब 1,17,332 रुपये हो गया है। चांदी का भाव भी इस दौरान 59,103 रुपये बढ़ गया है। 31 दिसंबर 2024 को एक किलो चांदी की कीमत 86,017 रुपए थी, जो अब 1,45,120 रुपये प्रति किलो हो गई है। 1.55 लाख रुपये तक जा सकता है सोना गोल्डमैन सैक्स की एक हालिया रिपोर्ट के अनुसार, बैंक ने अगले साल तक सोने के लिए 5000 डालर प्रति औंस का टारगेट रखा है। मौजूदा एक्सचेंज रेट के हिसाब से रुपये में यह लगभग 1,55,000 रुपये प्रति 10 ग्राम होगा।

# बुनियादी बचत खातों पर भी मिलेगी डिजिटल बैंकिंग की सुविधा

**मुंबई।** बुनियादी बचत बैंक खातों पर भी अब न्यूनतम बैलेंस की अर्हता के बिना डिजिटल बैंकिंग की सुविधा मिलेगी।

रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने बुधवार को केंद्रीय बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की तीन दिवसीय बैठक के बाद जारी बयान में कहा किबुनियादी बचत बैंक खाताधारकों को न्यूनतम बैलेंस न रखने के लिए कोई शुल्क लगाए बिना दी जाने वाली सेवाओं में डिजिटल बैंकिंग (मोबाइल/इंटरनेट बैंकिंग) को भी शामिल करने का प्रस्ताव है। इस संबंध में जारी बयान में कहा गया है कि बुनियादी बचत खातों पर कुछ बुनियादी सुविधाएं बिना किसी शुल्क के मिलती हैं। मौजूदा परिस्थितियों में लोगों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए इसका विस्तार करने की योजना है ताकि वित्तीय समावेशन बढ़ सके।

इसके अलावा, आम लोगों की सुविधा के लिए बैंकों में दो आंतरिक ओम्बुड्समैन की प्रणाली को मजबूती प्रदान कर शिकायत निवारण को ज्यादा प्रभावी बनाया जाएगा। साथ ही, रिजर्व बैंक ओम्बुड्समैन योजना में भी बदलाव किए जाएंगे और इसमें ग्रामीण सहकारी बैंकों को भी शामिल किया जाएगा।

### चौहान ने बढ़े एमएसपी पर जताई खुशी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बुधवार को कहा कि दलहन मिशन और रबी फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में हुए इजाफे से खेती और किसानों के कल्याण पर खासा असर पड़ेगा। उन्होंने यहां जारी एक बयान में कहा कि वह देश के किसानों की ओर से इन निर्णयों के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त करते हैं। ये फैसले देश की खाद्य, पोषण सुरक्षा और किसान कल्याण और कृषि पैदावार के क्षेत्र में दीर्घकालिक सकारात्मक प्रभाव डालेंगे। उन्होंने आगे कहा कि सरकार ने किसान हित को सर्वोपरि मानते हुए संसाधनों एवं योजनाओं को समग्र रुप से जोड़ने की दिशा बनाई है और यह किसानों के प्रति मोदी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता को दर्शाता है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**मुजफ्फरनगर...**जीजा और ड्राइवर की मौत हो गई। ट्रक चालक ट्रक सहित मौके से फरार हो गया। हादसा बुधवार सुबह 6 बजे के करीब पानीपत-खटीमा हाईवे 709 एडी पर जयत्रिदेव फेमिली ढाबा (तितावी) के सामने हुआ। हादसा इतना भीषण था कि अर्टिगा कार संख्या एचआर 97ए-4097 पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। टक्कर के बाद चीख-पुकार मच गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि अर्टिगा का अगला हिस्सा ट्रक में फंस गया। मो. हिनी, पीयूष, राजेंद्र, विम्मी और ड्राइवर शिवा की मौके पर मौत हो चुकी थी। अंजू और हार्दिक गंभीर रूप से घायल थे। मृतक करनाल के फरीदपुर और पानीपत के रहने वाले थे। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भिजवा दिया। एम्बुलेंस बुलाकर दोनों घायलों को तुरंत बघरा सीएचसी ले जाया गया। यहां से अंजू को मुजफ्फरनगर रेफर कर दिया गया जहां अस्पताल में अंजू ने भी दम तोड़ दिया। हार्दिक की गंभीर हालत को देखते हुए डाक्टरों ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। परिवार के लोग उसे पानीपत के लिए निजी अस्पताल में लेकर आए हैं। दूसरी गाड़ी ब्रेजा को ड्राइवर संदीप चला रहा था। इस गाड़ी में महेंद्र का भाई आत्मप्रकाश, सुरेंद्र, बहन मंजू और उसका साला बाबू था। हादसे के बाद इन लोगों का रो-रोकर बुरा हाल था। महेंद्र की सेनेटरी की दुकान थी-महेन्द्र के भाई राजेंद्र ने बताया कि भाई महेंद्र जुनेजा की पिछले 7 साल से पानीपत में सेनेटरी स्टोर की दुकान है। उसके 2 बेटे- पीयूष और हार्दिक हैं। पीयूष ने 12वीं करने के बाद कॉलेज में एडमिशन लिया था। हादिक 10वीं क्लास में था। पिता के बीमार होने के बाद दोनों भाई दुकान संभालते थे। एसएसपी संजय वर्मा और जिलाधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे और जानकारी ली। एसएसपी ने बताया की हादसे में हरियाणा के करनाल जिले के रहने वाले 6 लोगों की मौत हुई है।

**घुसपैठियों से..** आर्थिक निर्भरता, डेमोग्राफी में बदलाव के षड्यंत्र जैसी चुनौतियों से हमारी सरकार तेजी से निपट रही है। स्वयंसेवक होने के नाते मुझे खुशी है कि संघ ने इसके लिए ठोस रोडमैप भी बनाया है। घुसपैठियों से बड़ी चुनौती मिल रही है। हमें इससे सतर्क रहना है। पीएम ने कहा कि विभाजन की पीड़ा ने लाखों परिवारों को बेघर किया। स्वयं सेवक सबसे आगे खड़े थे। यह केवल राहत नहीं राष्ट्र की आत्मा को संबल देने का काम था। 1956 में अंजार के भूकंप में भी स्वयं सेवक राहत बचाव में जुटे थे। गुरुजी ने लिखा था कि किसी दूसरे के दुख को दूर करने खुद कष्ट उठाना निस्वार्थ हृदय का परिचायक है। उन्होंने कहा, 1962 के युद्ध के समय स्वयं सेवकों ने सीमा पर जवानों की मदद की। 1971 के युद्ध के बाद में देश में आए लोगों को सहायता दी। 1984 के दौरान सिख दंगों के पीड़ितों की मदद की।

# खेत में काम करने से मना किया, तो किसान ने दो किशोरों को मार डाला फिर पत्नी और बच्चियों संग दी जान

■ बहराइच के निंदुनपुरवा टेपरहा गांव में दिल दहला देने वाली घटना

**बहराइच।** बहराइच के निंदुनपुरवा टेपरहा गांव में बुधवार सुबह एक ग्रामीण ने दो किशोरों को खेत में लहसुन की बोवाई के लिए बुलवाया, सभी ने लहसुन की बोवाई से इन्कार किया, तो धारदार हथियार से वार कर उनकी हत्या कर दी। इसके बाद खुद को परिवार सहित कमरे में बंद कर आग के हवाले कर दिया। फायर ब्रिगेड और पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया।

इस अग्निकांड में दंपती व दो बेटियों समेत चार लोग जिंदा जल गए, चार मवेशियों की भी झुलसकर मौत हुई है। गांव निवासी विजय कुमार खेती बाड़ी और पशुपालन का काम करता था। बुधवार सुबह खेत में लहसुन की बोवाई के लिए विजय ने गांव निवासी सूरज यादव (14)पुत्र लच्छी राम और सनी वर्मा (13) पुत्र ओमप्रकाश को घर बुलवाया। दोनों ने नवरात्र का अंतिम दिन होने के चलते घर पर काम अधिक होने की बात कह कर खेत में काम करने से इन्कार कर दिया। इसी बात से गुस्साए विजय ने अपने घर के आंगन में धारदार हथियार से दोनों की हत्या कर दी। इसके बाद विजय ने खुद को पत्नी व बेटियों सहित कमरे के अंदर बंद कर घर में आग लगा ली। आग लगने पर कमरे में बंद लोगों ने चीखना चिल्लाना शुरू किया।

गांव के लोग दौड़े, लेकिन आंगन में लहूलुहान दो लाशों को देखकर सभी के होश उड़ गए। उधर कमरे के अंदर आग की लपटों से घिरे लोग चीख चिल्ला रहे थे। सूचना पर फायर ब्रिगेड और रामगांव थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। किसी तरह आग पर काबू पाया गया। रामगांव थाना अध्यक्ष ने बताया कि सूरज यादव और सनी वर्मा की धारदार हथियार से हत्या की गई है। कमरे के अंदर से विजय यादव उसकी पत्नी और दो बेटियों के शव निकाले गए हैं। उप जिलाधिकारी सदर पूजा चौधरी, पुलिस क्षेत्राधिकार महसी मौके पर पहुंचे हैं।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहॉलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

उत्तराखण्ड शासन

समस्त प्रदेशवासियों को

विजयादशमी

की

हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएँ



प्रिय प्रदेशवासियों,

आप सभी को विजयादशमी पर्व की हार्दिक शुभकामनाएँ।

यह पर्व मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम द्वारा अधर्म पर धर्म की जीत का प्रतीक है। भगवान श्रीराम का जीवन हमें एक श्रेष्ठ समाज और महान राष्ट्र के निर्माण की प्रेरणा देता है। आपके मुख्य सेवक के रूप में जनता की सेवा ही मेरे लिए प्रभु श्रीराम की सेवा है और उत्तराखण्ड का विकास ही मेरे लिए राम काज है।

आइए, आज के पावन अवसर पर हम संकल्प लें कि हम भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के मार्गदर्शन में देवभूमि उत्तराखण्ड को सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाएंगे।

पुष्कर सिंह धामी
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड

सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी | www.uttarainformation.gov.in | DIPR_UK | UttarakhandDIPR | UttarakhandDIPR

# जिला अस्पताल में राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस का हुआ आयोजन

**■ 17 सितम्बर से अब तक जनपद में 40299लोगों की स्वास्थ्य जांच**




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी :** राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस एवं ष्स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियानष के तहत जिला चिकित्सालय उत्तरकाशी में आईटीबीपी मातली के जवानों, एवं एनसीसी उत्तरकाशी द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। जिसमें 16 रक्तदाताओं ने रक्तदान एवं 101 रक्तदाताओं द्वारा रक्तदान के लिए अपना पंजीकरण करवाया गया।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ बी एस रावत एवं प्रमुख अधीक्षक डॉ पी एस पोखरियाल द्वारा सभी रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए सम्मानस्वरूप प्रमाण पत्र दिए गए।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि पखवाड़े की शुरुआत से अभी तक जनपद में 40299 लोगों की स्वास्थ्य जांच की जा चुकी है। जिला चिकित्सालय में रक्तदान शि. विर के आयोजन के साथ-साथ स्वास्थ्य सेवा पखवाड़ा के अवसर पर ष्स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के तहत जनपद की समस्त चिकित्सा इकाइयों एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में आज भी नियमित रूप से स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया गया। इसके अतिरिक्त अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के उपलक्ष में जनपद की चिकित्सा इकाइयों में वृद्धजनों की स्वास्थ्य जांच एवं जागरूकता कार्यक्रम चलाए गए।

जनपद में 60 स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जिनमें 950 लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई। आज स्वास्थ्य शिविरों में 700 लोगों की उच्च रक्तचाप, 430 लोगों की मधुमेह, 156 लोगों की ब्रेस्ट कैंसर, 395 लोगों की ओरल कैंसर, 342 लोगों की हीमोग्लोबिन जांच, 10 महिलाओं की ए एन सी वहीं 80 लोगों की टी बी स्क्रीनिंग की गई।

# अवैध शराब का परिवहन करते हुए एक युवक गिरफ्तार

**श्रीनगर।** कोतवाली श्रीनगर पुलिस ने कलियासौड़ में वाहन चौकिंग के दौरान एक वाहन से 11 पैटी अवैध अंग्रेजी शराब का परिवहन करते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने युवक के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला पंजीकृत किया गया है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक जयपाल सिंह नेगी ने बताया कि कलियासौड़ में चौकिंग के दौरान बुधवार सुबह 5 बजे चौकिंग के दौरान 25 वर्षीय विजय सिंह पुत्र कुंवर सिंह निवासी ग्राम खैनोली थाना थराली जनपद चमोली को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस टीम में चौकी प्रभारी कलियासौड़ विजय शैलानी, संजय पुण्डीर, महेंद्र सिंह, दिनेश चंद्र, रमेश सिंह जयाड़ा सहित आदि मौजूद थे।

# विकसित भारत के सपने साकार करने लिए कार्य करें कार्यकर्ता:निशंक

**■ श्रीनगर पहुंचने पर पूर्व सीएम डॉ. रमेश पोखरियाल का स्वागत**




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री, पूर्व केंद्रीय शिक्षा मंत्री एवं पूर्व सांसद डॉ. रमेश पोखरियाल के बुधवार को श्रीनगर पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी आज विश्व की सबसे मजबूत और शक्तिशाली राजनीतिक पार्टी बन चुकी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत आज वैश्विक मंच पर अग्रणी स्थान पर खड़ा है और देश की पहचान दुनिया में और सशक्त हुई है। कहा कि पहले पार्टी कार्यकर्ताओं में समर्पण और रुचि की कमी रहती थी, लेकिन आज भाजपा के पास एक से बढ़कर एक समर्पित कार्यकर्ता और पदाधिकारी हैं, जिन पर हमें गर्व है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए प्रत्येक कार्यकर्ता को पूरी निष्ठा से कार्य करना होगा। डॉ. निशंक ने कहा कि उत्तराखंड राज्य हमें अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में कठिन परिस्थितियों में मिला, इसलिए हमें इस धरोहर को और मजबूत बनाना है। इस मौके पर पूर्व दायित्व धारी राज्य मंत्री अतर सिंह असवाल, पूर्व ब्लाक प्रमुख भगवती प्रसाद घिल्डियाल, जिला महामंत्री गणेश भट्ट, जितेंद्र रावत, भाजपा युवा मोर्चा की उपाध्यक्ष सुधीर जोशी, मंडल महामंत्री दिनेश पटवाल, शुभम प्रभाकर सहित आदि मौजूद थे।

# पार्षद हुए विश्वम्भर दयाल मुनि विश्वकर्मा स्मृति सम्मान से सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोटद्वार ।** विश्वम्भर दयाल मुनि विश्वकर्मा ट्रस्ट के तत्वावधान में श्री विश्वकर्मा उत्थान समिति द्वारा पश्चिमी झण्डीचौड़ में बुधवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाजसेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने पर स्थानीय पार्षद सुखपाल शाह को शिवश्वम्भर दयाल मुनि विश्वकर्मा स्मृति सम्मान 2025श् से सम्मानित किया गया। साथ ही बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को भी प्रतिभा सम्मान से नवाजा गया। मुख्य अतिथि भारतीय दलित साहित्य अकादमी जिलनाध्यक्ष प्रमोद कुमार चौधरी ने कहा कि जीवन के अंतिम पड़ाव में मुनि विश्वकर्मा ने निर्धन मेधावी छात्र -छात्राओं, अनाथ, दिव्यांगों व बेसहारों के हित में अपनी निजी पूंजी से 1995 में ट्रस्ट की स्थापना की थी, तब से ट्रस्ट अपने उद्देश्यों के अनुसार कार्य कर रहा है।

कहा कि मुनि विश्वकर्मा महर्षि दयानंद सरस्वती के अनुयायी थे। महर्षि से प्रेरित होकर उन्होंने शिक्षा के विस्तार व दीन दुखियों की सेवा में अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया था। कार्यक्रम में लक्ष्मी देवी, डॉ. सुरेन्द्र लाल आर्य, हरि सिंह रावत, मनोज कुमार, उज्जवल चंद्र, नेत्र सिंह रावत, गीता सिंह, बीर सिंह व चंद्रपाल शाह सहित अन्य लोग शामिल रहे।

# अतिवृष्टि से क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत अटकी

**■ भिलंगना ब्लॉक की तीन सड़कों के लिए 4.20 करोड़ की मांग, जिलाधिकारी ने भेजा प्रस्ताव, वाप्कोस व पीएमजीएसवाई की सड़कों के पुनर्निर्माण हेतु तात्कालिक धनराशि की जरूरत**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** भिलंगना ब्लॉक के दूरस्थ बूढ़ाकेदार और भिलंगना पट्टी क्षेत्र में जुलाई और अगस्त माह में आई अतिवृष्टि और बादल फटने की घटनाओं ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया था। भारी बारिश और भूस्खलन के कारण यहां कई सड़कों को गंभीर नुकसान पहुंचा, लेकिन धनराशि की कमी के चलते इन मार्गों की अब तक मरम्मत और सुधारीकरण कार्य शुरू नहीं हो पाए हैं। परिणामस्वरूप स्थानीय ग्रामीणों को आवाजाही में निरंतर कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है और कई गांव आज भी सड़क सुविधा से वंचित हैं।

जिलाधिकारी नितिका खंडेलवाल ने इस समस्या की गंभीरता को देखते हुए ग्रामीण अभियंत्रण विभाग (यूआरआरडीए) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी को पत्र भेजकर तीन क्षतिग्रस्त मोटर मार्गों के पुनर्निर्माण और मरम्मत कार्य के लिए धनराशि आवंटित करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि इन सड़कों के चालू होने से न केवल ग्रामीणों की दिक्कतें कम होंगी, बल्कि आपातकालीन सेवाओं और जनजीवन की आवश्यकताओं को पूरा करने में भी बड़ी सुविधा होगी।

सूत्रों के अनुसार वाप्कोस और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के अंतर्गत आने वाली इन क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत के लिए बड़ी धनराशि की आवश्यकता है। जिलाधिकारी द्वारा भेजे गए प्रस्ताव में कुल 4 करोड़ 20 लाख 14 हजार रुपये की मांग की गई है। इसमें बेलक-बूढ़ाकेदार-पिंस्वाड़ 20 किलोमीटर मोटर मार्ग के पुनर्निर्माण व मरम्मत के लिए 2 करोड़ 96 लाख 47 हजार रुपये, विनकखाल-गेंवाली छह किलोमीटर मार्ग के लिए 57 लाख 74 हजार रुपये और घुत्तू-देवलंग से भाटगांव मोटर मार्ग के लिए 65 लाख 93 हजार रुपये का अनुमान प्रस्तुत किया गया है।

डीएम ने यह स्पष्ट किया कि जनहित को देखते हुए इन मार्गों की जल्द मरम्मत और पुनर्निर्माण अत्यावश्यक है। बारिश और भूस्खलन से टूटे हुए रास्तों के कारण ग्रामीण न केवल दिक्कतें झेल रहे हैं, बल्कि आवागमन ठप होने से शिक्षा, स्वास्थ्य और आर्थिक गति. विधियां भी प्रभावित हो रही हैं। उन्होंने आशा जताई कि संबंधित विभाग शीघ्र धनराशि स्वीकृत कर इन मार्गों को जल्द से जल्द सुचारू रूप से खोलने का मार्ग प्रशस्त करेगा।

## एक नजर .......

### पेपर लीक मामले की जांच सीबीआई से करवाने की घोषणा का किया स्वागत

**कोटद्वार ।** बीएड प्रशिक्षित युवा संघ ने मुख्यमंत्री द्वारा उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग पेपर लीक मामले की जांच सीबीआई से करवाने की घोषणा का स्वागत किया है। बुधवार को यहां जारी एक बयान में संघ के प्रवक्ता अरविन्द दुदपुड़ी ने कहा कि मुख्यमंत्री ने नकल माफिया के खिलाफ सीबीआई जांच की संस्कृति देकर जन भावनाओं का सम्मान किया है। नकल मुक्त प्रतियोगी परीक्षाओं को करने के लिए यह महत्वपूर्ण कदम है, जिसका महासंघ स्वागत करता है। साथ ही उन्होंने इंटर कॉलेज प्रवक्ता भर्ती व निलंबित की गई अन्य भर्तियों सहित महिला आरक्षी व फारेस्टगार्ड आदि पदों की विज्ञप्ति जल्द जारी करने व एलटी भर्ती परीक्षा का परिणाम जारी कर नियुक्ति पत्र जारी करने की मांग भी की।

### कोटद्वार के दो युवा समाजसेवियों को हरियाणा में किया गया सम्मानित

**कोटद्वार ।** राजधानी दिल्ली स्थित भारत मंडपम में एक दिवसीय एवं हरियाणा के करनाल में आयोजित कार्यक्रम में कोटद्वार के दो युवा समा. जसेवियों ने सम्मानित होकर क्षेत्र का मान बढ़ाया है। बुधवार को ग्रीन आर्मी देवभूमि संगठन के महासचिव उत्कर्ष नेगी ने बताया कि इंटीग्रेटेड फॉर्म ऑफ आर्टिस्ट एंड एक्टिविस्ट निफा की ओर से संस्थान के रजत जयंती के अवसर पर बीते मंगलवार को दिल्ली व करनाल में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया था। दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम का मुख्य अतिथि अंतरराष्ट्रीय मोटिवेशनल स्पीकर और लेखक शिव खेड़ा व करनाल में आयोजित कार्यक्रम का आरंभ मुख्य अतिथि हरियाणा विधान सभा अध्यक्ष हरविंदर कल्याण ने किया। इस दौरान सामाजिक कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाने पर दिल्ली में ग्रीन आर्मी देवभूमि संगठन के अध्यक्ष शिवम नेगी और करनाल में आधारशिला रक्तदान समूह की याशिका जखवाल को वर्ल्ड बुक्स ऑफ एक्सीलेंस इंग्लैंड के प्रतिनिधि द्वारा यंग कम्युनिटी चौंपियन अवार्ड से सम्मानित किया गया। उनकी इस उपलब्धि पर दोनों संगठनों के पदाधिकारियों ने हर्ष व्यक्त किया है।

### शहर की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा करते हुए समस्याओं के निराकरण की उठाई मांग

**कोटद्वार ।** एडवोकेट जगमोहन भारद्वाज स्मृति जनसरोकार मंच की बुधवार को मंच कार्यालय में आयोजित बैठक में विभिन्न समस्याओं पर चर्चा करते हुए समस्याओं के निराकरण की मांग की गई। मंच के बालासौड़ स्थित कार्यालय में आयोजित बैठक में सर्वप्रथम दिवंगत एडवोकेट जगमोहन भारद्वाज को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि वे जिंदगी भर प्रदेश में नशाबंदी के लिए आंदोलनरत रहे। सरकार को उनकी जीवनी को स्कूली पाठ्यक्रम में शामिल करना चाहिए। कहा कि पूरे नगर निगम क्षेत्र में समस्याओं का अंबार लगा हुआ है, जिनमें आवारा गौ वंश, पार्किंग, जंगली जानवरों का आतंक और अघोषित पावर कट सहित अन्य कई समस्याएं शामिल हैं, जिनका निदान आवश्यक है। कहा कि निगम के तल्ला मोटाढ़ाक से हल्दूखाता तक सड़क के किनारे झाड़ियां उगी हुई हैं, जिनको कटवाया जाना आवश्यक है। स्थानीय शासन प्रशासन को इस पर शीघ्र ध्यान देना चाहिए। बैठक में नंदलाल धनगर, मंजू भारद्वाज, नितिन रावत, बेलम सिंह, मनमोहन सिंह, विजय कुमार, राहुल नेगी, मनोज सिंह और राम प्रसाद सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### डॉ अंकिता चौहान ने उपलब्धियों से देश और क्षेत्र का नाम किया रोशन

**कोटद्वार ।** नगरनिगम कोटद्वार के प्रतापनगर निवासी डॉ अंकिता चौहान ने अपने शोध कार्य और उपलब्धियों से देश और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। हाल ही में उन्हें आईआईटी रुड़की में उत्कृष्ट डॉक्टोरल शोध कार्य के लिए एक्सीलेंस इन डोक्टोरल रिसर्च अवार्ड से सम्मानित किया गया है। वर्तमान में वे पेरिस में शोध कर रही हैं। पिता देवेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि अंकिता ने अपनी इंटर तक की शिक्षा मेहरबान सिंह कंडारी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज से प्राप्त की। इसके बाद उन्होंने घुड़दौड़ी इंजी. नियरिंग कालेज से बीटेक करने के बाद एनआइटी कुरुक्षेत्र से इलेक्ट्रॉनिक्स एवं संचार अभियांत्रिकी में पीएच.डी. की। इस दौरान उनका शोध कार्य मुख्य रूप से नॉन-ऑर्थोगोनल मल्टीपल एक्सेस, रीकंफिगरेबल इंटेलिजेंट सरफेस, मल्टी-कैरियर नॉमा और मल्टी-डायमेंशनल नॉमा जैसी अत्याधुनिक तकनीकों पर केंद्रित रहा। ये सभी तकनीकें 6जी नेटवर्क की आधारशिला मानी जा रही हैं।

# विश्व हिंदू परिषद के नाम पर चंदा वसूली का मामला उजागर

**■ संगठन ने सरकारी विभागों से धन एकत्र करने की बात को किया खारिज विहिप अध्यक्ष ने अधिकारियों से सतर्क रहने और तुरंत सूचना देने की अपील**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष यशपाल सिंह सजवाण ने खुलासा किया है कि जिले में कुछ लोग स्वयं को संगठन का पदाधिकारी बताकर सरकारी विभागों से धन वसूली करने की कोशिश कर रहे हैं।

उन्होंने स्पष्ट किया कि विहिप की कार्यप्रणाली में इस तरह का कोई भी प्रावधान नहीं है और संगठन का उद्देश्य केवल समाज के सहयोग से सेवा और हिंदू संस्कृति के संरक्षण के लिए कार्य करना है। सजवाण ने कहा कि किसी भी सरकारी कार्यालय से धन एकत्रित करने की नीति संगठन की कभी नहीं रही और इस तरह की गति. विधियां पूरी तरह भ्रामक और संगठन की छवि को धूमिल करने वाली हैं।

उन्होंने बताया कि हाल ही में उन्हें शिकायत प्राप्त हुई है कि एक व्यक्ति संगठन के नाम पर चंदा वसूल रहा है, जबकि उसका विश्व हिंदू परिषद से कोई भी संबंध नहीं है। इस संदर्भ में उन्होंने जिलाधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहित जिले के सभी विभागाध्यक्षों से अपील की कि ऐसे मामलों में सतर्क रहें और किसी भी संदिग्ध व्यक्ति को धनराशि न दें।

सजवाण ने अधिकारियों और कर्मचारियों से आग्रह किया कि यदि कोई व्यक्ति स्वयं को संगठन का प्रतिनिधि बताकर उनसे आर्थिक सहयोग मांगता है, तो इसकी सूचना तत्काल उन्हें दें।

इसके साथ ही यह जानकारी टिहरी के विभाग संगठन मंत्री गौरव या फिर प्रांतीय पदाधिकारियों तक भी पहुंचाई जा सकती है।

उन्होंने कहा कि संगठन की साख बनाए रखने के लिए ऐसे भ्रामक तत्वों की पहचान और उनके विरुद्ध कार्रवाई आवश्यक है।

उन्होंने दोहराया कि विहिप की पहचान सेवा कार्यों और सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण से है, न कि किसी भी प्रकार की जबरन वसूली या सरकारी तंत्र पर आर्थिक दबाव बनाने से।

सजवाण ने कहा कि समाज के सहयोग से ही संगठन की नींव मजबूत होती है और इसी भावना के साथ परिषद लगातार कार्य कर रही है।

# केदारघाटी के सीमांत तोंषी गांव तक पहुंची सड़क

**■ गांव में जेसीबी मशीन के पहुंचने पर ग्रामीणों ने किया स्वागत**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** केदारघाटी का सीमांत गांव तोंषी आखिरकार ग्रामीणों के लंबे संघर्षों के बाद मोटरमार्ग से जुड़ गया है। गांव के मोटरमार्ग से जुड़ने के बाद ग्रामीणों को कई किमी की पैदल आवाजाही नहीं करनी पड़ेगी। साथ ही ग्रामीणों की कई प्रकार की समस्याएं दूर होंगी। दरअसल, केदारनाथ विधानसभा के अंतर्गत सीमांत गांव तोंषी आजतक मोटरमार्ग से नहीं जुड़ पाया था। ग्रामीणों कई किमी की पैदल दूरी तय करके रोजमर्रा की सामग्री पीठ में ढ़ोते थे। सबसे अधिक दिक्कतें बुजुर्ग मरीजों को सड़क तक पहुंचाने में होती थी। कई बार तो पैदल रास्ते में ही मरीजों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था।

स्थिति यह थी कि मोटरमार्ग न होने के कारण गांव से लगातार पलायन जारी था। बस कुछ ही परिवार गांव में मौजूद थे। अब गांव के मोटरमार्ग से जुड़ने के बाद ग्रामीणों की काफी समस्याएं दूर होंगी।

# भालू के हमले में ग्रामीण घायल

**रुद्रप्रयाग।** विकासखण्ड अगस्त्यमुनि के अंतर्गत बच्छणस्यूं पटटी के चौंथला गांव में भालू के हमले से एक ग्रामीण गंभीर घायल हो गया। ग्रामीणों की ओर से घायल व्यक्ति को जिला चिकित्सालय लाया गया, जहां उनका उपचार चल रहा है। जानकारी के अनुसार गिरीश चंद्र मलासी पर भालू ने हमला कर दिया। भालू ने उनको कई घाव दिये, जिसके बाद ग्रामीण उन्हें चिकित्सालय लाये। वन विभाग के अधिकारियों के अनुसार उनकी स्थिति सामान्य है। घटना के बाद वन विभाग की रैपिड रिस्पॉन्स टीम द्वारा संवेदनशील क्षेत्र में लगातार गश्त की जा रही है।

# भूधंसाव से दहशत में ग्रामीण, स्थायी विस्थापन की मांग तेज

**■ चंबा ब्लॉक के तीन गांवों के 20 परिवार सुरक्षित ठिकाने की तलाश में जिलाधिकारी ने कराया आश्वस्त, भू-वैज्ञानिक सर्वे के बाद होगी विस्थापन की कार्रवाई**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** चंबा ब्लॉक के आपदा प्रभावित गांव बनाली, जिजली और सिल्ला सौड़ के ग्रामीणों ने मंगलवार को जिलाधिकारी नितिका खंडेलवाल से मुलाकात कर स्थायी विस्थापन की मांग उठाई। भूधंसाव और चट्टान गिरने की लगातार घटनाओं ने ग्रामीणों को भयभीत कर दिया है और अब कई मकान पूरी तरह जर्जर हालत में पहुंच चुके हैं। ग्रामीणों का कहना है कि इन घरों में रहना किसी बड़े हादसे को दावत देने जैसा है।

ज्येष्ठ उप प्रमुख संजय नेगी के नेतृत्व में पहुंचे प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी को बताया कि तीनों गांवों की स्थिति दिन-ब-दिन गंभीर होती जा रही है। विशेषकर जिजली गांव में 18 सितंबर को चट्टान से गिरा एक विशाल पत्थर कई घरों को नुकसान पहुंचा चुका है। इस हादसे में सोनी देवी, कुशलानंद तिवाड़ी, दिनेश तिवाड़ी और प्यारे लाल तिवाड़ी के मकान प्रभावित हुए हैं, जिसके चलते उनके परिवार अब अस्थायी तौर पर अन्य स्थानों पर शरण लिए हुए हैं।

ग्रामीणों ने बताया कि तीनों गांवों में करीब 20 परिवार लगातार खतरे की जद में हैं।

उन्होंने जिलाधिकारी से इन परिवारों को स्थायी रूप से विस्थापित करने की मांग की। इस दौरान ग्रामीणों ने यह भी कहा कि विस्थापन के लिए ग्राम समाज की भूमि उपलब्ध है, जहां सुरक्षित ढंग से उन्हें बसाया जा सकता है।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी नितिका खंडेलवाल ने आश्वासन दिया कि भू-वैज्ञानिकों से सर्वे कराया जाएगा और उसके बाद विस्थापन की औपचारिक कार्यवाही शुरू की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रभावित परिवारों को तुरंत आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराया जाए।

इस मौके पर ज्येष्ठ प्रमुख मैठाणी ने कहा कि अब तक कई मकानों की क्षति का आकलन तक नहीं हुआ है और सिल्ला सौड़ व जिजली गांव में जलापूर्ति भी पूरी तरह से ठप है। उन्होंने इस ओर ध्यान दिलाते हुए प्रशासन से त्वरित कार्रवाई की मांग की। डीएम ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि जलापूर्ति बहाल करने के साथ ही क्षति का सही आकलन शीघ्र पूरा किया जाए ताकि प्रभावित परिवारों को राहत मिल सके।

ग्रामीणों का कहना है कि अगर विस्थापन में देरी होती है तो बरसात या भूकंपीय हलचलों के दौरान स्थिति और भी खतरनाक हो सकती है। ऐसे में उन्होंने प्रशासन से तत्काल ठोस कदम उठाने की अपील की है।

# देवी जागरण संध्या में भजनों पर झूमे श्रद्धालु

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थत्यूड़** (टिहरी)। विकासखंड मुख्यालय थत्यूड़ बाजार में अष्टमी की तिथि पर धार्मिक उल्लास का अद्भुत नजारा देखने को मिला। व्यापार मंडल एवं जय मां संतोषी टैक्सी यूनियन की ओर से संतोषी माता मंदिर में पास थत्यूड़ बाजार के मुख्य चौक में मंगलवार रात्रि को विशाल देवी जागरण संध्या आयोजित की गई।



कार्यक्रम का शुभारंभ राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त पूर्व ब्लॉक प्रमुख गीता रावत ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने कहा किख़ ष्क्षेत्र में इस प्रकार के धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का निरंतर आयोजन होना चाहिए, ताकि समाज में भक्ति और परंपरा जीवित रहे।

जागरण संध्या में प्रसिद्ध भजन गायक कविता भंडारी ने जहां अपनी सुमधुर प्रस्तुतियों से माहौल भक्ति रस से भर दिया, वहीं पौराणिक रामलीला से जुड़े वरिष्ठ संगीतकार शांति प्रसाद चमोली की प्रस्तुति ने श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया।

अगले दिन बुधवार को संतोषी माता मंदिर में हरियाली काटने की परंपरा पूरी की गई। इस अवसर पर श्रद्धालुओं को प्रसाद और हरियाली बांटी गई। मंदिर समिति की ओर से नौ कन्याओं को भोजन प्रसाद वित. रित कर परंपरा निभाई गई। वहीं व्यापारी गजेंद्र बिष्ट के सहयोग से भंडारे का आयोजन कर भक्तों को प्रसाद परोसा गया।

इस धार्मिक अवसर पर क्षेत्र के कई गणमान्य लोग मौजूद रहे, जिनमें जिला पंचायत सदस्य सविता देवी, क्षेत्र पंचायत सदस्य निधि बढ़ियाडी, प्रधान सरस्वती देवी, व्यापार मंडल अध्यक्ष अकबीर पंवार, महामंत्री विक्रम चौहान, संरक्षक सुमन पुंडीर, राकेश सजवाण, टैक्सी यूनियन अध्यक्ष संजय गौड़, भाजपा मंडल अध्यक्ष सुनील थपलियाल, सज्जन सिंह चौहान, खेमराज भट्ट, भोला परमार, आशुतोष पवार, समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु और व्यापारी वर्ग उपस्थित रहा।

# नवरात्र पर उत्तरकाशी के मंदिरों में जुटे भक्त

**उत्तरकाशी :** शारदीय नवरात्र के नवमी तिथि को उत्तरकाशी के विभिन्न पौराणिक मंदिरों में हवन यज्ञ और पूजा- अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। शारदीय नवरात्र पर उत्तरकाशी के विभिन्न पौराणिक मंदिरों में पूजा अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटी रही। शहर के विश्वनाथ मंदिर, शक्ति मंदिर, सिद्धपीठ मां कुटेटी आदि प्रमुख मंदिरों में दिनभर भक्तों की लंबी कतार रही।बुधवार को नवरात्र के नवें दिन सुबह से गंगा स्नान घाटों पर भक्तों की भीड़ उमड़नी शुरू हो गई थी। सुबह चार बजे से मंदिरों में भक्त पूजा अर्चना के लिए मंदिरों में पहुंचे।

# भूवैज्ञानिक ने मोरी के दूरस्थ दणगाण गांव का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी :** मानसून सीजन में जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में भूस्खलन व भू-धंसाव से आवासीय भवनों को खतरा मंडरा रहा है। जिलाधिकारी के निर्देश पर इन दिनों भूवैज्ञानिक आपदा प्रभावित गांवों का सर्वेक्षण कर रहे हैं।

पिछले अगस्त माह जनपद में आयी आपदा के प्रभावित गांवों में भूवैज्ञानिक उत्तरकाशी प्रदीप कुमार लगातार भूगर्भीय निरीक्षण कर प्रभावित परिवारों से संवाद कर उनके परेशानियों व क्षति का आंकलन कर अपनी आख्या जिलाधिकारी उत्तरकाशी को प्रेषित कर रहे है। उन्होंने बताया कि जनपद के भटवाड़ी, डुंडा, बड़कोट , पुरोला व मोरी क्षेत्र के दो दर्जन गांवो का स्थलीय निरीक्षण किया जा चुका है। अवशेष ग्रामों का जल्द ही निरीक्षण किया जाएगा। ग्राम दणगाण गाँव में भू-धंसाव होना पाया गया है।

जिसमें कई तोकों के भवनों में दरारे व क्षतिग्रस्त पाये गये है तथा मुख्य गांव के ऊपरी भूभाग से भूस्खलन जोन एक्टिव पाया गया है जिससे भवनों को खतरा हो सकता है।

भूवैज्ञानिक द्वारा बताया गया है कि गांव के अंतर्गत कई बरसाती नाले प्रवाहित हो रहे है जिनमें बरसात में अधिक मात्रा में पानी आने के कारण भूमि में कई स्थानों में कटाव हो रहा है जिससे धंसाव की स्थिति बन रही है। अधिक प्रभावित तोकों के परिवारों का विस्थापन की कार्यवाही की जाएगी।

भूगर्भीय निरीक्षण के दौरान भूवैज्ञानिक द्वारा ग्रामीणों को बरसाती गदेरों व डिप्रेशन वाले भागो से दूर भवन निर्माण किये जाने व अधिक ढालदार भूभाग पर भवन निर्माण न किये जाने के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी है। गाँव में भूवैज्ञानिक उत्तरकाशी प्रदीप कुमार द्वारा स्थलीय भूगर्भीय निरीक्षण ग्राम प्रधान सहित स्थानीय लोगों की उपस्थिति में किया गया है।

## मुख्यमंत्री धामी ने किया शहरी विकास की महत्वाकांक्षी योजनाओं का लोकार्पण

# प्रदेश के 52 नगर निकायों में 115 अर्बन आयुष्मान आरोग्य मंदिर शुरू

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को मुख्य सेवक सदन में शहरी विकास से जुड़ी कई महत्वाकांक्षी योजनाओं का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश के 52 नगर निकायों में 115 अर्बन आयुष्मान आरोग्य मंदिर की शुरुआत की गई। इसके साथ ही फेरी व्यवसायियों के पंजीकरण का वृहत अभियान एवं अंगीकार 2.0 को भी लॉन्च किया गया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत बी.एल.सी. घटक से नव निर्मित 15 हजार 6 सौ आवासों का लोकार्पण भी किया गया।

सीएम द्वारा स्वच्छता सर्वेक्षण 2024-25 में उत्कृष्ट कार्य करने वाले नगर निकायों को अटल निर्मल नगर पुरस्कार प्रदान किए गए। मुख्यमंत्री ने रुद्रपुर नगर निगम को प्रथम, पिथौरागढ़ नगर निगम को द्वितीय तथा कोटद्वार नगर निगम को तृतीय अटल निर्मल नगर पुरस्कार 2025 से सम्मानित किया द्य इसके साथ ही मसूरी नगर पालिका परिषद को प्रथम, डोईवाला नगर पालिका परिषद को द्वितीय तथा भीमताल को तृतीय अटल निर्मल नगर पुरस्कार 2025 से सम्मानित किया गया द्य मुख्यमंत्री ने लालकुआं नगर पंचायत को प्रथम, गुलरभोज नगर पंचायत को द्वितीय तथा भिकियासैंण नगर पंचायत को तृतीय अटल निर्मल नगर पुरस्कार 2025 से सम्मानित किया द्य उन्होंने छावनी परिषद लैंसडौन को प्रथम, रानीखेत को द्वितीय तथा रुड़की छावनी परिषद को तृतीय अटल निर्मल नगर पुरस्कार 2025 से सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर ठोस अपशिष्ट प्रबंधन से संबंधित वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया । शहरी निकायों को ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए 244 नए वाहनों को राज्य को समर्पित किया गया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि इन योजनाओं से शहरी क्षेत्रों में स्वास्थ्य, स्वच्छता और आवास की दिशा में ठोस सुधार होंगे और आम नागरिकों को सीधा लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन योजनाओं से प्रदेश के नगर निकायों में स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार, शहरी गरीबों को आवास उपलब्ध कराने, फेरी व्यवसायियों को संगठित कर उन्हें आजीविका से जोड़ने तथा स्वच्छता एवं ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन के क्षेत्र में बड़ा परिवर्तन देखने को मिलेगा। उन्होंने आशा व्यक्त की कि इन पहलों से उत्तराखण्ड के नगर निकाय देश के लिए आदर्श प्रस्तुत करेंगे और स्वच्छता सर्वेक्षण में उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी ये सभी नवीन पहलें न केवल राज्य के नगरीय क्षेत्रों को और अधिक स्वच्छ, सुंदर एवं स्वस्थ बनाने में सहायक सिद्ध होंगी, बल्कि नागरिकों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने की दिशा में भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएँगी।



मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन के माध्यम से आज देश के लाखों शहरों, कस्बों और नगरों में साफ-सफाई की एक नई संस्कृति विकसित हुई है। अमृत योजना के द्वारा शहरी बुनियादी ढांचे जैसे जल आपूर्ति, सीवरेज और हरित स्थानों को सशक्त किया गया है। स्मार्ट सिटी मिशन द्वारा शहरी विकास को तकनीक और नागरिक सुविधा के साथ जोड़ते हुए एक आदर्श नगर विकास का मॉडल प्रस्तुत करने का प्रयास किया जा रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत लाखों गरीब परिवारों को अपने स्वयं के पक्के घर प्राप्त हुए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन और सहयोग से हमारी राज्य सरकार भी उत्तराखंड के विकास को एक नई दिशा देने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत प्रत्येक नगर में ठोस कचरा प्रबंधन और सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ किया जा रहा है। आज राज्य में स्मार्ट सिटी मिशन, पीएम स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, अमृत मिशन जैसी विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उत्तराखंड के प्रत्येक नागरिक को देने का प्रयास किया गया है।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी, राजयसभा सांसद नरेश बंसल, विधायक उमेश शर्मा, सविता कपूर, मेयर देहरादून सौरभ थपलियाल सहित विभिन्न नगर निकायों के मेयर, सचिव नितेश कुमार झा सहित शहरी विकास विभाग व नगर निगम के अधिकारी उपस्थित थे

## सीएम ने दी विजयदशमी व दशहरा पर्व की बधाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** प्रदेशवासियों को विजयदशमी व दशहरा पर्व की मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। विजयदशमी की पूर्व संध्या पर जारी अपने संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि विजयदशमी का पर्व अधर्म पर धर्म, बुराई पर अच्छाई तथा असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक है। हम सभी को अपने भीतर की बुराइयों को त्याग कर जीवन में सदाचार की राह पर चलने की प्रेरणा भी यह पर्व देता है। उन्होंने कहा कि आज जरूरत इस बात की है कि हम अपने जीवन में अहंकार से मुक्त होकर सच्चाई के रास्ते पर चलें और प्रदेश व देश की सामाजिक समरसता के लिए मिलजुल कर कार्य करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पावन पर्व हमें इस बात का भी स्मरण कराता है कि सच्चाई का साथ देने वालों की हमेशा जीत होती है। उन्होंने प्रदेशवासियों से अपील की कि बुराई पर अच्छाई की विजय के इस पावन पर्व पर भगवान श्रीराम की शिक्षाओं को आत्मसात कर जीवन को सार्थक बनायें। मुख्यमंत्री ने कहा कि धर्म और सत्य की विजय के इस मंगल पर्व पर प्रभु श्रीराम से यही प्रार्थना है कि सब सुखी हों, सबका कल्याण हो, हर घर में सुख-समृद्धि और खुशहाली आये।

## राज्य आंदोलनकारी शहीदों को सीएम ने दी श्रद्धांजलि

**देहरादून।** उत्तराखण्ड राज्य निर्माण के लिए अपने प्राण न्यौछावर करने वाले अमर शहीदों का मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भावपूर्ण स्मरण कर श्रद्धांजलि अर्पित की है। मुख्यमंत्री ने मुजफ्फरनगर कांड (रामपुर तिराहा) की बरसी की पूर्व संध्या पर जारी अपने संदेश में कहा कि राज्य आंदोलन के अमर शहीदों के बलिदान को सदैव याद रखा जायेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य आन्दोलनकारियों के बलिदान और संघर्ष के परिणामस्वरूप ही उत्तराखण्ड अलग राज्य बना। राज्य आन्दोलनकारियों के सपनों के अनुरूप राज्य विकास के लिए सरकार निरंतर कार्य कर रही है। इस दशक को उत्तराखण्ड का दशक बनाने के लिए राज्य सरकार हर क्षेत्र में तेजी से कार्य कर रही है।

## कांग्रेस नेता को धमकी मामले में भाजपा सुचिता और कानून की पक्षधर: चौहान

### राजनैतिक नौटंकी के बजाय इंडी गठबंधन से कार्यवाही को कहे कांग्रेस

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को धमकी पर स्पष्ट किया है कि पार्टी हमेशा से राजनैतिक शुचिता और कानून सम्मत कार्रवाई की पक्षधर है। कांग्रेस नेताओं के लिए जरूरी है कि वह राजनैतिक नौटंकी के बजाय केरल की इंडी गठबंधन सरकार का भरोसा करे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का भी ऐसी धमकियों का इतिहास रहा है और पीएम मोदी तथा वरिष्ठ नेताओं को असंसदीय टिप्पणी आम बात रही है।

प्रदेश मीडिया संयोजक मनवीर चौहान ने पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि भाजपा कभी भी ऐसी किसी भी तरह के तथाकथित बयानों और व्यवहार के पक्ष मे नही रही है। अब तक जो भी की जानक. ारी सामने आई है, उसके अनुसार, केरल पुलिस इस पूरे मामले की जांच कर रही हैं। लिहाजा किसी भी अंतिम नतीजे पर पहुंचने से पहले, सभी को जांच रिपोर्ट का इंतजार करना चाहिए।

उन्होंने इस पूरे मुद्दे को लेकर कांग्रेस पर पलटवार करते हुए कहा कि कांग्रेस नेता अपने अस्तित्व को लेकर चिंतित हैं। उन्हें ऐसे मुद्दे पर राजनीति की आदत है। जहां का यह प्रकरण बताया जा रहा है वहां तो स्वयं उनके इंडी गठबंधन की सहयोगी, कम्युनिस्ट पार्टी का शासन है। इस तथाकथित मामले में एफआईआर दर्ज हुई है और जांच जारी है। कम से कम कांग्रेस नेताओं को उन पर विश्वास करना चाहिए और अपने आलाकमान को खुश करने के लिए ऐसी राजनैतिक नौटंकी से बचना चाहिए।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस और उनके सहयोगी पार्टियां तो ऐसे नेताओं से भरी है जो पीएम की बोटी बोटी करने, जमीन में गाड़ने, चुनाव परिणाम के बाद मारने जैसे अनेकों धमकी भरी ख्वाइश रखते हैं।

## शहीद सम्मान समारोह में गरिमा व भव्यता का रखें खास ध्यान: जोशी

### सैनिक कल्याण मंत्री ने की शहीद सम्मान समारोह की तैयारियों की समीक्षा

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने बुधवार को कैंप कार्यालय में आगामी 05 अक्टूबर को लैंसडाउन में आयोजित होने वाले शहीद सम्मान समारोह की तैयारियों की समीक्षा बैठक की। सैनिक कल्याण मंत्री जोशी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यक्रम की सभी तैयारियां समयबद्ध तरीके से पूर्ण की जाएं तथा इसकी गरिमा और भव्यता का विशेष ध्यान रखा जाए। बैठक में वर्चुअल माध्यम से मंत्री जोशी ने जिला सैनिक कल्याण अधिकारी लैंसडाउन वीरेंद्र भट्ट से कार्यक्रम की तैयारियों की विस्तृत जानकारी भी प्राप्त की और सफल आयोजन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



सैनिक कल्याण मंत्री ने बताया कि प्रदेश के 1734 बलिदानियों के आंगन की पवित्र मिट्टी सैन्यधाम लाई जा चुकी है, लेकिन इस प्रक्रिया में लगभग 71 बलिदानियों के आंगन छूट गए थे। इन बलिदा. नियों की मिट्टी लाने के लिए शहीद सम्मान यात्रा 2.0 प्रदेशभर में संचा. लित की जा रही है, जिसका समापन 05 अक्टूबर को लैंसडाउन में होगा। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर शहीद परिवारों को ताम्रपत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होंगे। जोशी ने कहा कि सैन्यधाम के लोकार्पण से पूर्व छूटे हुए बलिदा. नियों के आंगन की मिट्टी भी वहां शामिल की जाएगी। यह कदम शहीदों और उनके परिवारों के सम्मान में सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। बैठक के दौरान विभागीय अधिकारियों ने सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी को हाल ही में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह द्वारा नेशनल कॉन्क्लेव 2025 में उत्तराखण्ड सैनिक कल्याण विभाग को मिले राष्ट्रीय स्तर का पुरस्कार भी भेंट किया। यह सम्मान विभाग द्वारा पूर्व सैनिकों के कल्याण, पुनर्वास तथा सैनिक-केंद्रित योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए दिया गया है।

बैठक में सैनिक कल्याण विभाग के निदेशक ब्रिगेडियर (सेनि) अमृतलाल, उपनिदेशक विंग कमांडर (सेनि) निधि बधानी और जिला सैनिक कल्याण अधिकारी (सेनि) कर्नल ओपी फरस्वाण सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## नशे के खिलाफ जागरूकता को चलेगी मुहिम

**देहरादून।** उत्तराखंड में बढ़ते नशे के खतरे के खिलाफ एकजुट होकर आवाज उठाने का वक्त आ गया है। युवाओं के भविष्य को नशे की गिरफ्त से बचाने और समाज में बढ़ रही असामाजिक गतिविधियों पर रोक लगाने के उद्देश्य से 3 अक्टूबर को देहरादून में जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। यह अभियान उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, नैनीताल के दिशा-निर्देशन में, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देहरादून एवं जिला बार एसोसिएशन देहरादून के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। यह पूरी मुहिम जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की योजना 2015 (नशीली दवाओं के दुरुपयोग के पीड़ितों के लिए कानूनी सेवाएं) पर आधारित है। अभियान का मुख्य आकर्षण भव्य रैली होगी, जिसे में वरिष्ठ न्यायमूर्ति एवं कार्यकारी अध्यक्ष, उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण मनोज कुमार तिवारी सायं 4 बजे, जिला न्यायालय परिसर, देहरादून से रवाना करेंगे। रैली में न्यायिक अधिकारी, बार एसोसिएशन पदाधिकारी, लॉ कॉलेजों के छात्र, पराविधिक कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक शामिल होंगे। यह रैली घंटाघर व आसपास के क्षेत्रों में निकाली जाएगी। इस अवसर पर जनता को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया जाएगा और नशामुक्त समाज के लिए प्रेरित किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण व बार एसोसिएशन ने समस्त जनता से इस अभियान में भाग लेकर इसे सफल बनाने की अपील की है।

## भाजपा देश में फैलाना चाहती है हिंसा: कांग्रेस

### राहुल गांधी को गोली मारने की धमकी के खिलाफ धरने पर बैठे कांग्रेसी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** एक टीवी डिबेट में भारतीय जनता पार्टी के प्रवक्ता की ओर से खुले आम ऐलान करने की राहुल गांधी के सीने पर गोली मारनी चाहिए यह दर्शाता है कि आरएसएस व भाजपा के असली मंसूबे राहुल गांधी को लेकर क्या हैं और यह भी स्पष्ट हो गया है कि भाजपा देश में अब नफरत और हिंसा की राजनीति को खुले आम करना चाहती है। यह बात बुधवार को गांधी पार्क में महात्मा गांधी की प्रतिमा के सामने भाजपा की हिंसा की राजनीति के खिलाफ व भाजपा के एक प्रवक्ता पिंटू के द्वारा लोकसभा में नेता विपक्ष कांग्रेस नेता राहुल गांधी को जान से मारने की धमकी के खिलाफ धरने पर बैठे प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष संगठन सूर्यकांत धस्माना ने कही।



धस्माना ने कहा कि भाजपा के इस अधिकारिक प्रवक्ता के इस घिनौने और हिंसात्मक बयान का भाजपा के नेतृत्व ने आज तक खंडन नहीं किया और ना उसके विरुद्ध कोई कार्यवाही की। धस्माना ने कहा कि बिहार में भाजपा के ही एक कार्यकर्ता रहे व्यक्ति द्वारा कांग्रेस के मंच पर चढ़ कर प्रधानमंत्री मोदी जी को गाली देने पर पूरे देश में भाजपा ने उधम मचा दिया और जगह जगह कांग्रेस दफ्तरों पर हमले और प्रदर्शन किए गए जबकि गली देने वाले व्यक्ति से कांग्रेस का दूर दूर तक कोई लेना देना नहीं था लेकिन भाजपा के एक प्रवक्ता द्वारा कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता विपक्ष को सीने पर गोली मार देने जैसे हिंसक बयान पर भाजपा का सारा नेतृत्व खामोश है यानि भाजपा अब देश में नफरत और हिंसा की राजनी. ति खुले आम करने की योजना पर काम कर रही है। धस्माना ने कहा कि आज बापू की जयंती की पूर्व संध्या पर हम कांग्रेस जन उनकी प्रतिमा के सामने यही संकल्प ले रहे हैं कि आरएसएस और भाजपा की नफरत और हिंसा की राजनीति का जवाब हम बापू के बताए प्रेम और अहिंसा के रस्ते से ही देंगे निडर हो कर। धरने की अध्यक्षता करते हुए, महानगर कांग्रेस अध्यक्ष डॉक्टर जसविंदर सिंह गोगी ने कहा कि आज पूरे देश की जनता भारतीय जनता पार्टी की वोट चोरी के बारे में जान गई है इसलिए आरएसएस व भाजपा में बौखलाहट और घबराहट दोनों है और इसीलिए अब उनके पास सबसे आसान तरीका है कि उनके विरुद्ध सबसे मजबूत लड़ाई लड़ने वाले नेताओं को शारीरिक रूप से समाप्त कर दो जैसा उन्होंने गांधी वध करके किया था और इस दौर में उनके निशाने पर राहुल गांधी हैं लेकिन आरएसएस व भाजपा यह भूल रही है कि गांधी के शरीर को मार कर भी वो गांधी के विचार को नहीं मार पाए और इसलिए उनकी नफरत की राजनीति कभी सफल नहीं होगी।

धरने में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री जगदीश धीमान, पूर्व सैनिक विभाग अध्यक्ष कर्नल राम रतन नेगी, श्रम प्रकोष्ठ अध्यक्ष दिनेश कौशल, अनुसूचित जाति विभाग अध्यक्ष मदन लाल, नगर निगम पार्षद मुकीम अहमद,सरदार अमरजीत सिंह, इलियास अंसारी,ललित भद्री,आदर्श सूद, , राजेश उनियाल, सुनील जायसवाल, मंजू त्रिपाठी, पूनम कंडारी, मुकेश सोनकर, राजेश पुंडीर, इकराम, कमर सिद्दीकी, चंद्रपाल, अनुज दत्त शर्मा, गोपाल गड़िया, सावित्री थापा, वीरेंद्र पंवार, राम गोपाल वर्मा, मान सिंह, प्रमोद गुप्ता आदि बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता शामिल रहे।

## खेल मंत्री रेखा आर्या ने की योजनाओं की समीक्षा

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** उत्तराखंड की खेल मंत्री एवं महिला सशक्तिकरण व बाल विकास मंत्री रेखा आर्या ने बुधवार को यमुना कॉलोनी स्थित अपने राजकीय आवास पर विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान खेल विभाग और महिला सशक्तिकरण विभाग द्वारा संचा. लित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई।




बैठक में खेल विश्वविद्यालय की स्थापना, खेल अकादमियां बनाने समेत अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई। मंत्री रेखा आर्या ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि खेल सुविधाओं के विस्तार में किसी भी प्रकार की कमी न रहे और खिलाड़ियों को बेहतर अवसर उपलब्ध कराए जाएं।

महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग की बैठक में नंदा गौरा योजना, महिला सारथी योजना समेत सभी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। उन्होंने कहा कि लाभार्थियों तक योजनाओं का अधिकतम लाभ पहुंचे, इसके लिए आवश्यक प्रस्तावों पर गंभीरता से विचार किया जाए और समयबद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

## पूर्व सीएम हरीश रावत ने दिवंगत पत्रकार राजीव प्रताप को दी श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता व उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत व भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस संचार विभाग के सचिव वैभव वालिया ने बुधवार को दिवंगत पत्रकार राजीव प्रताप के दीप नगर स्थित आवास पर पहुंचकर उनके परिजनों से मुलाकात की और शोक संवेदना व्यक्त की।



इस मौके पर हरीश रावत ने कहा कि राजीव प्रताप, एक समर्पित और निर्भीक पत्रकार के रूप में पत्रकारिता जगत में अपनी अलग पहचान रखते थे। उनके आकस्मिक निधन से न केवल पत्रकारिता जगत को, बल्कि पूरे समाज को गहरा आघात पहुंचा है। रावत व वालिया ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि राजीव प्रताप पत्रकारिता की आवाज थे, जिनकी कलम ने हमेशा सच का साथ दिया। उनका जाना एक अपूरणीय क्षति हैं।

## नहीं मिली खालिद के घर से परीक्षा तैयारी की कोई सामग्री

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** नकल विरोधी कानून के तहत दर्ज अभियोग की जाँच कर रही विशेष जाँच दल (एसआईटी) ने अभियुक्त खालिद के घर की तलाशी के बाद अपनी जाँच का दायरा बढ़ा दिया है। तलाशी में सबसे चौंकाने वाला तथ्य यह सामने आया कि पुलिस को अभियुक्त के घर से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी से जुड़ी कोई भी किताब या पठन सामग्री बरामद नहीं हुई।

जाँच में खुलासा हुआ कि खालिद ने 2023 से 2025 के बीच कुल 09 प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए आवेदन किया था। इनमें से वह 05 में शामिल ही नहीं हुआ, और बाकी में उसके अंक बेहद कम थे।सबसे बड़ा संदेह तब गहराया जब पता चला कि खालिद ने कुछ ऐसी परीक्षाओं के लिए भी आवेदन किया था जिनकी शैक्षिक अहर्ताओं को वह पूरा नहीं करता था। एसआईटी अब इस कोण से गहन जाँच कर रही है कि जब वह तैयारी नहीं कर रहा था और योग्य भी नहीं था, तो इन आवे. दनों के पीछे उसकी क्या मंशा थी।

> **एसआईटी को शक, योग्यता न होने पर भी 9 परीक्षाओं में क्यों किया आवेदन?**

## लक्ष्मण चौक वैलफेयर सोसाइटी करेगी 60 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन

### दून के हिन्दू नैशनल इंटर कालेज मैदान में होगा भव्य दशहरे मेले का आयोजन, सीएम धामी व राज्यसभा सांसद बंसल होंगे शामिल

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** असत्य पर सत्य की जीत के प्रतीक के रूप में मनाए जाने वाले दशहरा पर्व को लेकर देहरादून में तैयारियां पूरी कर ली गई है और गुरूवार को अंहकार रूपी रावण के पुतले का दहन लक्ष्मण चौक वैलफेयर सोसाइटी द्वारा हिन्दू नेशनल इंटर कॉलेज मे किया जाएगा।देहरादून के हिन्दू नैशनल इंटर कालेज मैदान में विशाल व भव्य दशहरा मेले का बड़ा आयोजन होता है।लक्ष्मण चौक वैलफेयर सोसाइटी विगत कई वर्षों से दशहरा मेला का आयोजन करता आ रहा है।



मीडिया प्रभारी सिद्धार्थ बंसल ने बताया कि हिन्दू नैशनल इंटर कालेज मैदान में इस बार 60 फीट ऊंचे रावण का पुतला बनाया गया है। रावण,मेघनाद व कुंभकर्ण के पुतलों का गुरुवार शाम को दहन किया जाएगा व लंका दहन भी होगा। वर्षा का मौसम देखते हुए रावण व अन्य पुतलो को रेनकोट पहनाया गया है व एल ई डी लाइट्स से सजाया गया है।रावण तलवार चलाएगा, आंखें टिमटिमाएगा।

आयोजक मंडल के मिडिया प्रभारी सिद्धार्थ बंसल ने बताया कि दशहरा मेला कार्यक्रम में दशानन, कुम्भकरण एवं मेघनाद के बड़े-बड़े पुतलों व भव्य स्वर्ण लंका का निर्माण प्रसिद्ध कारीगरों द्वारा किया गया है।हिन्दू नैशनल इंटर कालेज मैदान में दशहरा मेला की तैयारी पूरी कर ली गई है। दशानन, कुम्भकर्ण व मेघनाद के पुतलों व लंका को तैयार कर मैदान में खड़ा कर दिया गया है।इस बार आतिशबाजी का गजब का नजारा भी देखने को मिलेगा। मीडिया प्रभारी सिद्धार्थ बंसल ने बताया कि माननीय मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ,संस्था संरक्षक राष्ट्रीय सह-कोषाध्यक्ष भाजपा व सासंद राज्य सभा नरेश बंसल व विभिन्न मंत्रीगण, सांसद, विधायकगण कार्यक्रम मे प्रतिभाग कर रावण दहन करेंगे।रावण दहन के बाद आकर्षक एवं मनमोहक आतिशबा. जी की जाएगी। युवा नेता सिद्धार्थ बंसल ने बताया कि इस बार रावण के पुतले को जोधपुरी अचकन, सिल्क की धोती पहनाई गई हैं।साथ ही मेघनाद, कुंभकर्ण, शूपर्णखा और ताड़का के पुतलों व लंका का भी निर्माण किया गया है व मेले मे विभिन्न खान-पान,झुले व खिलौने के स्टाल है साथ ही स्पेशल लाईट एवं साउंड इफेक्ट्स के साथ उच्च कोटी का सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा जिसमे फेम कलाकार भाग लेंगे।

## विक्रेताओं व ग्राहकों को मिला जीएसटी बचत का लाभ

**देहरादून।** अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल के तहत, ग्रेट सेविंग्स सेलि. ब्रेशन जीएसटी बचत उत्सव स्टोरफ्रंट ने विक्रेताओं को उपकरणों, फैशन, रोजमर्रा की जरूरतों और अन्य श्रेणियों में ग्राहकों को कुल 100 करोड़ रुपये से अधिक की जीएसटी बचत का लाभ पहुँचाने में सक्षम बनाया। इस शॉपिंग फेस्टिवल ने अमेजन डॉट इन की पहुंच और डिलीवरी की रफ्तार भी दर्शाई, जहां पहले 24 घंटों में किए गए 40 प्रतिशत ग्राहक ऑर्डर पूरे देश में उसी दिन या अगले दिन डिलीवर कर दिए गए. सिर्फ तीन दिनों के भीतर ही भारत के 100 प्रतिशत सेवा योग्य पिन कोड से ग्राहकों ने अमेजन डॉट इन पर ऑर्डर दिए, जिससे त्यौहार की खुशियां पूरे भारत के घर-घर तक पहुंच गईं।

## व्यापार मंडल अध्यक्ष की सूझबूझ से दुकान स्वामी का चोरी गया माल वापस मिला



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** व्यापार मंडल अध्यक्ष की तत्परता से आनंद मार्केट से चोरी हुआ माल पुलिस द्वारा बरामद कर दुकान स्वामी को सौंप दिया गया। दुकान स्वामी द्वारा व्यापार मंडल का धन्यवाद किया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार चूने वाली गली आनंद मार्केट में स्थित हरि ओम जनरल स्टोर का कुछ माल चोरी हो गया था। चोरी करने वाले व्यक्ति ने उनके केमरे पर हाथ रखकर सामान चोरी की घटना को अंजाम दिया था। दुकान स्वामी द्वारा तुरंत व्यापार मंडल अध्यक्ष हरिओम सिंह को उक्त घटना के संबंध में अवगत कराया। व्यापार मंडल संघ तत्काल उक्त विषय पर कार्यवाही करने हेतु तत्परता से मौके पर पहुंचा और व्यापारी का सामान बरामद करवाकर व्यापारी के सुपुर्द कर दिया। तत्काल कार्रवाई को देखते हुए व्यापारी के चेहरे पर खुशी आ गई। व्यापारी द्वारा व्यापार मंडल का कोटि-कोटि आभार व्यक्त किया गया।

# आपसी तालमेल से ही दूर होगी मानव-वन्यजीव की समस्या: विधायक

**■ विधायकऔर कार्बेट डायरेक्टर डॉक्टर ने किया वन्य प्राणी सप्ताह का शुभारंभ**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** कार्बेट टाइगर रिजर्व में हर साल की तरह इस साल भी मनाया जाने वाला वन्य प्राणी सप्ताह का शुभारंभ विधायक दीवान सिंह बिष्ट और कार्बेट डायरेक्टर डॉक्टर साकेत बडोला ने हरी झंडी दिखाकर किया गया।

इस वर्ष का थीम ह्यूमन वाइल्डलाइफ को-एक्सिस्टेंस" (मानव-वन्यजीव सह-अस्तित्व) रखा गया है। कार्यक्रम की शुरुआत वन एवं वन्य जीव संरक्षण एवं पर्यावरण की सुरक्षा के लिए स्वयं की जीवन शैली में बदलाव लेने के लिए प्रतिज्ञा के साथ की गई। इस अवसर पर हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों से आए बच्चों द्वारा वन्यजीवों का वेश धारण कर प्रभात फेरी निकाली गयी, जिसने सभी को वन्यजीव संरक्षण का संदेश दिया। कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के निदेशक डॉ. साकेत बडोला ने बताया कि वन्य प्राणी सप्ताह के अवसर पर एक अक्टूबर से सात अक्टूबर तक रामनगर क्षेत्र के विभिन्न कार्यालयों में 'बाघ रक्षक आउटरीच कार्यक्रम' के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने छात्र-छात्राओं एवं साइकिलिस्टों से वन्यजीव संरक्षण की दिशा में आगे बढ़कर अहम भूमिका निभाने का आह्वान किया। इस अवसर पर डिप्टी डायरेक्टर राहुल मिश्रा, अमित ग्वासीकोटी, बिन्दर पाल, गणेश रावत, मदन जोशी, नवीन चंद्र पांडे, संजय पांडे, प्रमोद सत्यवली, मोहित राठौड़ आदि मौजूद रहे।



## एक नजर

### फैक्ट्री में वायलर की राख में गिरकर श्रमिक झुलसा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर ।** काशीपुर मार्ग स्थित एक प्लाईवुड फैक्ट्री में वायलर की गर्म राख में गिरकर एक श्रमिक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए चिकित्सालय भर्ती कराया गया है।

जानकारी के अनुसार मूल रूप से मुजफ्फरनगर बिहार निवासी श्रमिक यहां काशीपुर मार्ग पर स्थित प्लाईवुड फैक्ट्री में काम करता है। बताया जाता है कि वह काम के दौरान वायलर की गर्म राख में जा गिरा और गंभीर रूप से झुलस गया । शोर की आवाज होने पर साथी श्रमिकों ने उसे किसी तरह राख से बाहर निकाला। तब तक श्रमिक काफी झुलस चुका था। फैक्ट्री प्रबंधन द्वारा उसे तत्काल उपचार के लिए चिकित्सालय ले जाया गया। जहां उसकी हालत चिंताजनक बताई जा रही है।

### स्मार्ट किड्स कॉन्वेंट पब्लिक स्कूल में मनाया गया दशहरा पर्व

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर ।** तीन पानी डैम स्थित स्मार्ट किड्स कॉन्वेंट पब्लिक स्कूल में बुधवार को दशहरा पर्व धूमधाम से मनाया गया। छात्र-छात्राओं ने रामायण की प्रस्तुति देकर उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया।



शुभारंभ डायरेक्टर प्रवीन कुमार, मैनेजर रेनू यादव, प्रिंसिपल बृजेश मिश्रा ने दीप प्रज्ज्वलित करके किया। उन्होंने कहा कि दशहरा पर्व बुराई पर सच्चाई की जीत का प्रतीक है। हमें भगवान श्रीराम के आदर्शों से प्रेरणा लेनी चाहिए। बच्चों ने मां काली बनकर नृत्य किया और रामायण के पात्रों की भूमिका निभाई। सुंदर-सुंदर भजनों पर छात्रों ने नृत्य किया एवं स्कूल परिसर में वृक्षारोपण अभियान चलाया। समापन पर छात्रों द्वारा रावण के पुतले का दहन किया। प्रधानाचार्य बृजेश मिश्रा ने छात्रों को दशहरा पर्व के बारे में बताया। इस अवसर पर रेनू मिश्रा, शिवानी राणा, कुसुम राणा, स्नेहा, दीपा, शिल्पी, नित्या, निधि एवं नन्हे मुन्ने बच्चे शामिल रहे।

### रामराज रोड़ के गड्ढे में गिरकर चोटिल हो रहे राहगीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** रामराज रोड स्थित लिवाईस शोरूम के सामने दो फिट चौड़ा और नौ इंच गहरा गड्ढा हो गया है, जिसमें रामराज रोड पर दो फिट चौड़े और नौ इंच गहरे गड्ढे में गिरकर राहगीर चोटिल हो रहे हैं। पिछले दो दिनों में गड्ढे के अंदर पहिया घुसने से बाइक के पीछे बैठी महिला उछलकर नीचे सड़क पर गिरकर चोटिल हो गई है। हैवी वाहन की चपेट में आने से कोई बड़ा हादसा हो सकता है। प्रमुख समाजसेवी केशव कुमार पासी ने लोक निर्माण विभाग से जल्द गड्ढा भरवाने की मांग की है।

### दो युवती सहित तीन लोग लापता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** रामनगर में तीन अलग-अलग जगहों से दो युवती सहित तीन लोग रहस्यमय तरीके से लापता हो गए हैं। परिजनों ने पुलिस को तहरीर देकर खोजने की गुहार लगाई है। पुलिस ने तीनों की गुमशुदगी दर्ज कर ली हैं।

रूप सिंह निवासी ग्राम जस्सगाजा मड़ैया चिलकिया ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीते 29 सितंबर को उनकी पुत्री प्रीति जिसकी उम्र 20 वर्ष है वह घर से बिना बताए कही चली गई है।परिजनों ने काफी खोजबीन की लेकिन पता नहीं चल पाया है। अब्दुल कद्दूस निवासी शक्तिनगर ग्राम पुछडी रामनगर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी पुत्री साजिया जिसकी उम्र 22 वर्ष है। वह घर से बिना बताए 23 सितंबर को कही चली गई है। उसकी काफी खोजबीन की लेकिन पता नहीं चल पाया है। कुसुम सैनी निवासी फॉरेस्ट कंपाउंड रामनगर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका पुत्र अभिषेक सैनी जिसकी उम्र 25 वर्ष है। वह 30 सितंबर को दोपहर घर से बिना बताए कही चला गया है। कोतवाली के वरिष्ठ उप निरीक्षक मोहम्मद यूनुस ने बताया कि तहरीर के आधार पर गुमशुदगी दर्ज कर उनकी खोजबीन शुरू कर दी है।

### गाइड टीम ने निकाली रक्तदान जागरूकता रैली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छात्राओं ने किया लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित**

**बाजपुर।** आदर्श कन्या इण्टर कॉलेज की उपाध्याय गाइड टीचर रेखा के नेतृत्व में गाइड टीम ने रक्तदान जागरूकता रैली निकाली। विद्यालय परिसर से रैली बाजपुर के उप जिला चिकित्सालय में पहुंची। छात्राओं द्वारा लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित किया गया । स्वास्थ्य केंद्र में आज शिविर भी लगा हुआ था। जहां लोगों के द्वारा रक्तदान भी किया गया।

### संदिग्ध अवस्था में पेड़ पर लटका मिला शव, जांच में जुटी पुलिस

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**गदरपुर।** घर से लापता एक व्यक्ति का शव पेड़ पर लटकर हुआ मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पेड़ से उतारकर पंचनामा भरने के उपरांत पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गदरपुर थाना क्षेत्र के गांव कुंदन नगर निवासी चालीस वर्षीय संजीव चावला सोमवार की रात से घर से गायब हो गया था, जिसकी परिजनों एवं ग्रामीणों द्वारा निरन्तर तलाश करने के साथ ही पुलिस को सूचना दी गई थी, जिसका पता नहीं चल पाया। वहीं बुधवार की सुबह एक ग्रामीण ने लापता का शव भाखड़ा नदी के किनारे पर खड़े पेड़ में लटकता हुआ अवस्था में देखा। उसने इसकी सूचना अन्य गांव वालों को दी। जानकारी मिलने पर मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों व पुलिस ने पहुंच कर शव को पेड़ से उतार कर शव का पंचनामा भरकर उसे पीएम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है कि मौत किन कारणों और किन परिस्थितियों के चलते हुई है इसकी जानकारी पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने के बाद हो सकेगी।

### भारतीय किसान यूनियन की बैठक में कई प्रस्ताव पारित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गदरपुर ।** भारतीय किसान यूनियन की एक बैठक आयोजित की गई बैठक के दौरान कई प्रस्तावों पर चर्चा करने के उपरांत विभिन्न प्रस्ताव पारित किए गए। बुधवार को नवीन मंडी समिति सभागार में क्षेत्र के प्रगतिशील किसान करनैल सिंह की अध्यक्षता में किसानों की मासिक बैठक आयोजित की गई। भारतीय किसान यूनियन के ब्लॉक अध्यक्ष राजेंद्र सिंह मक्कड़ द्वारा निम्न प्रस्ताव पारित किए गए, जिसमें इसी माह में धान की फसल की आवक शुरू होने की उम्मीद है, लेकिन अभी तक सरकारी क्रय केंद्र स्थापित नहीं किए गए हैं। किसानों को अपनी फसल खरीदने के लिए तौल मशीनें लगाए जाने, काशीपुर की तरह खुले धान पर 6.5 किलाग्राम प्रति क्विंटल की कटौती किए जाने,मंडी में धान की खरीद बोली के माध्यम से किए जाने और बोली का समय शाम 4:00 बजे रखे जाने,जिला मजिस्ट्रेट को दिए गए आवेदन में किसान और मिल मालिक के बीच हुए समझौते के आधार पर धान की खरीद किए जाने,धान खरीद के लिए एक पोर्टल खोले जाने ताकि कच्चे धान की खरीद एक साथ हो सके सहित अन्य प्रस्ताव पारित किए गए।

इस मौके पर हरभजन सिंह, अशोक सेठी, वीरेंद्र सिंह, इशाक अली,बलबीर सिंह, सेवक सिंह ,मुख्तार सिंह,बंटी मैंनी,गुरुणवीर सिंह, हरवपिंदर सिंह सिंह आदि किसान मौजूद रहे ।

## दुर्गा पूजा महोत्सव में उमड़े भक्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** श्री श्री सार्वजनिक शारदीय महोत्सव के अवसर पर ट्रांजिष्ट कैम्प में आयोजित दुर्गा पूजा कार्यक्रम में विधायक शिव अरोरा शामिल हुए। नवरात्री के पवित्र माह पर जगह-जगह बंगाली संस्कृति पर आधारित दुर्गा पूजा पंडाल मे दुर्गा माई के सुन्दर मनमोहक दरबार सजे नजर आ रहे है। विधायक अरोरा बोले नवरात्रि का यह पर्व शक्ति की उपासना का पर्व मना जाता है।

ट्रांजिष्ट कैम्प दुर्गा पूजा मैदान में आयोजित दुर्गा पूजा महोत्सव पर विधायक अरोरा शामिल हुए जहां दुर्गा मैया का उन्होंने आशीर्वाद लिया ओर कमेटी सदस्यों द्वारा विधायक को अगवस्त्र भेट कर सम्मानित किया। इस दौरान विधायक शिव अरोरा ने कहा नवरात्री के माह मे वह हर वर्ष रुद्रपुर विधानसभा व आस पास के क्षेत्रों मे आयोजित होने वाले दुर्गा पूजा कार्यक्रम मे शामिल होते आये है वही जिस प्रकार दुर्गा पूजा पंडाल सजे नजर आते है वह बताता है दुर्गा मैया के प्रति हमारे हिन्दुओ, बंगाली समाज की कितनी आस्था है। इस दौरान कमेटी अध्यक्ष कार्तिक चक्रवर्ती, भाजपा जिला महामंत्री तरुण दत्ता, सुरेश कोली, दिलीप अधिकारी, शंकर विश्वास, अभिषेक दास गुप्ता, सुबीर दास, आदेश भारद्वाज, सुजीत दास, मनोज दास, वीरधन आचार्य, विपुल साह, अनुज पुरकाष्ठ, मानस बैरागी, आदि लोग मौजूद रहे।



## वैष्णो देवी मंदिर में मां भगवती की भक्ति में डूबे भक्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** वैष्णवी शक्तिपीठ आश्रम ( वैष्णो देवी मंदिर) पूज्यनीय वैष्णवी शक्ति पीठाधीश्वरी ब्रह्मलीन मां हंसेश्वरी भारती महाराज स्वर्ग फार्म वाली देवी के स्थान पर महाअष्टमी का उत्सव धूमधाम से मनाया गया।

सर्वप्रथम भक्तों द्वारा कीर्तन करकर पूज्यनीय स्वर्ग फार्म वाले देवी के तपोस्थली के पट खुले जिसके बाद भक्तों ने ब्रह्मलीन माता के स्वरूप के दर्शन किए व शीश नवाया। मंदिर प्रांगण में हवन का आयोजन भी हुआ, जिसमें सभी अनुयायियों ने सहभागिता दर्ज कराई। फिर सभी भक्तों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। इसी के साथ रात्रि में विशाल मां भगवती जागरण का आयोजन किया जिसका पूजन चमन लाल अरोड़ा के परिवार द्वारा कराया गया। वैष्णो भजन मंडल ने भजनों की श्रृंखला में भगवती आह्वान, गणेश वंदना, फूलों की वर्षा , गुरु वंदना के बाद भक्त रमेश ने सुंदर भजनों की पेशकश की जिसके बाद मुरादाबाद से आए भजन सम्राट पप्पू चावला ने सुंदर भजनों की पेशक से समा बांधा। महंत श्याम खुराना ने तारा रानी का सुंदर इतिहास सुनाया। तत्पश्चात आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया।

इस मौके पर विधायक शिव अरोरा, पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल , अमित नारंग, सतनाम सिंह पप्पू , राजकुमार सीकरी , पल्ली गाबा, संजय ठुकराल , हरीश अरोड़ा,नरेश कुमार घई, जगदीश अरोड़ा , विपिन अरोड़ा ,रोहित अरोड़ा, चमन लाल अरोड़ा, राजीव ग्रोवर, राजेश ग्रोवर, रूबी, राकेश डूडेजा , गिरीश साहनी,सूरज कक्के, शम्मी अरोड़ा, सुरेंद्र गुंबर, गौरव गुंबर, जिगर गुंबर, अमर खत्री, अरविंद मिश्रा, पवन घई, राजीव गई , अंशु छाबड़ा, जुगनू , हुकमसिंह भंडारी, सोनू , पूजा घई, आरती घई, बिमला , कंचन डीयू, प्रीति ग्रोवर सुषमा अग्रवाल, पवन अग्रवाल, जया आनंद, सुनीता अरोड़ा, नीलम , मोना, सीमा पोपली , राखी उप्पल, कविता सोढ़ी, निशा, गगन गुंबर, मनु गुंबर आदि लोग मौजूद थे।



# पुलिस के खिलाफ फूटा छात्रों का गुस्सा

**■ आधी रात को छात्र नेता की गर्भवती पत्नी और पिता को घर से उठाया, मारपीट का भी आरोप**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर ।** छात्र संघ चुनाव की नामांकन प्रक्रिया के दौरान हुए गोलीकाण्ड के मामले में आरोपियों की धरपकड़ में जुटी कोतवाली पुलिस ने देर रात तक नामजद छात्र नेता सचिन गंगवार के घर दबिश देकर उसकी पत्नी और पिता को हिरासत में ले लिया। आरोप है कि सचिन गंगवार की गर्भवती पत्नी के साथ मारपीट भी की गई। पुलिस ने दूसरे आरोपी अमृतपाल के घर भी आधी रात को दबिश दी। यहां पुलिस पर अमृत पाल की मां से अभद्रता किये जाने का आरोप है। पुलिस की इस कार्रवाई के खिलाफ छात्रों का गुस्सा फूट पड़ा देर रात को ही कई छात्र कोतवाली में धरने पर बैठ गये। छात्रों ने पुलिस कार्रवाई का विरोध करते हुए कोतवाल को हटाने और गर्भवती से मारपीट करने वाली महिला कांस्टेबल के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।

बता दें छात्र संघ चुनाव से पूर्व नामांकन के दौरान कालेज के गेट के बाहर छात्रों के दो गुटों के बीच झड़प हुई थी, जिसमें सरेआम फायरिंग भी हुई। इस मामले में पुलिस ने वायरल हो रही वीडियों के आधार पर कई युवकों को नामजद किया था, जिसमें कई आरोपी अभी फरार हैं। जिनमें पूर्व छात्र संघ सचिव सचिन गंगवार और अमृत पाल भी शामिल हैं। पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दे रही है। इसी के तहत पुलिस की एक टीम मंगलवार देर रात सचिन गंगवार के भूतबंगला स्थित घर पर दबिश देने पहुंची। आरोप है कि छात्रसंघ पूर्व सचिव सचिन गंगवार की गैर मौजूदगी में पुलिस कर्मियों ने उसकी गर्भवती पत्नी लता गंगवार और पिता ओमप्रकाश गंगवार को जबरन अपनी हिरासत में ले लिया। पुलिस टीम ने रात को ही प्रीत विहार में अमृतपाल के घर में भी दबिश दी। आरोप है कि उसकी मां से अभद्रता कर घर में सारा सामान अस्तव्यस्त कर दिया गया। इसके विरोध में रात को ही कई छात्र पुलिस के खिलाफ मुखर हो गए और कोतवाली परिसर में स्थित सीओ कार्यालय के समक्ष धरना शुरू कर दिया। छात्रों का कहना था कि पुलिस कर्मियों ने लता गंगवार के पेट में लातें मारी और पिता को थप्पड़ मारे। जिससे उनको चोटें आईं। छात्र नेताओं का कहना है कि बार-बार पूछने पर भी पुलिस अधिकारी लता गंगवार और ओमप्रकाश गंगवार को हिरासत में लेने की वजह नहीं बता रहे हैं। इस प्रकरण का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल होना बताया गया है। छात्रों के भारी विरोध के चलते पुलिस ने प्रातः लता गंगवार को हिरासत से मुक्त कर दिया, परंतु ओमप्रकाश अभी भी पुलिस हिरासत में हैं। छात्र नेताओं ने स्पष्ट किया है कि जब तक पुलिस माफी मांगकर ओमप्रकाश गंगवार को नहीं छोड़ेगी आंदोलन जारी रहेगा। छात्रों ने लता गंगवार को जिला चिकित्सालय ले जाकर उनका उपचार करवाया। छात्रों का यह भी आरोप है कि छात्र नेता अमृतपाल सिंह के घर में भी पुलिस टीम रात्रि में पहुंची और घर का कुंडा तोड़ जबरन भीतर जा घुसी। उसकी माता ने बताया कि पुलिस कर्मियों ने उसके साथ अभद्रता की और अमृतपाल के कमरे में रखा सारा सामान अस्तव्यस्त कर दिया। पुलिस कर्मी अमृतपाल के बारे में पूछ रहे थे। दोपहर को पुलिस ने सख्ती दिखाते हुए छात्रों को धरने से जबरन हटा दिया। मामले को लेकर पुलिस के खिलाफ छात्रों में आक्रोश है। इस दौरान सुमित, किशन, छात्रसंघ अध्यक्ष रजत सिंह बिष्ट, सचिव जसवंत सिंह, उपाध्यक्ष चेतन भट्ट , विवि प्रतिनिधि मोहित चन्द्र भट्ट , उप सचिव मोहन कोली, कमल कांत, राज उपदेश सागर, करन दिवाकर, गौरव शुक्ला, अंग्रेज सिंह, रामप्रकाश यादव, कमल पोपली, सौरभ राजपूत, गिरीश पाल, गोपाल पटेल, अंकित प्रजापति, ज्योति, आकाश आदि मौजूद थे।



## श्री राम के दूत अंगद ने समझाया पर रावण ना माना, युद्ध का हुआ ऐलान

**■ लक्ष्मण हुए मूर्छित, श्री राम हुए व्याकुल, हनुमान बने संकट मोचन तो जीवित हुए लक्ष्मण**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** श्री शिव नाटक क्लब द्वारा आयोजित रामलीला मंचन के बारहवें दिन प्रभु श्री राम की लीला का शुभारंभ उत्तरांचल युवा पंजाबी महासभा के प्रदेश अध्यक्ष भारत भूषण चुघ एवं सनातन धर्म सभा के पदाधिकारियों अध्यक्ष महेश बब्बर, महामंत्री ओमप्रकाश अरोरा, विजय जग्गा, बोबी अरोरा, राकेश सुखीजा संयुक्त रूप से विधिवत रूप से पूजन कर एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। रामलीला के मंचन में क्षेत्रीय विधायक शिव अरोरा का भी सानिध्य प्राप्त हुआ। उन्होंने सभी राम भक्तों को राम जी के आदर्शों पर चलने का आहवाहन किया

भारत भूषण चुघ ने प्रभु श्री राम की महिमा का बखान करते हुए कहा कि श्री राम ने पूरा जीवन मर्यादा में रहकर जिया। जीवन में कभी भी मर्यादा का उल्लंघन नही किया, हम भी प्रभु राम जी के आदर्शों पर चलकर उत्तम जीवन जी सकते हैं।

रामलीलाओं के मंचन का उद्धेश्य तभी सफल होगा जब हम प्रभु श्री राम जी के आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करेंगे। रामलीला के मंचन में रावण अंगद संवाद,युद्ध का ऐलान, मेघनाद लक्ष्मण युद्ध ,शक्ति प्रयोग, लक्ष्मण मूर्छा, श्री राम का विलाप तक की लीला का मंचन किया गया, जिसमें रावण की भूमिका अतुल बांगा, अंगद दिव्यम घई, मेघनाद गौरव गांधी, कुंभकरण पुष्कर नागपाल, राम गौरव अरोरा, लक्ष्मण रवि कक्कड़, सुग्रीव विशान्त भसीन, हनुमान सन्नी कक्कड़, विभीषण विशाल गुंबर, सुषेण वैध बिट्टू अरोरा ,मंत्री पंकज कालरा को विशेष रूप से सराहा गया। मंच संचालन जॉली कक्कड़ द्वारा किया गया।

# गांधी पार्क में आज दहन होगा रावण का पुतला, तैयारियां पूरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर ।** शहर के गांधी पार्क में दशहरा मेले की तैयारियां अंतिम चरण में हैं । आाज गुरुवार की शाम रावण, कुंभकर्ण और मेघनाद के पुतले जोरदार आतिशबाजी के साथ जलाए जाएंगे। प्रशासन पहले ही सुरक्षा के कड़े इंतजाम कर चुका है और दर्शकों की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए बैरिकेडिंग व मार्ग प्रबंध की व्यवस्था पूरी हो चुकी है।



इस बार भी पुतले बनाने की जिम्मेदारी रामपुर के मुन्ने कारीगर को दी गई है। शहबाज गेट रामपुर निवासी मुन्ने दशकों से दशहरे के अवसर पर रावण, मेघनाद और कुंभकर्ण के पुतले बनाते आ रहे हैं। इस काम में उनका पुत्र गुड्डू तथा बवनपुरी निवासी अरबाज उनका साथ देते हैं। मुन्ने ने बताया कि उन्होंने पिछले एक पखवाड़े से इन तीनों पुतलों पर मेहनत की है। शाम तक ये सभी पुतले पूरी तरह तैयार हो जाएंगे और उनमें आतिशबाजी की व्यवस्था कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि कल सुबह इन्हें गांधी पार्क में निर्धारित स्थान पर स्थापित किया जाएगा और शाम को आतिशबाजी के बीच दहन होगा। मेले की तैयारियों में नगर निगम, पुलिस और रामलीला कमेटी ने मिलकर कार्य किया है।

गांधी पार्क में दशहरा पर्व के आयोजन के लिए बैरिकेडिंग का कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है। अतिथियों के लिए बैठने की व्यवस्था पुख्ते स्तर पर हुई है। मार्ग संचालन के लिए आने-जाने वाले रास्तों को साफ और व्यवस्थित किया गया है ताकि भीड़-भाड़ में व्यवधान न हो। रामलीला मंचन के दौरान अव्यवस्था न हो, इस दृष्टि से कमेटी ने सभी आवश्यक इंतजाम कर लिए हैं। पुलिस अधिकारियों ने आयोजन स्थल का जायजा लिया और सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की।

## केस वापस नहीं लेने पर दी जान से मारने की धमकी

**■ सुपारी लेकर हत्या की साजिश रचने का आरोप**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** श्रम न्यायालय में श्रमिकों की ओर से दायर केस वापस लेने का दबाव बनाए जाने को लेकर आजाद नगर निवासी सुनीता ने थाना ट्रांजिट कैंप में गंभीर आरोप लगाते हुए जान से मारने की धमकी, अश्लील गाली गलौच और मानसिक उत्पीड़न की शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार वार्ड नंबर 7 निवासी सुनीता पत्नी धर्मेंद्र सिंह ने तहरीर में आरोप लगाया कि 16 सितंबर की रात को उनके मोबाइल पर लगातार कई बार फोन कॉल कर उन्हें और उनके पति को जान से मारने की धमकी दी गई। कॉल करने वालों में निखिल गंगवार, सूरज पुत्र प्यारेलाल, और हरपाल चौधरी शामिल थे। आरोप है कि निखिल गंगवार ने खुद को पीपी ऑटो इनोवेटर्स यूनिट-03, सिडकुल पंतनगर के सुरक्षा प्रमुख लाल सिंह गंगवार का रिश्तेदार बताया और फोन पर गंदी-गंदी गालियां देते हुए कहा कि यदि श्रमिकों के श्रम न्यायालय में चल रहे मुकदमे वापस नहीं लिए गए, तो उन्हें सुपारी लेकर जान से मार दिया जाएगा। सुनीता ने बताया कि यह पूरी साजिश कंपनी के मालिक प्रिंस धवन और सुरक्षा प्रमुख लाल सिंह गंगवार के इशारे पर की जा रही है। उन्होंने पूर्व में भी कई बार फोन कर समझौते का दबाव बनाने और धमकी देने के आरोप लगाए हैं। कॉल रिकॉर्डिंग और कॉल डिटेल्स पुलिस को सौंपी गई हैं।

पीड़िता ने यह भी कहा कि 29 अगस्त को निखिल गंगवार उनके घर पर भी आ चुका हैं और तब भी दबाव बनाया गया था। तीनों आरोपी पीड़िता के पति के पैतृक गांव गहबरा, मीरगंज, बरेली (उत्तर प्रदेश) के निवासी बताए जा रहे हैं। सुनीता ने आरोप लगाया कि आरोपी नशे की हालत में रहते हैं और आपराधिक प्रवृत्ति के हैं, जिनमें से एक पर हत्या और जानलेवा हमले के मुकदमे भी दर्ज हैं। एफआईआर में जान से मारने की धमकी, महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाना, मानसिक उत्पीड़न, और अश्लील गालियों जैसे गंभीर आरोप दर्ज किए गए हैं।

थाना ट्रांजिट कैंप पुलिस ने तहरीर के आधार पर निखिल गंगवार, सूरज पाल, हरपाल चौधरी, सुरक्षा हेड लाल सिंह गंगवार और कंपनी मालिक प्रिंस धवन के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। मामले की जांच की जा रही है।

## राष्ट्रीय रक्तदाता दिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** राष्ट्रीय रक्तदाता दिवस के अवसर पर जसपुर ब्लड सेंटर, जसपुर में एक रक्तदान शिविर आयोजित हुआ, जिसने केवल जीवन नहीं बचाया गया, बल्कि समाज को उसकी जिम्मेदारी की याद भी दिलाई।

शिविर का उद्घाटन किसान नेता/समाज सेवी जगतार सिंह बाजवा ने किया। अपने संदेश में उन्होंने कहा कि सच्चा नेता केवल सत्ता में नहीं, बल्कि सेवा में दिखता है। मुख्य अतिथियों की सूची इतनी लंबी थी कि यह समाज की अनदेखी असफलताओं पर व्यंग्य करती प्रतीत होती है, जिसमे व्यापार मंडल अध्यक्ष हरिओम सिंह, प्रधान संघ अध्यक्ष गुरमेज सिंह, सुरजीत ढिल्लों, डॉ. केपी सिंह, डॉ. सौरभ परमार, गोविंदराम, रघुनंदन मिश्रा, बाब्बू सागर, कमलजीत सिंह और लड्डी संधू आदि मौजूद रहे। किसान नेता जगतार सिंह बाजवा ने स्वयं भी रक्तदान किया। उन्होंने बताया कि यह उनका 63वां रक्तदान था एक ऐसा आंकड़ा जो मौन भाषा में कहता है कि सच्ची सेवा, शोर-शराबे और दिखावे की मोहताज नहीं होती।रक्तदान सबसे बड़ा दान है, जो अपनी जान से दूसरों की जान बचाता है, वही असली नायक है।यदि हम चाहते हैं कि समाज बदलें, तो यह दिखावा नहीं, बल्कि सच्ची सेवा और अपने रक्त का योगदान ही क्रांति है।

रक्तदान करने वालों ने समाज को यह सिखाया कि कितने भी बड़े भवन, कितनी भी भव्यता, जब तक इंसानियत का रक्त बहता नहीं, तब तक समाज अधूरा है। इस अवसर पर कार्यक्रम में ब्लड बैंक इंचार्ज संजीव द्वारा सभी रक्तदाताओं को स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। यह प्रतीक नहीं, बल्कि एक चुनौती है समाज के उन हिस्सों के लिए जो केवल दिखावे और राजनीति में व्यस्त हैं, और मानवता की जमीन पर कदम रखना भूल गए हैं।



# आपदाकाल में देवदूत बनकर आए जुबिन नौटियाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** उत्तराखंड में आई भीषण आपदा से पहाड़ के लोगों का जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है. जगह जगह पर सड़के टूटी हैं, लोगों के घर, मवेशी, खेत खलियान और रोजगार के साधन इस भीषण आपदा की भेंट चढ़ गयें हैं.. आपदा के कारण कई लोगों की मृत्यु हो चुकी है. आपदा का दंश झेल रहे लोगों की मदद के लिए उत्तराखंड के लाल और बॉलीवुड़ सिंगर जुबिन नौटियाल और नौटियाल परिवार आगे आए हैं।



नौटियाल परिवार द्वारा देहरादून के सहस्त्रधारा क्षेत्र के कार्लीगाड़ और मझाड़ा गांवों में आपदा पाड़ित परिवारों के लिए सहयोग राशि दी गई, यह राशि जुबिन के पिता और भाजपा नेता रामशरण नौटियाल के द्वारा लोगों को चेक देकर की गई, इसके साथ भाजपा नेता रामशरण नौटियाल ने आपदा पीड़ितों का दुख दर्द बांटा, स्थानीय निवासी मोहर सिंह ने भाजपा नेता रामशरण नौटियाल को बताया कि आपदा के सैलाब में उनका 20 साल का बेटा उनकी आंखों के सामने ही दल दल में डूब गया, वो नम भरी आंखों से उस मंजर को याद करके फफक कर रो पड़े, जिस भाजपा नेता रामशरण नौटियाल ने गमगीन आंखों के साथ उन्हे सहारा देकर उनका दुरूख दर्द बांटा।

आपदा की इस कठिन घड़ी में जुबिन नौटियाल ने आपदा पीड़ितों का दु:ख बांटने के साथ-साथ बेघर हुए कुछ लोगों को अपने तथा परिवारजनों की ओर से कुछ तात्कालिक सहयोग राशि पहुंचाई। इसके साथ ही भाजपा नेता रामशरण नौटियाल ने आपदा पीडितों के इन गांव के परिवारों को कम्बल और अन्य सामग्री भी दी। आपको बता दें इससे पहले जुबिन नौटियाल के द्वारा कोरोना काल के दौरान भी लोगों की मदद के लिए आगे आए थे। इस मौके पर भाजपा नेता रामशरण नौटियाल ने कहा कि जुबिन और नौटियाल परिवार उत्तराखंड़ के हर सुख दुख में साथ हैं। जुबिन द्वारा कृपाल सिंह पुत्र इंद्र सिंह रावत ग्राम कार्लीगाड़ मझाड़ा, सुमेर चन्द पुत्र मुसदी ग्राम मझाड़ा, प्रेम सिंह पुत्र मूसदी ग्राम मझाड़ा, सुन्दर सिंह पुत्र खिलारू ग्राम मझाड़ा, मोहर सिंह पुत्र इंदर सिंह ग्राम मझाड़ा, राम सिंह पुत्र ईतवार सिंह ग्राम मझाड़ा समेत कई लोगों को सहायता राशि प्रदान की गई।

## खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय के साथ किया अनुबंध

**देहरादून।** नेस्ले इंडिया ने खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय (एमओएफपीआई) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इस अनुबंध के तहत ओडिशा और जहां-जहां इसकी फैक्ट्रियां मौजूद हैं, उन जगहों पर ग्रीन फील्ड और ब्राउन फील्ड परियोजनाओं में निवेश को बढ़ाया जाएगा। इस सहमति पत्र पर नई दिल्ली में वर्ल्ड फूड इंडिया समिट 2025 में हस्ताक्षर किए गए। नेस्ले इंडिया के चेयरमैन और प्रबंध निद. ेशक, मनीष तिवारी ने कहा कि, "खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय के साथ इस सहमति पत्र पर हस्ताक्षर ओडिशा और मौजूदा विनिर्माण स्थानों में ग्रीन फील्ड और ब्राउन फील्ड परियोजनाओं में खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में निवेश करने की नेस्ले इंडिया की प्रतिबद्धता को दिखाता है।

## एक नजर .......

### कांग्रेस शुरू करेगी नशे के विरूद्ध अभियान: नवप्रभात

**विकासनगर।** पूर्व कैबिनेट मंत्री नवप्रभात के नेतृत्व में कांग्रेस विक. ासनगर क्षेत्र में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जयंती के मौके पर 2 अक्टूबर से 'नशा छोड़ो, भारत जोड़ो" अभियान के तहत स्मैक और ड्रग्स के विरुद्ध जन आंदोलन की शुरुआत करने जा रही है। पूर्व कैबिनेट मंत्री नव प्रभात ने कहा यह अभियान 2024 में भी चलाया गया था, लेकिन राजनीतिक घटनाक्रमों के चलते इसे कुछ समय के लिए स्थगित कर दिया गया था, अब एक बार फिर से इस जन जागरण अभियान की शुरुआत की जा रही है। जिसके तहत लोगों से हस्ताक्षर कराए गए थे। एक ज्ञापन राज्य सरकार को प्रेषित किया था, लेकिन डेढ़ साल बीतने के बाद भी सरकार ने इसका कोई संज्ञान नहीं लिया। उन्होंने कहा कि विकासनगर केवल यमुना घाटी ही नहीं बल्कि पड़ोसी राज्य हिमाचल के लिए भी स्मैक का केंद्र भी बन गया है। यह बहुत चिंताजनक स्थिति है। उन्होंने कहा कि नई पीढ़ी बहुत प्रभावित हो रही है, इसलिए विकासनगर के हर परिवार को इस आंदोलन के माध्यम से संपर्क किया जाएगा, उनका समर्थन मांगा जाएगा, ताकि सरकार चेते और कोई प्रभावी कार्रवाई करें।

### स्वयंसेवियों को स्वच्छता रखने पर दिया गया जोर

**विकासनगर।** सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज डाकपत्थर के राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा के अवसर पर विद्यालय परिसर की स्वच्छता कराई गई जिसमें सभी ने भाग लिया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य अनुसूया प्रसाद जखमोला ने सभी स्वयंसेवियों को अपने विद्यालय परिषद अपने पास पड़ोस में स्वच्छता रखने पर जोर दिया। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ अखिलेश, अभिजीत, तपन, कमलेश, दिवाकर, दीपक, कालिका, तथा स्वयंसेवी रिया चौहान, आदर्श तोमर, शेखर वर्मा, प्राची नेगी, निकिता चौहान, वंशिका राणा, वंशिका जोशी उपस्थित रहे।

### एथलेटिक्स में सृष्टि ने विद्यालय का किया नाम रोशन

**विकासनगर।** सरस्वती विद्या मंदिर एटा, उत्तर प्रदेश में विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान द्वारा आयोजित 37 वीं क्षेत्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज बाबूगढ़ विकासनगर की सृष्टि रावत ने 400 मीटर दौड़ में उत्तराखंड की ओर से प्रतिभाग किया तथा मेरठ व ब्रज प्रांत से आए प्रतिभागियों को हराकर जीत दर्ज की व गोल्ड मेडल प्राप्त कर उत्तराखंड व विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य कलीराम भट्ट ने सृष्टि रावत को विद्यालय में मेडल देकर सम्मानित किया तथा विजयी होने पर हार्दिक बधाई दी व उज्जवल भविष्य की कामना की।

### शिवालिक स्कूल की छात्राओं ने डांडिया नृत्य पेश कर सभी का मन मोहा

**विकासनगर।** नवरात्रि के अवसर पर शिवालिक अकादमी में भव्य एवं सुसंस्कृत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत देवी स्तुति से हुई, जिसने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इसके बाद शिक्षक जगदीप ने शिक्षक प्रकाश के साथ मिलकर भावपूर्ण भजन प्रस्तुत किया।

# रक्तदान को 66 हजार लोगों ने किया पंजीकरण: डॉ. रावत

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** स्वस्थ नारी, सशक्त परिवारष अभियान के तहत प्रदेशभर में आयोजित रक्तदान शिविरों में अब तक 66 हजार से अधिक लोगों ने ई-रक्तकोष पोर्टल पर स्वैच्छिक रक्तदान के लिये अपना पंजीकरण कराया है। वहीं, 8 हजार से अधिक लोगों ने इन शिविरों में रक्तदान भी किया है।



■ रक्तदान शिविरों में 8 हजार से अधिक यूनिट रक्त एकत्रित

चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन 17 सितम्बर से यह विशेष अभियान प्रारम्भ किया गया है। अभियान के अंतर्गत राज्यभर के राजकीय मेडिकल कॉलेज, जिला एवं उप जिला अस्पताल, संयुक्त अस्पताल, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तथा आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में स्वास्थ्य एवं रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।

डॉ. रावत ने बताया कि अब तक 66,878 लोगों ने स्वैच्छिक रक्दान के लिये ई-रक्तकोष पोर्टल पर अपना पंजीकरण कराया है। इनमें अल्मोड़ा में 3891, बागेश्वर 525, चमोली 999, चम्पावत 1686, देहरादून 6539, हरिद्वार 6004, नैनीताल 6026, पौड़ी 9006, पिथौरागढ़ 1383, रुद्रप्रयाग 1418, टिहरी 15901, ऊधमसिंह नगर 11370 तथा उत्तरकाशी से 2130 लोग शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, 8,779 लोगों ने रक्तदान शिविरों में स्वैच्छिक रक्तदान भी किया है।

उन्होंने बताया कि वर्तमान में प्रदेशभर में 67 ब्लड बैंक क्रियाशील हैं जिनकी रक्त संग्रहण क्षमता 39,750 यूनिट हैं। उन्होंने कहा कि इस अभियान के दौरान आयोजित रक्तदान शिविर न केवल स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूती प्रदान कर रहे हैं, बल्कि महिला सशक्तिकरण और परिवार की समृद्धि की भावना को भी सशक्त बना रहे हैं।

डॉ. रावत ने कहा कि रक्तदान शि. विरों से जहाँ रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित होती है, वहीं यह समाज को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनाने का भी सशक्त माध्यम है। उन्होंने बताया कि पखवाड़े भर चले ष्स्वस्थ नारी, सशक्त परिवारष अभियान से लाखों लोग लाभान्वित हुए हैं। स्वास्थ्य शिविरों में एनीमिया, कैंसर, हाइपरटेंशन, डायबिटीज, टीबी समेत अन्य गैर-संचारी रोगों की नि:शुल्क जांच की गई, साथ ही गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच और निक्षय मित्र पंजीकरण भी किया गया।

# दौड़ में तनु व नासिर हुसैन ने मारी बाजी




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जन्म दिवस के अवसर पर युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग के तत्वावधान से विकासखंड विकासनगर के अंतर्गत क्रॉस कंट्री सद्भावना दौड़ का आयोजन ओपन बालक बालिका वर्ग में ग्राम पंचायत लंघा में किया गया।प्रतियोगिता में बालिका वर्ग में प्रथम स्थान पर तनु, द्वितीय गुंजन, तृतीया खुशी तथा अंशी चौथे स्थान पर रही। बालक वर्ग में नासिर हुसैन प्रथम, आदर्श द्वितीय, आर्यन तृतीय तथा अभीत चतुर्थ स्थान पर रहे। इस दौरान कार्यक्रम स्थल पर ग्राम पंचायत लंघा की प्रधान उजला तोमर, क्षेत्र पंचायत सदस्य लांघा सुनीता, क्षेत्र पंचायत सदस्य ढलानी आशीष, सहायक अध्यापक अशोक कुमार, क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल अधिकारी रीना जुयाल, सत्यपाल, अनिल सुदर्शन, मनमोहन, मदन मोहन आदि मौजूद रहे।

# 5.17 ग्राम स्मैक के साथ एक युवक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** कोतवाली श्रीनगर पुलिस ने 5.17 ग्राम स्मैक के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। युवक के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।



कोतवाली प्रभारी निरीक्षक जयपाल सिंह नेगी ने बताया कि कीर्तिनगर पुल के समीप चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग के दौरान पुलिस ने स्कूटी सवार युवक को रोका। बताया कि शक होने पर युवक की तलाशी ली गई तो युवक से 5.17 ग्राम स्मैक बरामद हुआ। मौके पर स्कूटी को भी सीज किया गया। बताया कि गिरफ्तार 30 वर्षीय पंकज रावत नगर के उफल्डा क्षेत्र का रहने वाला है।

पूछताछ में युवक ने बताया कि वह स्मैक को रामपुर (उत्तर प्रदेश) से लाकर श्रीनगर में सप्लाई करने वाला था। कहा युवक के आपराधिक इतिहास की जांच करने के साथ एनडीपीएस एक्ट में मुक. दमा दर्ज कर लिया गया है। बताया कि नशे के विरुद्ध लगातार नगर क्षेत्र में जागरूकता व चेकिंग अभियान चलाए जा रहे हैं। बताया कि इस वर्ष अभी तक 9 नशा तस्करों को पुलिस गिरफ्तार कर चुकी है।

# सेपियंस स्कूल में रामनवमी एवं दशहरा का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** द सेपियंस स्कूल हरबर्टपुर तथा विकास नगर में धार्मिक पर्वों का उत्साहपूर्ण आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने मिलकर रामनवमी तथा दशहरा को हर्षोल्लास के साथ मनाया।



विद्यार्थियों ने रामनवमी एवं दशहरे से जुड़े सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए तथा कनिका वर्मा स्वरचित कविता प्रस्तुत की जिनमें नन्हे मुन्ने छात्रों के द्वारा राम परिवार का रूप धारण करना अत्यंत आकर्षण का केंद्र रहा।

इसके साथ ही विद्यालय निदेशिका, प्रधानाचार्या एवं सभी शिक्षकों द्वारा रामायण आरती की गई जिससे संपूर्ण वातावरण भक्तिमय हो गया। इस मौके पर विद्यालय निदेशिका रश्मि गोयल, स्कूल सेक्रेटरी महोदय रविकांत सपरा, प्रबंधक रशिता सपरा व सभी शिक्षक उपस्थित रहे।

साथ ही सेपियंस विद्यालय विकास नगर में बुराई पर अच्छाई के प्रतीक के रूप में मनाया जाने वाला पर्व दशहरा का आयोजन किया गया। इसमें छोटी छोटी बालिकाओं द्वारा मां का स्वरूप धारण किया गया साथ ही रामलीला के विभिन्न दृश्यों का आयोजन भी किया गया।


**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ( वि0/यॉ0 ) ग्रामीण निर्माण विभाग, उत्तराखण्ड तपोवन मार्ग, रायपुर रोड, देहरादून।**

पत्रांक 826 / ग्रा०नि०वि०/निविदा सूचना/2025-26 दिनांक 27 सितम्बर 2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या-26**

उत्तराखण्ड राज्यपाल महोदय की ओर से कालम-08 के अनुसार अधिकृत श्रेणी के ठेकेदारों से निम्न कार्यों की निविदायें दिनांक 18.10.2025 को अपरान्ह 12.00 बजे तक कार्यालय अधिशासी अभियन्ता (वि०/यॉ०) ग्रामीण निर्माण विभाग उत्तराखण्ड देहरादून में आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन अपरान्ह 12.30 बजे अधोहस्ताक्षरी अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि द्वारा निविदादाताओं अथवा उनके प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी। जिनका विक्रय दिनांक 17.10.2025 को सायंकाल 4:00 बजे अधिशासी अभियन्ता (वि०/यॉ०), ग्रामीण निर्माण विभाग, उत्तराखण्ड देहरादून के कार्यालय से किया जायेगा।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत जी०एस०टी० सहित (लाख में) | धरोहर धनराशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं जी०एस०टी० | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा की वैधता | ठेकेदार हेतु श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| | म० मुख्यमंत्री घोषणा के अन्तर्गत प्रा०स्वा० केन्द्र० गैरसैंण में 50 बैडों के सब डिस्ट्रिक्ट हॉस्पिटल के अन्तर्गत उच्चीकरण हेतु (20 अतिरिक्त बैड) चिकित्सालय भवन एवं आवासीय भवनों का निर्माण (ऑक्सीजन पाइप लगाने व मैनुफोल्ड लगाने का कार्य) के सम्बन्ध में। | 18.00 लाख | 54000.00 | 1500.00 18% GST | माह | 45 दिन | अधिकृत विक्रेता / मूल निर्माता |

- **निविदा की शर्ते**-

नोट:- 1. उक्त निविदा की जानकारी अधिशासी अभियन्ता (वि०/याँ०) ग्रामीण निर्माण विभाग उत्तराखण्ड देहरादून के कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

**ई0 तहसीन अहमद**
**अधिशासी अभियन्ता ( वि0/यॉ0 ),**
**ग्रामीण निर्माण विभाग, उत्तराखण्ड देहरादून।**


# सूचना महानिदेशक ने दिवंगत पत्रकार के परिजनों को दी सांत्वना

**उत्तरकाशी:** सूचना महा निदेशक उत्तराखण्ड देहरादून वंशीधर तिवारी ने बुधवार को उत्तरकाशी दिवंगत डिजिटल पत्रकार राजीव प्रताप के देहरादून स्थित अजब पुर घर जाकर उनके परिवारजनों को अपनी शोक संवेदनाएं ब्यक्त कर परिवार को ढांढस बंधाया।

बताया कि 18 सितम्बर की रात्रि में राजीव अपने दोस्त के साथ उत्तरक. ाशी बस अड्डे, चौहान होटल में खाना खाने के बाद राजीव अपने दोस्त की अल्टो कार (न्ज्ञ 10क 4391 लेकर उत्तरकाशी से गंगोरी की ओर निकल गया था। जब वह वापस नहीं लौटा तो अगले दिन 19 सितंबर को उसके दोस्त द्वारा उक्त सम्बन्ध में डायल 112 व राजीव के परिजनों को इसकी जानकारी दी गयी। परिजनों की तहरीर पर पुलिस द्वारा कोतवाली उत्तरकाशी पर राजीव की गुमशुदगी/अपहरण का मामला दर्ज कर गहन तलाश शुरु की गयी। इसके के पश्चात ही पुलिस ने सी सी टी वी फुटेज को चेक किया गया था। फुटेज में 18 तारीख की रात्री में राजीव गाड़ी चलाते हुए घटना स्थल के पास दिखे जिसमें की वो अकेले गाड़ी चला रहे है थे। 11 दिनों की खोजबीन के बाद 28 सितंबर को राजीब प्रताप का शव जोशियाडा बैराज झील से बरामद हुआ था।


**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**स्थानीय सम्पादक**
**चेतन गुरूंग**
**देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून**
☎0135-2743363
**R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656**
मोबाइल-9720007290
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।



**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी बेटी सारा (**SARA**) ने 2025 मे साईग्रेस एकडमी इंटरनेशनल, रायपुर ,देहरादून से हाई स्कूल (रोल नंबर -25113693)की परीक्षा उत्तीर्ण की है। मेरी पत्नी का नाम प्रमाणपत्र में गलती से रंजना (RANJNA) लिखा गया है, जबकि उनके आधार कार्ड संख्या 2145 6359 0049 में उनका पूरा नाम रंजना रावत है। मैं भविष्य के लिए अपनी बेटी के हाई स्कूल प्रमाण पत्र में उनके पूरे नाम **रंजना रावत (RANJNA RAWAT)** के नाम से जाना पहचाना जाए।

**आशीष, पुत्र श्री भवान सिंह रावत, निवासी मकान संख्या 18, देवरवल्ला, देवरपल्ला, पोखरी, नागनाथ चमोली।**



**केनरा बैंक** भारत सरकार का उपक्रम **Canara Bank** A Government of India Undertaking सिंडिकेटबैंक SyndicateBank

आस्ति वसूली प्रबंधन (एआरएम) ।। शाखा
ए-27, प्रथम तल, हौज खास, नई दिल्ली-110016
ईमेल: cb3038@canarabank.com

**ई-नीलामी बिक्री सूचना**

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को और विशेष रूप से ऋणी(यों) व गारंटरों को सूचित किया जाता है, कि प्रतिभूति ऋणदाताओं को बंधक/दृष्टिबंधक/प्रभारित नीचे वर्णित चल/अचल सम्पत्ति, जिस पर केनरा बैंक, के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा कब्जा लिया गया है, को **"जहां है जैसी है", "जो है कैसी है" और जैसी भी है"** के आधार पर नीचे वर्णित दिनांकों को बंधक सम्पत्ति की बिक्री आयोजित की जाएगी। प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8(6) और 9 के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन धारा अधिनियम 2002 के अधीन **बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए कृपया https://baanknet.com/** (मैसर्स पीएसबी एलायंस प्राइवेट लिमिटेड),. **(सम्पर्क नं. 8291220220, ईमेल: Support.BAANKNET@psballiance.com या केनरा बैंक की वेबसाइट www.canarabank.com में दिए गए लिंक "ई-नीलामी" को देखें।** आरक्षित मूल्य की **10%** ईएमडी राशि मैसर्स पीएसबी एलायंस प्राइवेट लिमिटेड **https://baanknet.com/** पोर्टल के ई-वॉलेट में सीधे जमा की जानी है या चालान बनाकर उक्त चालान में उल्लिखित खाता विवरण में आरटीजीएस/एनईएफटी के माध्यम से ईएमडी जमा करना है।

| क्र. सं. | शाखा का नाम / कर्जदार/गारंटर्स/बंधककर्ता का नाम एवं पता | चल/अचल संपत्ति का विवरण और कब्जे की स्थिति | कुल बकाया राशि | a. आरक्षित मूल्य (रु.) b. धरोहर राशि (रु.) c. बोली वृद्धि (रु.) d. बिक्री सूचना की तिथि | ई-नीलामी की तिथि एवं समय (प्रत्येक 5 मिनट की अवधि के असीमित विस्तार के साथ) / ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | प्राधिकृत अधिकारी से पूर्व अपॉइंटमेंट लेकर सम्पत्ति का निरीक्षण किया जा सकता है और सम्पर्क व्यक्ति का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | **आस्ति वसूली प्रबंधन शाखा एआरएम ।। शाखा** पूजा पुत्री बनवारी लाल (उधारकर्ता/बंधककर्ता) 301 वार्ड नंबर 08, रामपुरा, रुद्रपुर, यूएस नगर पिन- 263153, श्रीमती. नीतू पत्नी भगवान दास (गारंटर) वार्ड नंबर 08 रामपुरा, रुद्रपुर, उधम सिंह नगर, 263153, मो: 9568276524 **दिनेश (सह-उधारकर्ता)** 191 वार्ड नंबर 8, रामपुरा, रुद्रपुर, यूएस नगर पिन - 263153, | ग्राम बरीराई, तहसील गदरपुर, जिला यू एस नगर में स्थित आवासीय भवन का ईएमटी, जिसका सर्वेक्षण क्रमांक 00820 वर्ग 1 गा, खसरा क्रमांक 1401 मिन है, जिसका क्षेत्रफल 840 वर्ग फुट या 78.07 वर्ग मीटर है। चौहद्दी :- पूर्व: 3.962 मीटर चौड़ी सड़क (13 फुट) उसके बाद नहर, पश्चिम: दिवाकर राणा की भूमि, उत्तर: विक्रेता की भूमि, दक्षिण: विक्रेता की भूमि, **(सांकेतिक कब्जे में संपत्ति)** | रु. 27,03,052.78 (केवल सत्ताईस लाख तीन हजार बावन और अठहत्तर पैसे) दिनांक 12.12.2023 तक साथ ही व्यय, अन्य शुल्क आदि सहित अतिरिक्त ब्याज, यदि कोई हो तो वसूली घटाकर | a. रू.21.55 लाख b. रू.2.16 लाख c. रू.10,000/- d. 30.09.2025 | **29.10.2025** अपराह 12.30 बजे से अपराह 01.30 बजे के बीच / **28.10.2025** अपराह 05.00 बजे तक | प्राधिकृत अधिकारी से पूर्व नियुक्ति सुबह 11:00 बजे से शाम 4:00 बजे के बीच। श्री नितिन कक्कड़, मो: 9096368559 और श्री मनोज कुमार, (प्राधिकृत अधिकारी) मो: 8826933887 |
| 2. | **आस्ति वसूली प्रबंधन शाखा एआरएम ।। शाखा** **मेसर्स गोयल ब्रिक फील्ड प्रोप. श्री पवन कुमार गोयल पुत्र श्री हरेंद्र कुमार गोयल** वर्तमान पता: मोहल्ला किला, लंढोरा, परगना मंगलौर, तहसील रुड़की, जिला हरिद्वार (यूके), पिन कोड 247667 **श्रीमती मिथिलेश गोयल पत्नी श्री पवन कुमार गोयल** वर्तमान पता: मोहल्ला किला, लंढोरा, परगना मंगलौर, तहसील रुड़की, जिला हरिद्वार (यूके), पिन कोड 247667 | श्रीमती मिथिलेश गोयल पत्नी श्री पवन कुमार गोयल के नाम आवासीय संपत्ति का वह समस्त भाग, जो उत्तरमुखी मकान संख्या 126 के एक अहाते का, नगर पंचायत लंढौरा के अंतर्गत, मोहल्ला किला लंढौरा में स्थित, परगना मंगलौर तहसील रुड़की जिला हरिद्वार। कुल क्षेत्रफल 427.50 वर्ग मीटर। चौहद्दी:- पूर्व: श्री रातेंद्र शर्मा और श्रीमती राजकुमारी का मकान, पश्चिम: श्री राकेश की संपत्ति, उत्तर: 15 फीट चौड़ा रास्ता, दक्षिण: श्री सुनील वालिया का मकान **(संपत्ति भौतिक कब्जे में है)** | रु. 23,99,049.00 (केवल तेईस लाख निन्यानवे हजार उनचास रुपये) दिनांक 28.02.2019 तक ब्याज और लागत आदि सहित। | a.रू.39.50 लाख b. रू.3.95 लाख c. रू.50,000/- d. 30.09.2025 | **29.10.2025** अपराह 12.30 बजे से अपराह 01.30 बजे के बीच / **28.10.2025** अपराह 05.00 बजे तक | प्राधिकृत अधिकारी से पूर्व नियुक्ति सुबह 11:00 बजे से शाम 4:00 बजे के बीच। श्री नितिन कक्कड़, मो: 9096368559 और श्री मनोज कुमार, (प्राधिकृत अधिकारी) मो: 8826933887 |
| 3. | **आस्ति वसूली प्रबंधन (एआरएम) ।। शाखा** **मैसर्स सनी इलेक्ट्रॉनिक्स प्रॉप. पप्पू कुमार पुत्र सोरन सिंह** 580 ब्रह्मपुरी निरंजनपुर देहरादून 248001 **श्री पप्पू कुमार पुत्र सोरन सिंह** 580 ब्रह्मपुरी, निरंजनपुर, देहरादून 248001 **मैसर्स प्रमिला पत्नी पप्पू कुमार** 580 ब्रह्मपुरी, निरंजनपुर, देहरादून 248001 | मौजा बरहमावाला, परगना सेंट्रल दून, देहरादून मे स्थित खसरा नंबर 235 (पुराना खसरा नंबर 32) क्षेत्रफल 900 वर्ग फीट या 83.643 वर्ग मीटर भूमि पर निर्माणाधीन सम्पूर्ण आवासीय सम्पत्ति, चौहद्दी - पूर्व : श्री अर्जुन की भूमि भुजा माप 30 फीट, पश्चिम : श्रीमती कमला शर्मा की भूमि, भुजा माप 30 फीट, उत्तर : 20 फीट चौड़ी रोड, भुजा माप 30 फीट, दक्षिण : श्रीमती कमला शर्मा की भूमि, भुजा माप 30 फीट। **(सांकेतिक कब्जे में संपत्ति)** | रु. 41,37,873.80 प्लस आगे टीओडी, ब्याज और अन्य व्यय @18.15% और 30.04.2024 से देय अतिरिक्त ब्याज और अन्य व्यय, वसूली घटाकर यदि कोई हो | a.रू. 43,00,000/- b. रू.4,30,000/- c. रू.50,000/- d. 25.09.2025 | **17.10.2025** अपराह 12.30 बजे से अपराह 01.30 बजे के बीच / **16.10.2025** अपराह 06.00 बजे तक | किसी भी कार्य दिवस पर सुबह 11.00 से सांय 4.00 बजे के बीच श्री सिद्धार्थ शुक्ला मो. 9928875879 श्री मनोज कुमार (प्राधिकृत अधिकारी) मो. 8826933887 |
| 4. | **आस्ति वसूली प्रबंधन (एआरएम) ।। शाखा** **मैसर्स एसआरएल ग्राफिक्स (पार्टनरशिप फर्म) सी/ओ शिव कुमार** वनखंडी नाथ नगर, चुकती देवरिया, किच्छा रोड रुद्रपुर, यूएस नगर 263153 उत्तराखंड **शिव कुमार सिंह (पार्टनर) पुत्र स्वर्गीय रोशन लाल** मकान नंबर 262 आवास विकास कॉलोनी, शिव मंदिर रोड, यूएस नगर 263153 **पवन कुमार सिंह (पार्टनर) पुत्र स्वर्गीय रोशन लाल** मकान नंबर 262 वार्ड, रामपुररुद्रपुर, उधम सिंह नगर - 263153, **श्रीमती कंचन सिंह पत्नी श्री शिव कुमार** निवासी मकान नंबर 262, वार्ड नंबर 19 एलआईजी आवास विकास, तहसील रुद्रपुर, यूएस नगर-263153 | भूमि का ईएमटी खसरा संख्या 489/4 मिन क्षेत्रफल 502.60 वर्ग मीटर ग्राम विजयनगर, रुद्रपुर, यूएस नगर में स्थित, **श्रीमती कंचन सिंह पत्नी श्री शिव कुमार सिंह साझेदारों में से** एक (तृतीय पक्ष की संपत्ति) **चौहद्दी- पूर्व-** अन्य की संपत्ति, **पश्चिम-** 7.69 मीटर चौड़ा रास्ता, **उत्तर-** विक्रेता की संपत्ति और **दक्षिण-** विक्रेता की संपत्ति। **(संपत्ति बैंक के सांकेतिक कब्जे में है)** | 19.07.2023 तक रु. 80.85.554.73 (रु. अस्सी लाख चौरासी हजार पांच सौ चौवन और पैसा तिहत्तर मात्र)+ 20.07.2023 से ऋण सुविधाओं और अन्य कानूनी शुल्कों, मूल्यांकन शुल्कों और विविध शुल्कों पर ब्याज और यदि कोई हो तो वसूली घटाकर | a. रू. 33.00 लाख b. रू. 3.30 लाख c. रू. 50,000 d. 30.09.2025 | **29.10.2025** अपराह 12.30 बजे से अपराह 01.30 बजे के बीच / **28.10.2025** अपराह 05.00 बजे तक | प्राधिकृत अधिकारी से पूर्व नियुक्ति कार्यदिवस पर 11.00 से 4.00 बजे के बीच श्री वैभव अग्रवाल मो. 9811237992 और श्री मनोज कुमार (प्राधिकृत अधिकारी) मो: 8826933887 |

दिनांक: **01.10.2025**, स्थान : नई दिल्ली प्राधिकृत अधिकारी, केनरा बैंक

## सुल्तानपुर में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

# स्वास्थ्य शिविर से आमजन उठाएं लाभ : शहजाद

**❖ "स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार" अभियान के तहत लगाये गये स्वास्थ्य शिविर में लोगों को मिल रहा बडा लाभ।**

शाह टाइम्स संवाददाता

**लक्सर।** नगर पंचायत सुल्तानपुर आदमपुर में बुध वार को "स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार" अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। सुबह से ही महिलाओं और किशोरियों की भीड़ शिविर स्थल पर उमड़ती रही।

मुख्य अतिथि विधायक मोहम्मद शहजाद ने शिविर का निरीक्षण किया और लोगों से स्वास्थ्य परीक्षण कराने की अपील की। विधायक मो शहजाद ने कहा कि 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक पूरे क्षेत्र में स्वास्थ्य शिविर चल रहे हैं। सरकार की मंशा है कि विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम के माध्यम से ग्रामीणों को बेहतर सुविधाएं मौके पर ही उपलब्ध हों। आशा कार्यकर्ताओं के योगदान की सराहना करते हुए उन्होंने प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किए। उन्होंने कहा कि जगह जगह क्षेत्र में स्वास्थ्य शिविर लगाये जाने से आम लोगों को बडा स्वास्थ्य लाभ मिल रहा है जो जनहित में एक बेहतर कदम है। अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनिल वर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन से गांधी जयंती तक चलने वाले इस अभियान में खास तौर पर महिलाओं और किशोरियों पर फोकस किया जा रहा है। शिविर में ब्लड प्रेशर, शुगर, हीमोग्लोबिन जांच, टीबी स्क्रीनिंग, टीकाकरण और आयुष परामर्श की सुविधा दी गई।गर्भवती महिलाओं को मातृत्व संबंधी सलाह, स्वास्थ्य परीक्षण और मातृ-शिशु संरक्षण कार्ड भी वितरित किए गए। किशोरी बालिकाओं को मासिक धर्म स्वच्छता और एनीमिया से बचाव के प्रति जागरूक किया गया।कार्यक्रम में नगर पंचायत सभासद व स्थानीय जनप्रतिनिधि, स्वास्थ्य विभाग की टीमें, आशा कार्यकर्ता और सैकड़ों नगरवासी उपस्थित रहे। नगरवासीयो ने कहा कि ऐसे शिविर नगर में स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत बनाने में मददगार साबित हो रहे हैं।



# प्रशासनिक टीम ने सरकारी जमीन से कब्जा हटवाया

शाह टाइम्स संवाददाता

**झबरेड़ा।** ग्राम झबरेडी में गांव के ही कुछ लोगों द्वारा सरकारी नाली पर लगभग पांच वर्षों से किए हुए कब्जे को बुधवार प्रशासनिक टीम द्वारा पुलिस की मौजूदगी में जेसीबी मशीन द्वारा सरकारी जमीन को कब्जा मुक्त कराया गया।।

ग्राम प्रधान झबरेड़ी रजनीश कुमार ने बताया कि पूर्व प्रधान पति कुलबीर सिंह ने गांव के ही सुखबीर सिंह यशवीर सिंह तथा मैनपाल के साथ मिलकर पिछले पांच वर्षों से सरकारी नाली पर कब्जा करते हुए उसे अपने खेतों में मिल लिया था। इसी सरकारी नाली से होकर गांव का बरसात का पानी गांव से बाहर जाता था। सरकारी नाली पर कब्जा होकर खेतों में मिला लिए जाने से बरसात का पानी गांव में ही कुछ लोगों के घरों में भर जाता था तथा गांव के ही कुछ किसानों के खेतों में पानी भरने से लोगों को काफी नुकसान हो रहा था। उक्त कब्जा की हुई सरकारी नाली को कब्जा मुक्त कराने के लिए ग्राम वासियों द्वारा शासन प्रशासन से गुहार लगाई थी। बुधवार को प्रशासनिक टीम द्वारा पुलिस की मौजूदगी में जेसीबी मशीन लगाकर नाली को कब्जा मुक्त कराया गया। प्रशासनिक टीम में कानूनगो सुभाष कुमार ओम प्रकाश तथा सुशील कुमार उपस्थित रहे।

## खानपुर पुलिस ने सीएलजी सदस्यों संग की बैठक

# साइबर अपराध व नशा मुक्ति पर लोगों को किया जागरूक

शाह टाइम्स संवाददाता

**लक्सर/खानपुर।** एसएसपी के निर्देशानुसार, आमजन को विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूक करने और उनसे संवाद स्थापित करने के उद्देश्य से थाना खानपुर पुलिस ने एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में सामुदायिक संपर्क समूह सदस्यों और क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया।



जानकारी के अनुसार क्षेत्राधिकारी लक्सर व थानाध्यक्ष खानपुर के नेतृत्व में समुदायों के लोगो को वर्तमान समय के ज्वलंत मुद्दों पर जागरूक करना था। **उत्तराखंड पुलिस एप:** पुलिस एप के उपयोग और प्रक्रिया की जानकारी दी गई। **साइबर अपराध:** विभिन्न प्रकार के साइबर फ्रॉड (जैसे एटीएम/बैंक फ्रॉड) और उनसे बचाव के तरीकों पर विस्तार से चर्चा की गई। **यातायात नियम:** सुरक्षित ड्राइविंग और यातायात नियमों के पालन के लिए प्रेरित किया गया। महिलाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों से बचाव और मानव तस्करी के बारे में जागरूक किया गया। **आपातकालीन सेवाएं:** डायल-112 और साइबर हेल्पलाइन 1930 जैसे आपातकालीन नंबरों की जानकारी दी गई।

# शेखपुरी में सड़क धंसी, पार्षद व पूर्व पार्षद आमने-सामने

## कांग्रेसी बैठे धरने पर, नगर आयुक्त ने दिया जल्द समाधान का आश्वासन

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुड़की।** रुड़की के शेखपुरी में धंसी सड़क पर उस समय माहौल गर्म हो गया। जब पार्षद और पूर्व पार्षद आमने-सामने आ गए। किसी तरह दोनों पक्षों को शांत किया गया।। वहीं कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने धरना देकर भाजपा सरकार पर निशाना साधा। मौके पर पहुंचे नगर आयुक्त ने जल्द समाधान का आश्वासन दिया।

रुड़की के शेखपुरी में गणेशपुर जाने वाले मार्ग पर करीब 10 दिन पहले सड़क धंस गई थी जिसके कारण लोगों का आवागमन वहां से बाधित हो गया था। वहीं पानी की पाइपलाइन टूटने से पेयजल की समस्या भी बनी हुई थी लोगों की समस्या को देखते हुए महानगर कांग्रेस अध्यक्ष एडवोकेट चौधरी राजेंद्र सिंह कार्यकर्ताओं के साथ मौके पर पहुंचकर धरना शुरू कर दिया। वही दूसरी ओर भाजपा पार्षद संजीव तोमर मौके पर खड़े होकर कार्य को करवा रहे थे। इसी दौरान पूर्व पार्षद संजय तोमर और संजीव तोमर के बीच तीखी नोकझोंक भी हो गई। संजीव तोमर ने आरोप लगाया कि जिस समय यह पाइपलाइन और सीवर लाइन डाली गई थी उस समय कांग्रेस के पार्षद क्षेत्र में थे और भ्रष्टाचार के कारण जनता को यह समस्या झेलनी पड़ रही है। वहीं मौके पर मौजूद लोगों ने भी मामले में राजनीति न करने की बात कही और जल्द समस्या के समाधान की मांग की। महानगर कांग्रेस अध्यक्ष एडवोकेट चौधरी राजेंद्र सिंह ने कहा कि आज भाजपा की ट्रिपल नहीं बल्कि चार इंजनों की सरकार भी इस कार्य को करवाने में असफल साबित होती दिख रही है। उन्होंने कहा कि जगह जगह सड़कें धंसी हैं और लोगों का आवागमन बाधित है लेकिन शहर के जनप्रतिनिधि इस ओर ध्यान नहीं दे रहे। वहीं पूर्व पार्षद प्रतिनिधि संजय तोमर ने कहा कि वर्तमान में गणेशपुर में आने वाले दोनों मुख्य मार्गो पर सड़क धंसी हूई है लेकिन पार्षद,मेयर, विधायक और सांसद भाजपा के होते हुए भी कोई समाधान समस्या का नहीं हो पाया है। वहीं मौके पर पहुंचे नगर आयुक्त राकेश तिवारी ने जल्द समस्या के समाधान का आश्वासन दिया। इस अवसर पर मदनलाल भड़ाना,नवीन जैन,नितिन त्यागी आदि मौजूद रहे।



# लंढौरा में पीएम लोक कल्याण मेले का आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

**लंढौरा।** नगर पंचायत में मंगलवार को प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना एवं अन्य कल्याणकारी योजनाओं के तहत लोक कल्याण मेले का आयोजन कर लोगों को विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई।

नगर पंचायत परिसर में लोक कल्याण मेले का आयोजन किया गया। इस मौके पर जिला योजना प्रभारी अंकित रमोला ने बताया कि प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना में पथ विक्रेताओं को मिलने वाले ऋण की राशि में वृद्धि की गई है। पूर्व में प्रथम लोन की राशि 10 हजार थी, जिसे बढ़ाकर 15 हजार कर दिया गया है। वहीं द्वितीय लोन 20 हजार से बढ़ाकर 25 हजार कर दिया गया है। तृतीय लोन पूर्व की तरह 50 हजार रुपए है। उन्होंने बताया कि आगामी समय में इस योजना में और भी लाभ दिए जाएंगे। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष डाक्टर नसीम अहमद ने मेले में भाग लेने पहुंचे लोगों से प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर निधि योजना की बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस योजना से अधिक से अधिक लोगों को लाभ लेने के लिए भी प्रेरित किया। मेले में उत्तराखण्ड ग्रामीण बैंक लंढौरा की ओर से फजनसिंह नेगी, पंजाब नेशनल बैंक लंढौरा की ओर से सुरेंद्र कुमार ने जीवन ज्योति व सुरक्षा बीमा तथा अटल पेंशन योजना की जानकारी दी इसके अलावा अंबा गैस सर्विस लंढौरा की ओर से सोमिल व आंगनबाड़ी कार्यकत्री शाहिना ने भी सरकार द्वारा जनहित में चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष डाक्टर नसीम अहमद, ईओ हेमंत गुप्ता, सीएचसी प्रभारी विक्रांत शिरोही, सफाई निरीक्षक आदेश कुमार सभासद राजेश वालिया, फरमान अली, अजीत सिंह, रब्बान, अनिल भगत, मुजम्मिल, समीर आलम, लिपिक अब्दुल रहमान, अमित तिवारी आदि लोग मौजूद रहे।



# एनएसएन इकाई ने लगाया रक्तदान शिविर

शाह टाइम्स संवाददाता

**झबरेड़ा।** चौधरी भरत सिंह डीएवी इंटर कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान दिवस पर कार्यक्रम आयोजित करते हुए निबंध प्रतियोगिता तथा पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित कर रक्तदान करने के लाभ भी बताए गए।

चौधरी भरत सिंह डीएवी इंटर कॉलेज झबरेड़ा प्रधानाचार्य ओम सिंह सैनी ने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तहत स्वैच्छिक रक्तदान दिवस पर कार्यक्रम आयोजित करते हुए निबंध प्रतियोगिता व पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई। निबंध तथा पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय तथा तृतीय स्थान पर आने वाली स्वयंसेवियों को प्रशस्ति पत्र देकर उनकी हौसला अफजाई की गई। उन्होंने बताया कि किसी भी व्यक्ति को खून देने से कमजोरी का एहसास नहीं होता है। खून देने के 24 घंटे के अंदर ही हमारा शरीर उस खून की पूर्ति स्वयं कर लेता है। खून देने से हम किसी बीमार की जान बचा सकते हैं। रक्तदान को सबसे बड़ा दान भी बताया गया है ।इस अवसर पर एनसीसी कैप्टन सुशील कुमार ओमपाल सिंह आशीष कुमार सौरव सिंह करुणा मनस्वी पायल प्रीति ईशा देवी पल्लवी अंतिमा आर्यन युवराज सूर्यांश लखन शर्मा तथा दीपांशु आदि उपस्थित रहे।

## मंदिर में धूमधाम से मनाई राम नवमी

# हवन पूजन के साथ हुआ नवरात्र का समापन

शाह टाइम्स संवाददाता

रूड़की। पंचशली मंदिर में धूमधाम से रामनवमी मनाई गई। इस दौरान शहर से लेकर देहात तक सभी मंदिरों में हवन व पूजन के साथ नवरात्र का समापन किया गया। बोट क्लब स्थित पंचशील मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित ओम जी वैदिक ने बताया की लखनऊ से आए 11 विद्वानों द्वारा सुबह मंदिर में विधि विधान से मां का पूजन किया गया! जिसके बाद विशाल हवन का आयोजन किया गया जिसमें श्रद्धालुओं ने बढ़चढ़कर भाग लिया! जिसके बाद कन्याओं का पूजन कर उनको भोजन कराया गया और उनको उपहार भेंट किए गए।

# गृह क्लेश के चलते युवक पानी की टंकी पर चढ़ा, हंगामा

शाह टाइम्स संवाददाता

**लक्सर।** लक्सर में एक युवक ने पानी के टंकी में चढ़कर हंगामा किया। युवक का पैसों को लेकर परिजनों से झगड़ा हुआ था। इसके बाद युवक गुस्से में पानी की टंकी पर चढ़ गया और कूद जाने की धमकी देने लगा। घंटों चले इस हाई वोल्टेज ड्रामे के बाद पुलिस ने युवक को नीचे उतारा. जिसके बाद परिजनों ने राहत की सांस ली. जानकारी के मुताबिक, लक्सर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सराय के प्रधान ने पुलिस को ग्राम हबीबपुर में एक युवक के पानी की टंकी पर चढ़ जाने और युवक द्वारा कूद जाने की धमकी देने की सूचना दी. सूचना पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची. पुलिस ने घंटों की मशक्कत के बाद युवक को पानी की टंकी से नीचे उतारा. जिसके बाद परिजनों की जान में जान आई। पुलिस ने युवक से नाराजगी का कारण पूछा और हर समस्या हल करने का आश्वासन दिया. चौकी प्रभारी उप निरीक्षक नीरज रावत ने मौके युवक को बचाने के लिए अपनी जेब से युवक को पैसे देने का आश्वासन दिया और उसे आर्थिक तंगी से उभरने का विश्वास दिलाया। पुलिस के कहने पर युवक विश्वास में आ गया। इस दौरान पुलिस के जवान पानी की टंकी पर सीढ़ी के सहायता से चढ़े और युवक को नीचे उतारा. पुलिस ने युवक को समझा बुझाकर सकुशल परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

# ओबीसी मोर्चा ने चलाया कुपोषण जागरूकता अभियान, बच्चों को बांटी किट

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुड़की।** सेवा पखवाड़े के तहत आयोजित कार्यक्रम में कुपोषित बच्चों को किट वितरित की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद ने सरकार की योजनाओं की जानकारी लोगों को दी। इसके साथ ही अन्य वक्ताओं ने कुपोषण से बचाव के लिए भी जागरूक किया। नंद विहार कॉलोनी स्थित दून स्कॉलर्स एकेडमी स्कूल में भाजपा ओबीसी मोर्चा के द्वारा मंगलवार देर शाम आयोजित कार्यक्रम में पहुंची राज्यसभा सांसद कल्पना सैनी ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज प्रत्येक वर्ग को ध्यान में रखते हुए कार्य कर रहे है। उन्होंने स्वच्छता का संदेश देश को दिया ताकि लोग स्वच्छ वातावरण में स्वस्थ रहे। उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी लोगों को दी। राज्य मंत्री देशराज कर्णवाल और श्यामवीर सैनी ने कहा कि आज पूरा देश सेवा पखवाड़ा मना रहा है और लोगों को घर घर जाकर योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा का प्रदेश नेता और कार्यकर्ता सेवक के रूप में कार्य कर रहा है। कार्यक्रम संयोजिका रोमा सैनी ने बताया कि कुपोषण से बचाव के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें कुपोषण से पीड़ित बच्चों को पोषण से संबंधित आहार के संबंध में जागरूक किया गया और साथ में पोषण किट का वितरण किया गया। इस अवसर पर सुशील त्यागी, जिलाध्यक्ष ओबीसी मोर्चा अनुज सैनी, मंडल अध्यक्ष संदीप पुरी, अक्षय प्रताप सिंह, महामंत्री बृज मोहन सैनी अवनीश शर्मा, धीर सिंह रोड, प्रतिभा चौहान, नीरज रंधांवा, पदम सिंह, गौरव कुमार, सोनू कश्यप, मोनू कश्यप, निकुंज, विजय सैनी, सुरेंद्र सैनी, रमेश सैनी, योगी दमयंती नेगी, आशा धस्माना, ममता राणा, कमला, निर्भया, उमेश, सचिन शर्मा आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## रुड़की में दुर्गा पूजा की धूम

**रुड़की।** सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति द्वारा दुर्गा पूजा का भव्य आयोजन नगर निगम वैंकट हाल में किया जा रहा है। दुर्गा पूजा पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ की जा रही है। यह आयोजन 28 सितम्बर से शुरू हुआ था और विजया दशमी तक चलेगा। नगर निगम वैंकट हाल स्थित पूजा पंडाल में मां दुर्गा की मनमोहक प्रतिमा स्थापित की गई है और रोजाना पूजा, आरती व सांस्कृतिक कार्यक्रमों के जरिए भक्तों को आध्यात्मिक अनुभूति कराई जा रही है। समिति की ओर से विशेष रूप से बंगाली परंपरा के अनुसार सिंदूर खेला का आयोजन भी विजया दशमी के दिन किया जाएगा। जिसमें महिलाएं मां दुर्गा को विदा करते हुए एक-दूसरे को सिंदूर लगाकर मंगलकामनाएं देती हैं।

# चोरी के बिजली के तार सहित दो गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**भगवानपुर।** थाना पुलिस ने विद्युत लाइन के तारों सहित दो चोरों को गिरफ्तार किया है। अभि0गणो को समय से न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार फिरोज खान पुत्र इकराम अली अवर अभियन्ता 33/11 के0वी उपकेन्द्र डाडा जलालपुर थाना भगवानपुर जनपद हरिद्वार हमराहीशिवम सैनी अवर अभियन्ता 33/11 के0वी0 उपकेन्द्र डाडाजलालपुर थाना भगवानपुर जनपद हरिद्वार व लाईनमैन लोकेश पुत्र कबूल सिंह निवासी ग्राम हाल्लूमाजरा थाना भगवानपुर जनपद हरिद्वार आदि के थाना भगवानपुर पुलिस के सहयोग से दिनांक 1/10/25 को हमारी टीम लाईन चौकिंग व निगरानी में लगे थे तो दो आदमी अपने हाथो में एक प्लास्टिक का कट्टा लेकर आ रहे थे शक होने पर हमारे कर्मचारीयो द्वारा चौक किया गया तो उसमे हमारी 11 के0वी0 लाईन की बिजली की तार करीब 40 मीटर को चोरी करके ले जा रहे थे दोनों से नाम पता की जानकारी की गयी तो एक ने अपना नाम कमल पुत्र अतरू व दूसरे ने अपना नाम सौरभ पुत्र धीरेन्द्र नि० गण डाडा जलालपुर बताया है इन लोगो ने बताया है की ये तार ग्राम डाडा जलालपुर से खेडी सिकरोडा मिलने वाले मार्ग से चलती लाईन से काट ली थी चोरी की तार के साथ उक्त नामित अभि0गणो को गिरफ्तार किया गया जिनके विरूद्ध थाना हाजा पर मु0अ0सं0 332/25 धारा ख 136/137 विधुत अधि0 पंजीकृत किया गया। अभि0गणो को समय से माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

# अपराधियों से मिलकर लड़ेगी यूके व यूपी पुलिस

## मंगलौर-पुरकाजी व झबरेडा-देवबंद पुलिस ने अपराधियों पर लगाम कसने को बनाई रणनीति

शाह टाइम्स संवाददाता

**नारनस/झबरेडा।** अपराधियों पर लगाम कसने के लिए उत्तराखण्ड व उत्तर प्रदेश के बार्डर से लगने वाले थानों ने मिलकर अपराधियों से लडने की रणनीति तैयार की है ताकि दोनों प्रदेश की पुलिस आपस में तालमेल बनाकर अपराधियों को घेर कर जेल भेज सके।

नारसन बॉर्डर पर स्थित एक स्थानीय रेस्टोरेंट में मंगलवार शाम उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश पुलिस अधिकारियों के बीच आपसी समन्वय को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति व्यवस्था बनाए रखने और अपराधों पर नियंत्रण के लिए दोनों राज्यों की पुलिस के बीच तालमेल को मजबूत करना था। सीमावर्ती गांवों में होने वाली गतिविधियों और बॉर्डर पर सघन चेकिंग को लेकर रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। दोनों राज्यों के अधिकारियों ने सूचनाओं के आदान-प्रदान को और बेहतर बनाने पर सहमति व्यक्त की ताकि किसी भी अप्रिय घटना या आपराधिक गतिविधि पर तुरंत नियंत्रण पाया जा सके। उत्तराखंड पुलिस से सीओ मंगलोर विवेक कुमार, मंगलौर कोतवाल अमरजीत सिंह,एसआई वीरपाल सिंह,नारसन चौकी प्रभारी हेम्दत्त भारद्वाज,अन्य पुलिसकर्मी-पंकज, सुधीर, कुलदीप कुमार, अरुण चमौली। उत्तर प्रदेश पुलिस से राजुपुर चौकी प्रभारी (थाना देवबंद-देवेन्द्र तोमर ,एसओ पुरकाजी-जयवीर सिंह, एसआई-नवीन, धर्मपाल शर्मा, राय साहब आदि मौजूद रहे।



**वहीं दूसरी ओर** थानाध्यक्ष झबरेड़ा द्वारा थाने में सीमावर्ती राज्य बॉर्डर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उत्तर प्रदेश के सीमावर्ती थाना देवबंद के पुलिस चौकी इंचार्ज दुगचाड़ा तथा पुलिस चौकी इंचार्ज खेड़ा मुगल से वार्ता कर आपसी संबंध स्थापित करते हुए एक दूसरे को अपराधिक गतिविधियों की जानकारी आदान-प्रदान किए जाने पर सहमति बनाई गई। थानाध्यक्ष अजय शाह ने बताया कि सीमावर्ती उत्तर प्रदेश के बॉर्डर से कुछ दूरी पर स्थित थाना देवबंद के पुलिस चौकी खेड़ा मुगल इंचार्ज जितेंद्र भाटी तथा पुलिस चौकी दुगचाड़ा इंचार्ज हेमंत भारती के साथ अपराधिक गतिविधियों की रोकथाम के लिए वार्ता की गई। उन्होंने बताया कि आपसी समन्वय से अपराधियों की सूचना का आदान-प्रदान कर नशा तस्करी तथा अवैध हथियारों की तस्करी की जानकारी एक दूसरे को साझा करते हुए किसी हद तक अपराध पर अंकुश लगाया जा सकता है। दोनो ओर से एक दूसरे को सहयोग कर आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने की सहमति बनाई गई।

# जायरीन की युवकों ने मुश्किल से बचाई जान

शाह टाइम्स संवाददाता

**पिरान कलियर।** साबिर पाक की जियारत करने के लिए आई बिहार निवासी एक महिला मंगलवार को गंगनहर में स्नान करते समय डूबने लगी। घाट पर स्नान कर रहे युवकों ने महिला की जान बचाई। बिहार निवासी महिला रेशमा(32) अपने परिजनों के साथ जियारत के लिए कलियर आई थी। स्नान करते समय अचानक उसका पैर फिसल गया और वह गंगनहर के तेज बहाव में डूबने लगी। महिला को डूबता देख मौके पर अफरा तफरी मच गई।शोर सुनकर घाट पर मौजूद कुछ युवकों ने तुरंत गंगनहर में छलांग लगाई और कड़ी मशक्कत के बाद काफी दूर जाकर महिला को सुरक्षित बाहर निकाला। इस घटना के बाद महिला के परिजनों ने राहत की सांस ली और महिला को डूबने से बचाने वाले युवकों का आभार जताया।

# मोहसिन नकवी ने एशिया कप ट्रॉफी एसीसी दफ्तर में जमा कराई

● बीसीसीआई ने पद से हटाने की चेतावनी दी थी, बिना एशिया कप ट्रॉफी भारत लौटी थी भारतीय टीम



**दुबई, वार्ता।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के चीफ और एशियन क्रिकेट काउंसिल (एसीसी) के प्रमुख मोहसिन नकवी ने एशिया कप ट्रॉफी एसीसी आफिस में जमा करा दी है।

रविवार, 28 सितम्बर को हुए एशिया कप फाइनल के बाद भारतीय टीम ने नकवी के हाथों ट्रॉफी लेने से मना कर दिया था। इसके बाद एसीसी के किसी अन्य अधिकारी से टीम को ट्रॉफी देने की जगह नकवी इसे अपने साथ होटल ले गए थे। वे इस बात पे अड़ गए थे कि भारतीय टीम को वही ट्रॉफी देंगे। इसके दो दिन बाद मंगलवार को एसीसी की सालाना बैठक हुई। इसमें भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने नकवी को जल्द से जल्द ट्रॉफी वापस करने को कहा था। एनडीटीवी ने सूत्रों के हवाले से खबर दी है कि भारतीय अधिकारियों ने नकवी को चेतावनी दी थी कि अगर ऐसा नहीं हुआ तो उनको एसीसी प्रमुख के पद से हटाया जा सकता है। इसके बाद नकवी ने ट्रॉफी ने जमा कराई है। अब यह ट्रॉफी भारत को कैसे दी जाएगी इस पर फैसला बाकी है। मंगलवार को बीसीसीआई ने एसीसी की एनुअल जनरल मीटिंग में भारत ने चैंपियन बनने के बावजूद ट्रॉफी नहीं दिए जाने का कड़ा विरोध किया था। इस पर नकवी ने सफाई देते हुए कहा था कि उन्हें लिखित में कहीं से यह सूचना नहीं दी गई थी कि भारतीय टीम उनसे ट्रॉफी नहीं लेगी। उन्होंने कहा- श्मैं तो वहां बिना वजह एक कार्टून की तरह खड़ा था। 29 सितम्बर को बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने कहा था कि वह इस मामले को नवंबर में होने वाली आईसीसी मीटिंग में भी रखेंगे।

# सिनर ने जीता चाइना ओपन का खिताब

● जैनिक सिनर ने पुरुष एकल फाइनल में अमेरिका के लर्नर टिएन को 6-2, 6-2 से हराकर दूसरा चाइना ओपन खिताब जीता

**बीजिंग, वार्ता।** इटली के जैनिक सिनर ने बुधवार को पुरुष एकल फाइनल में अमेरिकी युवा खिलाड़ी लर्नर टिएन को 6-2, 6-2 से हराकर अपना दूसरा चाइना ओपन खिताब जीता। शीर्ष वरीयता प्राप्त और दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी ने डायमंड कोर्ट पर शानदार शुरुआत की, दो बार सर्विस तोड़ी और पहला सेट सिर्फ़ 34 मिनट में जीत लिया। 19 वर्षीय टिएन, जो 52वें स्थान पर हैं और अपना पहला एटीपी फ़ाइनल खेल रहे थे, ने दूसरे सेट की शुरुआत में ही अपना स्तर बढ़ा दिया और पहले चार गेम तक अपनी पकड़ बनाए रखी।

लेकिन सिनर ने पांचवें और सातवें गेम में सर्विस तोड़कर मैच पर कब्ज़ा कर लिया। 5-2 के स्कोर पर चैंपियनशिप के लिए सर्विस करते हुए, 24 वर्षीय इतालवी खिलाड़ी ने अपना तीसरा मैच पॉइंट हासिल करके एक घंटे 12 मिनट में सीधे सेटों में जीत हासिल की। यह सिनर का लगातार तीसरा बीजिंग फ़ाइनल था। उन्होंने 2023 में सेमीफ़ाइनल में कार्लोस अल्काराज को हराने के बाद खिताबी मुकाबले में दानिल मेदवेदेव को हराकर जीत हासिल की थी।



## संक्षिप्त खेल समाचार

### ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड को छह विकेट से हराया

**न्यूजीलैंड, वार्ता।** कप्तान मिचेल मार्श (85 ) की विस्फोटक बल्लेबाजी के दम पर ऑस्ट्रेलिया ने बुधवार को पहले टी-20 मुकाबले में 21 गेंदें शेष रहते न्यूजीलैंड को छह विकेट से हरा दिया। इसी के साथ ऑस्ट्रेलिया ने तीन मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली हैं। 182 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी मेहमान टीम ऑस्ट्रेलिया के लिए मिचेल मार्श और ट्रैविस हेड की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 67 रन जोड़े। छठे ओवर में मैट हेनरी ने ट्रैविस हेड (18 गेंदों में 31 रन) को आउटकर न्यूजीलैंड को पहली सफलता दिलाई। ऑस्ट्रेलिया का दूसरा विकेट 12वें ओवर की पहली गेंद पर मैथ्यू शॉर्ट (18 गेंदों में 29 रन) के रूप में गिरा। उन्हें जेमीसन ने पगबाधा आउट किया।

### बांग्लादेश के प्रमुख कोच को आया हल्का स्ट्रोक

**कोलंबो, वार्ता।** बांग्लादेश महिला टीम के प्रमुख कोच सरवर इमरान को सोमवार को कोलंबो में हल्का स्ट्रोक आया, जहां टीम पाकिस्तान के खिलाफ अपने पहले विश्व कप मैच की तैयारी कर रही है। टीम मैनेजर एसएम गोलाम फ़ैयाज ने ईएसपीएन क्रिकइंफो को यह खबर दी और बताया कि इमरान अब स्थिर हालत में हैं। फैयाज ने कहा कि (सरवर) इमरान सर को कुछ दिन पहले चक्कर आ रहे थे और सोमवार को यह जारी रहा। हम उन्हें अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने हल्का ब्रेन स्ट्रोक पाया। मैनेजर ने बताया कि इमरान को मंगलवार को अस्पताल से छुटी मिल गई। वह अब टीम होटल में आराम कर रहे हैं। हालांकि वह मंगलवार के अभ्यास सत्र में शामिल होना चाहते थे। फैयाज ने कहा कि हमने सर से आज आराम करने को कहा। वह उम्मीद कर रहे हैं कि कल (बुधवार) हमारे साथ ग्राउंड पर जाएंगे।

### ग्रीव्स, रदरफोर्ड वारिकन को क्रिकेट वेस्टइंडीज का अनुबंध मिला

**नई दिल्ली, वार्ता।** क्रिकेट वेस्टइंडीज (सीडब्ल्यूआई) ने 2025-26 के लिए पुरुषों के अंतर्राष्ट्रीय अनुबंधों की अपनी सूची में तीन बदलाव किए हैं, जिसमें पूर्व टेस्ट कप्तान क्रेग ब्रैथवेट, जोशुआ दा सिल्वा और कावेम हॉज शामिल नहीं हैं। उनकी जगह जस्टिन ग्रीव्स, शेरफेन रदरफोर्ड और जोमेल वारिकन को 15 खिलाड़ियों की सूची में शामिल किया गया है। महिलाओं के अंतर्राष्ट्रीय रिटेनर्स की सूची में, तेज गेंदबाज जैनिलिया ग्लासगो और शॉनिशा हेक्टर को 13 खिलाड़ियों की सूची में शामिल किया गया है, जबकि शमिलिया कॉनेल, चेरी एन फ्रेजर, चेडियन नेशन और रशदा विलियम्स इस सूची का हिस्सा नहीं हैं। कोर ग्रुप यथावत रहेगा।

# टी-20 रैंकिंग में अभिषेक का वर्ल्ड रिकॉर्ड

● 14 साल के इतिहास में सबसे ज्यादा पाइंट्स वाले भारतीय बल्लेबाज, गेंदबाजी में वरुण नंबम्बर-1



**दुबई, वार्ता।** पाकिस्तान के ऑलराउंडर सईम अयूब पुरुषों की टी20 रैंकिंग में नए नंबर 1 ऑलराउंडर बने हैं, जबकि भारत के सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने सबसे ज्यादा रेटिंग प्वाइंट का रिकॉर्ड तोड़ दिया है।

उन्होंने पुरुषों की टी20 बल्लेबाजी रैंकिंग में अपनी बढ़त को और बढ़ाया है। अयूब ऑलराउंडरों की रैंकिंग में चार स्थान ऊपर जाकर पहले स्थान पर पहुंचे और उन्होंने भारत के ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या को पीछे छोड़ा। अयूब ने एशिया कप की छह पारियों में आठ विकेट लिए थे। हालांकि उन्होंने सात पारियों में सिर्फ़ 37 रन बनाए और चार बार शून्य पर आउट हुए। अफग़ानिस्तान के मोहम्मद नबी एक स्थान गिरकर तीसरे स्थान पर आ गए हैं, जबकि नेपाल के दीपेंद्र सिंह ऐरी और ज़िम्बाब्वे के सिकंदर रज़ा भी शीर्ष पांच में शामिल हैं। अभिषेक श्रीलंका के खिलाफ अर्द्धशतक लगाने के बाद 931 रेटिंग अंक तक पहुंचे हैं। उन्होंने अब डाविड मलान के 2020 में बनाए गए 919 अंकों के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है। अभिषेक ने पिछले साल ही डेब्यू किया था और उन्होंने एशिया कप में 44-85 की औसत और 200 के स्ट्राइक रेट से 314 रन बनाए और प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का अवॉर्ड जीता।

अब उनके पास इंग्लैंड के फ़िल सॉल्ट से 82 अंकों की बढ़त है, जो दूसरे स्थान पर बने हुए हैं, जबकि भारत के तिलक वर्मा तीसरे पर हैं। जॉस बटलर चौथे स्थान पर बने हुए हैं, जबकि एशिया कप में 261 रन बनाने के बाद पथुम निसंका नंबर 5 पर पहुंच गए हैं। गेंदबाजों में वरूण चक्रवर्ती ने एशिया कप में सात विकेट लेकर पहला स्थान बरकरार रखा है। कुलदीप यादव 17 विकेट लेने के बाद नौ स्थान ऊपर बढ़कर 12वें पर पहुंच गए हैं। शाहीन शाह अफरीदी 12 स्थान ऊपर बढ़कर संयुक्त रूप से 13वें स्थान पर हैं, जबकि बांग्लादेश के रिशाद हुसैन छह स्थान ऊपर चढ़कर 20वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

# जब किसी देश का नेतृत्व इस तरह के आयोजन में दिलचस्पी लेता है तो बड़ा बदलाव होता है: पार्सन्स

● हाल के वर्षों में भारतके पैरा खेल आंदोलन ने तेज और उल्लेखनीय प्रगति की

**नई दिल्ली, वार्ता।** अंतर्राष्ट्रीय पैरालंपिक समिति (आईपीसी) के अध्यक्ष एंड्रयू पार्सन्स ने बुधवार को कहा कि जब किसी देश का नेतृत्व इस तरह के आयोजन में दिलचस्पी लेता है तो बड़ा बदलाव होता है।

हाल के वर्षों में भारत के पैरा खेल आंदोलन ने तेज और उल्लेखनीय प्रगति की हैं और यहां आयोजित इंडियनऑयल नई दिल्ली विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 इस प्रगति की आकांक्षाओं का जीवंत उदाहरण हैं। आज यहां जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में वैश्विक पैरा खेल जगत की दो प्रमुख हस्तियों अंतर्राष्ट्रीय पैरालंपिक समिति (आईपीसी) के अध्यक्ष एंड्रयू पार्सन्स और वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स के प्रमुख पॉल फिट्जगेराल्ड ने मीडिया के समक्ष भारत की उपलब्धियों की सराहना की। उन्होंने कहा कि हाल के वर्षों में भारत के पैरा खेल आंदोलन ने तेज और उल्लेखनीय प्रगति की हैं।

हाल ही में तीसरी बार आईपीसी अध्यक्ष बने पार्सन्स ने कहा कि यहां विकास साफ दिखता है। सरकार का सहयोग स्पष्ट है और हम भारत में पैरा खेलों की पारिस्थितिकी को और बेहतर समझने की कोशिश कर रहे हैं। यह एक सतत प्रक्रिया है लेकिन गति सकारात्मक है। जब किसी देश का नेतृत्व दिलचस्पी लेता है तो बड़ा बदलाव होता है। हमने यह अनुभव रियो 2016 में किया था। आज भारत भी वही वादा और संभावना दिखा रहा है। फिट्जगेराल्ड ने इस आयोजन को ऐतिहासिक अवसर बताते हुए कहा कि हर विश्व चैम्पियनशिप एक अवसर होती है दुनिया को यह दिखाने का कि 1-2 अरब दिव्यांग लोगों के लिए क्या संभव है।

यह न सिर्फ उत्कृष्टता और उच्च प्रदर्शन दिखाने का मौका है, बल्कि एक समुदाय के रूप में जुड़ने का भी माध्यम है। 2015 में दोहा विश्व चैम्पियनशिप में भारत ने सिर्फ दो पदक जीते थे। पिछले साल कोबे में भारत ने 17 पदक हासिल किए। यहां नई दिल्ली में पदक तालिका पहले से ही तेजी से बढ़ रही है। सरकार का समर्थन और खेल सुविधाओं का नवीनीकरण नई पीढ़ी को प्रेरित कर रहा है।

# विंडीज ने नेपाल को हराकर सांत्वना जीत हासिल की

● विंडीज ने नेपाल को 122 रनों पर ऑलआउट किया फिर 13 ओवरों में ही बिना कोई विकेट खोए मैच जीता

**शारजाह, वार्ता।** वेस्टइंडीज ने मंगलवार (30 सितम्बर) को शारजाह में खेले गए अंतिम टी-20 मैच में नेपाल को हराकर सांत्वना जीत हासिल की। श्रृंखला में चौंकाने वाले तरीके से हारने के बाद, वेस्टइंडीज ने जोरदार वापसी की और पहले नेपाल को केवल 122 रनों पर ऑल आउट कर दिया, फिर 13 ओवरों में ही बिना कोई विकेट खोये लक्ष्य हासिल कर लिया।

उत्साहित नेपाली टीम ने कुशल मल्ला द्वारा अकील हुसैन की गेंद पर चौका और कुशल भुर्टेल द्वारा दो छक्के लगाकर अच्छी शुरुआत की। हालांकि उनकी शुरुआत अच्छी नहीं रही, लेकिन नेपाल के सलामी बल्लेबाजों ने पावरप्ले में 37 रन जोड़कर एक मजबूत आधार तैयार किया। लेकिन जैसे ही जेसन होल्डर और होसेन ने जम चुके बल्लेबाज़ों को आउट किया, नेपाल की पारी का अंत होने में समय नहीं लगा। रेमन सिमंड्स ने रोहित पौडेल का बड़ा विकेट लिया और गुलसन झा रन आउट हो गए, जिससे नेपाल का स्कोर 85/4 हो गया। एक साझेदारी की सख्त जरूरत के चलते, नेपाल ने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए। सिमंड्स ने चार विकेट लिए और नेपाल पारी के आखिरी ओवर में ऑलआउट हो गया। जवाब में, वेस्टइंडीज को पहली ही गेंद पर जीवनदान मिला और आमिर जंगू ने इसका पूरा फ़ायदा उठाया। हालांकि, अकीम ऑगस्टे ने शुरुआत में ही अपना प्रभाव छोड़ा। एक छक्का जड़ने के बाद, जो छत पर जा लगा, उन्होंने लगातार बाउंड्री पार कराई और वेस्टइंडीज का स्कोर सिर्फ़ तीन ओवर में 30/0 हुई।

# विंडीज के खिलाफ अजेय रिकॉर्ड को बरकरार रखने उतरेगा भारत

● इंग्लैंड में धमाकेदार वापसी करने वाले कप्तान गिल अनुभवी खिलाड़ियों का साथ पाकर टीम की कमान संभालेंगे



**अहमदाबाद, वार्ता।** नरेंद्र मोदी स्टेडियम में गुरुवार से शुरु हो रहे पहले टेस्ट मैच में वेस्टइंडीज के खिलाफ 23 साल से टेस्ट मैचों में अजेय भारत इस बार भी जीत के प्रबल दावेदार के रूप में उतरेगा। इंग्लैंड में धमाकेदार वापसी करने वाले युवा कप्तान शुभमन गिल, केएल राहुल, रवींद्र जडेजा और जसप्रीत बुमराह जैसे अनुभवी खिलाड़ियों का साथ पाकर टीम की कमान संभालेंगे। नए खिलाड़ी साई सुदर्शन, देवदत्त पडिक्कल और नितीश रेड्डी टीम में शामिल हैं। भारत की बल्लेबाजी लाइनअप में गहराई और बहुमुखी प्रतिभा है। राहुल और यशस्वी जायसवाल ओपनिंग करेंगे, सुदर्शन तीसरे नंबर पर, गिल चौथे नंबर पर, रेड्डी, ध्रुव जुरेल, वाशिंगटन सुंदर, अक्षर पटेल और खतरनाक स्पिनर कुलदीप यादव निचले क्रम में हैं। जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज का गेंदबाजी आक्रमण भी खतरनाक है। बुमराह अपनी गेंदबाजी से, मोहम्मद सिराज अपनी आतिशी गेंदबाजी से और स्पिनर बीच के ओवरों में दमदार प्रदर्शन करने के लिए तैयार हैं जो कि वेस्टइंडीज के अनुभवी बल्लेबाजों को भी परेशान कर सकता है। वेस्टइंडीज की चुनौती इसलिए बहुत बड़ी है, क्योंकि टीम में शमर जोसेफ और अल्जारी जोसेफ नहीं हैं। ऐसे में जेडन सील्स तेज गेंदबाजी का नेतृत्व कर रहे हैं, जबकि कप्तान रोस्टन चेज, शाई होप, ब्रैंडन किंग और जॉन कैंपबेल को किसी तरह टीम को संभालना होगा। टीम के अधिकांश खिलाड़ियों ने 15 से कम टेस्ट मैच खेले हैं। पिच की बात की जाये तो यहां शुरुआत में रन बनते हैं लेकिन धीरे-धीरे यह टर्न लेती है और बाद में बल्लेबाजों के लिए मुश्किल है।

# तमीम इकबाल ने बीसीबी चुनावों से नामांकन लिया वापस



**ढाका, वार्ता।** बांग्लादेश के पूर्व कप्तान तमीम इकबाल ने छह अक्टूबर को होने वाले बंगलादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के चुनाव से अपनी बुधवार को उम्मीदवारी वापस ले ली है। बाए हाथ के इस सलामी बल्लेबाज ने आज औपचारिक रूप से अपना नामांकन पत्र वापस लेने के लिए बीसीबी मुख्यालय का दौरा किया। बाद में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि आप जानते हैं कि आज हमने अपना नामांकन वापस ले लिया है। मुझे मिलाकर हममें से लगभग 14-15 लोगों ने अपना नामांकन वापस ले लिया है। इस वापसी का कारण सभी को पता है मुझे नहीं लगता कि आपको कोई विवरण या स्पष्टीकरण देने की आवश्यकता है। तमीम ने शुरुआत में बीसीबी चुनाव में निदेशक पद के लिए चुनाव लड़ने में रुचि दिखाई थी, लेकिन आखिरी समय में उन्होंने अपना मन बदल लिया। नामांकन दाखिल करने के बाद, उन्होंने खुले तौर पर इस प्रक्रिया में सरकारी हस्तक्षेप का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि मैं शुरू से ही एक बात कहता रहा हूं और अब आप सभी इस बारे में स्पष्ट हैं। यह चुनाव किस दिशा में जा रहा है या इसे कैसे संचालित किया जा रहा है। जो भी किसी भी समय सही लगता है, जो भी वे करना चाहते हैं, किया जा रहा है। वास्तव में चुनाव नहीं है और यह किसी भी तरह से क्रिकेट के अनुकूल नहीं है। मुझे यकीन है कि जब चुनाव आयोग आज नाम वापस लेने वालों की सूची देगा, तो आप उनके नाम

# कैथरीन ने स्वर्ण पदकों की हैट्रिक पूरी की



● कैथरीन ने बुधवार सुबह 3:16:61 मिनट के चैंपियनशिप रिकॉर्ड समय के साथ 1500 मी. टी54 का खिताब अपने नाम किया

**नई दिल्ली, वार्ता।** इंडियनऑयल नई दिल्ली विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में महिलाओं की 5000 मीटर टी54 और 800 मीटर टी53 स्पर्धाओं में पहले ही स्वर्ण पदक जीत चुकीं कैथरीन डेब्रनर ने बुधवार सुबह 3:16:81 मिनट के चैंपियनशिप रिकॉर्ड समय के साथ 1500 मीटर टी54 का खिताब भी अपने नाम किया। इसी के साथ वह इस चैंपियनशिप में तीन स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली एथलीट बनीं।

गत चैंपियन झोउ झाओकियान (चीन) 800 मीटर के बाद दूसरी बार दूसरे स्थान पर खिसक गईं। चीनी खिलाड़ी अगले कुछ दिनों में 100 मीटर और 400 मीटर स्प्रिंट में डेब्रनर को मात देने की उम्मीद कर रही होंगी, लेकिन डेब्रनर के पास पेरिस 2024 पैरालंपिक खेलों में चार स्वर्ण पदक जीतने का अनुभव है और वह इस बार भी बेहतर प्रदर्शन करना चाहेंगी।

पुरुषों की शॉट पुट एफ36 स्पर्धा में व्लादिमीर स्विरिडोव (न्यूट्रल पैरा एथलीट) ने अपने अंतिम प्रयास में 17.01 मीटर का शानदार थ्रो फेंककर स्वर्ण पदक जीता। पिछली बार सर्कल में प्रवेश करने पर, रूस में जन्मे इस एथलीट ने 16-93 मीटर का थ्रो फेंककर गत चैंपियन यासीन गुएनिची से बढ़त हासिल की थी, लेकिन आखिरी प्रयास में गुएनिची उनसे आगे निकल गए।

गुएनिची पहले दो राउंड के बाद 16.57 मीटर और 16.74 मीटर के थ्रो के साथ आठ एथलीटों के समूह में सबसे आगे थे,

# बुमराह के दोनों टेस्ट में खेलने का फैसला पहले मैच के बाद: गिल

**अहमदाबाद, वार्ता।** भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने कहा है की तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के वेस्ट इंडीज के खिलाफ दोनों टेस्ट में खेलने का फैसला पहले मैच के बाद किया जाएगा। गिल ने वेस्ट इंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट की पूर्व संध्या पर बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह बात कही। इंग्लैंड में यह लगातार चर्चा का विषय रहा क्योंकि सीरीज से पहले ही ऐलान किया गया था कि बुमराह पांच में से सिर्फ़ तीन टेस्ट खेलेंगे ताकि उनकी फ़िटनेस मैनेज हो सके। अब क्या होगा? गिल ने कहा कि हम फ़ैसला मैच-दर-मैच लेंगे। हम यह भी देखेंगे कि टेस्ट मैच कितना लंबा गया और हमारे तेज गेंदबाज ने कितने ओवर डाले। कुछ भी पहले से तय नहीं है। हम फ़ैसला तब करेंगे जब टेस्ट खत्म होगा और देखेंगे कि हमारे तेज गेंदबाज कैसा महसूस कर रहे हैं और उनकी बॉडी कैसी है। वहीं एक बल्लेबाज के रूप में मुझे नहीं लगता कि यह शारीरिक थकान है, बल्कि यह ज़डादा मानसिक है। गेंदबाजों के लिए यह थोड़ा अलग है। फ़िलहाल मैं तरोताजा महसूस कर रहा हूं और मेरा शरीर तैयार है। मैं सिर्फ़ इस हफ्ते और अगले हफ्ते पर ध्यान दे रहा हूं और उसी हिसाब से फ़ैसले लूंगा। भारतीय कप्तान ने कहा कि बुमराह के दोनों टेस्ट में खेलने पर फ़ैसला पहले मैच के बाद ही होगा।

## हम ऐसी विकेट पर खेलना चाहते हैं, जो गेंदबाजों और बल्लेबाजों दोनों को कुछ दे: शुभमन गिल

**अहमदाबाद, वार्ता।** भारत के टेस्ट कप्तान शुभमन गिल ने कहा है कि पिछली घरेलू सीरीज में न्यूजीलैंड के खिलाफ मिली 3-0 के हार के बाद वेस्टइंडीज के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन करना बहुत ज़रूरी हो गया है। अहमदाबाद टेस्ट से एक दिन पहले पत्रकारों से बात करते हुए गिल ने कहा, षपिछले कुछ सालों में अगर आप टेस्ट मैच देखें तो वे पांच दिन तक नहीं चले हैं। इसलिए हमारा लक्ष्य हार्ड क्रिकेट खेलना है। इंग्लैंड में हमने जितने भी टेस्ट खेले, सभी पांचवे दिन तक गए,।

मेरा मानना है कि आप हमसे यही उम्मीद कर सकते हैं कि हम अच्छा, सख्त और धैर्य वाला क्रिकेट खेलेंगे और आसान विकल्प नहीं तलाशेंगे। हमारे पास किसी भी तरह की स्थिति में दबदबा बनाने की क़ाबिलियत है। हमारे पास जो प्रतिभा है, उससे हम किसी भी परिस्थिति से वापसी कर सकते हैं। पिछले कुछ सालों में जब भारत ने टेस्ट क्रिकेट के लिए टीमों की मेजबानी की है तो अक्सर टर्निंग पिचें तैयार की गई हैं। इस साल इंग्लैंड में भारत ने 2-2 की सीरीज में अच्छा मुक़ाबला किया, तो अब कैसी पिच की उम्मीद करनी चाहिए? गिल ने कहा कि मैं उन चर्चाओं पर कुछ नहीं कह सकता, जो मेरे आने से पहले हुई, लेकिन हम ऐसी विकेटों पर खेलना चाहेंगे जो बल्लेबाजों और गेंदबाजों दोनों को कुछ दे।लेकिन यह भी सच है कि जब भी कोई टीम भारत आती है तो असली चुनौती स्पिन और रिवर्स स्विंग होती है। अगर टीमें स्पिन को अच्छे से खेल पाती हैं और रिवर्स स्विंग को चुनौती दे पाती हैं तो उन्हें अच्छी क़ामयाबी मिल सकती है। तो इन चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए आप ऐसी विकेट पर खेलना चाहेंगे, जो बल्लेबाजों और गेंदबाजों दोनों को मदद दे। इंग्लैंड में भारत ने तेज गेंदबाजी पर आधारित आक्रमण चुना था और सिर्फ रवींद्र जडेजा और वॉशिगंटन सुंदर जैसे ऑलराउंडर्स ही स्पिनर थे, जबकि कुलदीप यादव को पांचों टेस्ट में नहीं खिलाया गया।

# पिथौरागढ़-मुनस्यारी, हल्द्वानी-अल्मोड़ा हेली सेवाएं शुरु

## दूरस्थ क्षेत्रों में लोगों को सुगम परिवहन होगा उपलब्ध : मुख्यमंत्री

■ राज्य के अन्य क्षेत्रों को भी हेली सेवाओं से जोड़ा जाएगा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** क्षेत्रीय संपर्क योजना (उड़ान योजना) के अंतर्गत पिथौरागढ़-मुनस्यारी-पिथौरागढ़ एवं हल्द्वानी-अल्मोड़ा-हल्द्वानी हवाई सेवाओं का मुख्यमंत्री आवास से वर्चुअल माध्यम से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को शुभारंभ किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इन हवाई सेवाओं के शुरू होने से राज्य के दूरस्थ क्षेत्रों में आम नागरिकों का आवागमन सुगम होगा। कार्यक्रम में सचिव युकाडा सचिन कुर्वे, मुख्य कार्यकारी अधिकारी युकाडा आशीष चौहान एवं अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अल्मोड़ा और मुनस्यारी उत्तराखंड के प्राचीन नगर होने के साथ ही ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक रूप से महत्वपूर्ण शहर हैं। ये शहर प्राकृतिक सुंदरता, ऐतिहासिक मंदिरों और समृद्ध संस्कृति के लिए देश और दुनिया भर के पर्यटकों को आकर्षित करते हैं। हेली सेवा शुरू होने से अब पर्यटक अल्मोड़ा और मुनस्यारी तक और भी आसानी से पहुंच सकेंगे।

इन सेवाओं से हल्द्वानी से अल्मोड़ा पहुँचने का समय 3 से 4 घंटे से घटकर महज कुछ मिनटों का रह जाएगा। हेली सेवाओं के प्रारंभ होने से दोनों क्षेत्रों में पर्यटन एवं आर्थिक विकास को गति मिलेगी।




### ये रहेगा दिन, समय और किराया

पिथौरागढ़ -मुनस्यारी -पिथौरागढ़ एवं हल्द्वानी-अल्मोड़ा-हल्द्वानी के लिए हेलीकॉप्टर सेवा सप्ताह में 7 दिन तथा प्रत्येक दिन दो बार संचालित होगी। पिथौरागढ़ से मुनस्यारी के लिए यह हेली सेवा सुबह 10:30 बजे एवं दोपहर 1:50 बजे चलेगी। वहीं मुनस्यारी से पिथौरागढ़ के लिए यह सेवा सुबह 10:50 बजे एवं दोपहर 2:10 बजे चलेगी। हल्द्वानी से अल्मोड़ा के लिए हेली सेवा सुबह 11:50 बजे एवं दोपहर 3:10 बजे चलेगी। जबकि अल्मोड़ा से हल्द्वानी के लिए यह सेवा दोपहर 12:50 बजे एवं सायं 4:10 बजे चलेगी। इन हवाई सेवाओं का किराया रु. 2500 है, जिसे यात्री https://airheritage.in/ के माध्यम से ऑनलाइन टिकट बुक कर सकते हैं।

### पीएम मोदी की दूरदर्शी उड़ान योजना

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उड़ान योजना जैसी दूरदर्शी योजना प्रारंभ की थी। इस योजना ने प्रदेश में हवाई संपर्क को मजबूत करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है, जिसके अंतर्गत राज्य के कई हिस्सों में हवाई पट्टियों और हेलीपोर्ट्स का विकास किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में 18 हेलीपोर्ट्स से हेली सेवाओं के संचालन की दिशा में कार्य किया जा रहा है, जिनमें से अब तक 12 हेलीपोर्ट्स पर सेवाएँ सफलतापूर्वक प्रारंभ की जा चुकी हैं।

### कई अन्य स्टेशन भी जुड़ेंगे हेली सेवा से

मुख्यमंत्री ने कहा कि हेली सेवाओं से अब तक गौचर, जोशियाड़ा, हल्द्वानी, मुनस्यारी, मसूरी, पिथौरागढ़, पंतनगर, चंपावत, बागेश्वर, नैनीताल और अल्मोड़ा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों को जोड़ा जा चुका है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों को भी हेली सेवाओं से जोड़ा जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में हवाई संपर्क को सशक्त बनाने के साथ ही उत्तराखंड को वैश्विक स्तर पर एक प्रमुख गंतव्य के रूप में स्थापित करने के उद्देश्य से अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के विस्तार के लिए भी निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। जौलीग्रांट और पंतनगर एयरपोर्ट को अंतरराष्ट्रीय विमान सेवाओं के लिए विकसित करने की दिशा में भी कार्य किया जा रहा है।

# धामी सरकार में अराजक तत्व व माहौल राब करने वाले बख्शे नहीं जायेंगे : भट्ट

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून ।** भाजपा ने विवादित सोशल मीडिया पर हंगामे पर पुलिस की कड़ी कार्रवाई को बहुत जरूरी बताया है। प्रदेशाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने स्पष्ट किया, किसी को भी कट्टरपंथ फैलाने और माहौल बिगाड़ने की इजाजत नहीं दी जा सकती। ये भाजपा की धामी सरकार है ऐसे अराजक इसी तरह तत्वों कड़ाई से निपटेगी।

विभिन्न माध्यमों से मीडिया द्वारा पूछे सवालों का जवाब देते हुए उन्होंने कहा, हमारी सरकार किसी को भी कानून व्यवस्था से खिलवाड़ नहीं करने देगी। चाहे वह सोशल मीडिया पर आपत्ति. जनक टिप्पणी करने वाला शख्स हो या ऐसी टिप्पणियों की आड़ में कानून अपने हाथ में लेने वाले लोग। इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना में जिस तरह धार्मिक उन्माद फैलाने की कोशिश की गई थी वो बेहद निंदनीय और चिंताजनक थी। लेकिन जिस तरह पुलिस प्रशासन ने तत्काल मामले को पूरी तरह संभाला और साजिशकर्ताओं पर सख्त कार्रवाई कर रही है वह प्रशंसनीय हैं।

उन्होंने स्पष्ट किया कि जिस तरह की विवादित टिप्पणी आरा. `पी द्वारा की गई उसे किसी भी तरह से जायज नहीं ठहराया जा सकता है। लेकिन जैसे ही प्रकरण संज्ञान में आया, पुलिस ने तत्काल उसे हिरासत में ले लिया। ऐसे में सभी को कानूनी प्रक्रिया का पालन करना चाहिए था। वावजूद इसके जिस तरह मामले को तूल देकर राजधानी और प्रदेश का माहौल बिगड़ने की कोशिश की वहां नाकाबिले बर्दाश्त था।

# अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर सीएम ने एंबुलेंस की समर्पित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को हिमालयन सांस्कृतिक केंद्र में राज्य स्तरीय कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने प्रदेश के सभी वरिष्ठ नागरिकों को अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर उन्होंने वृद्धजनों को सम्मानित किया तथा वरिष्ठ नागरिक सम्मान संकल्प भी दिलाया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने एक पेड़ मां के नाम पर पौधा रोपण भी किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने वृद्धजनों की सेवा के लिए समर्पित निशुल्क एंबुलेंस वैन और वृद्धिजनों की वाकथन रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी, अध्यक्ष वरिष्ठ नागरिक कल्याण परिषद रामचंद्र गौड़, उपाध्यक्ष शांति मेहरा, हरक सिंह नेगी, एससी आयोग के अध्यक्ष मुकेश कुमार मौजूद थे।

**वरिष्ठजनों के लिए बन नए आश्रम भवन:** सीएम ने कहा कि राज्य में वृद्धाश्रमों की व्यवस्था को लगातार सुदृढ़ किया जा रहा है। बागेश्वर, चमोली और उत्तरकाशी जनपदों में राजकीय वृद्धाश्रम संचालित हो रहे हैं, जबकि देहरादून, अल्मोड़ा और चंपावत में नए भवन निर्माणाधीन हैं। केंद्र सरकार के सहयोग से उधम सिंह नगर जनपद के रुद्रपुर में मॉडल वृद्धाश्रम का निर्माण किया जा रहा है। रुद्रप्रयाग, टिहरी, पौड़ी और पिथौरागढ़ में भी वृद्धाश्रमों की स्थापना के लिए प्रक्रिया गतिमान है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जेरियाट्रिक केयर गिवर प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत वरिष्ठ नागरिकों की देखभाल के लिए विशेषज्ञ प्रशिक्षित किए जा रहे हैं।

# जोशी ने पूर्व सीएम खंडूड़ी को दी जन्मदिवस की शुभकामनाएं

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने बुधवार को बसंत बिहार स्थित आवास पर उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री मेजर जनरल (सेनि) भुवन चंद्र खंडूड़ी से भेंट कर उन्हें जन्मदिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

# गर्भवती के साथ चिकित्सकों का अमानवीय व्यवहार बर्दाश्त नहीं होगा : कुसुम

### राज्य महिला आयोग अध्यक्ष ने कहा-चिकित्सकों का यह व्यवहार चिन्ताजनक

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**


**देहरादून।** हरिद्वार के महिला अस्पताल में मजदूर की पत्नी को महिला अस्पताल में भर्ती करने से मना करने के अत्यंत गंभीर मामले में राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कण्डवाल ने संज्ञान लिया है। मामले में जानकारी मिली है कि भर्ती के लिए मना करने के बाद प्रसूता ने फर्श पर तड़पते हुए बच्चे को जन्म दिया। इसी के साथ डॉक्टरों ने आशा वर्कर को ही फर्श साफ करने के लिए कहा कि तेरा मरीज है, तू ही साफ कर।

मामले में परिजनों का आरोप है कि ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर ने गर्भवती महिला को बाहर निकालते हुए कहा कि यहां डिलीवरी नहीं होगी और महिला को बेसहारा छोड़ दिया। अस्पताल स्टाफ ने भी मदद करने से इनकार कर दिया। महिला प्रसूता को अपने साथ लेकर आईं आशा वर्कर को वीडियो बनाने पर उसका फोन छीनने की कोशिश भी की गई है। इस मामले में राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कण्डवाल ने स्वत: संज्ञान लिया है। उन्होंने कहा कि यह बहुत चिंता का विषय है क्योंकि सरकार सभी सुविधाएं उपलब्ध करा रही है और यदि अस्पताल में तैनात चिकित्सकों या कर्मचारियों द्वारा किसी के भी साथ ऐसा व्यवहार किया जाता है तो उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

मामले की गंभीरता को देखते हुए राज्य महिला आयोग की सदस्य को जांच के निर्देश दिए है साथ ही आयोग की अध्यक्षा कुसुम कण्डवाल इस प्रकरण में सीएमओ आर के सिंह व कमल जोशी को जांच कराने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा की इस निन्दनीय घटना में जांच के बाद इस दौरान ड्यूटी पर उपस्थित चिकित्सकों के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## नशे के खिलाफ जागरूकता को चलेगी मुहिम

**देहरादून।** उत्तराखंड में बढ़ते नशे के खतरे के खिलाफ एकजुट होकर आवाज उठाने का वक्त आ गया है। यह अभियान उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, नैनीताल के दिशा-निर्देशन में, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देहरादून एवं जिला बार एसोसिएशन देहरादून के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। यह पूरी मुहिम जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की योजना 2015 (नशीली दवाओं के दुरुपयोग के पीड़ितों के लिए कानूनी सेवाएं) पर आधारित है। अभियान का मुख्य आकर्षण भव्य रैली होगी, जिसे में वरिष्ठ न्यायमूर्ति एवं कार्यकारी अध्यक्ष, उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण मनोज कुमार तिवारी सायं 4 बजे, जिला न्यायालय परिसर, देहरादून से रवाना करेंगे। रैली में न्यायिक अधिकारी, बार एसोसिएशन पदाधिकारी, लॉ कॉलेजों के छात्र, पराविधिक कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक शामिल होंगे।



# सम्पादकीय

गुरुवार, 2 अक्टूबर 2025

## एनसीआरबी की रिपोर्ट

नेशनल रिकॉर्ड्र्स ब्यूरो (एनसीआरबी) ने देश में 2023 के दौरान हुए अपराधों की रिपोर्ट्स सार्वजनिक की है। रिपोर्ट के आंकड़े बता रहे हैं कि अपराधों पर इस तरह का नियंत्रण नहीं हो पा रहा है जिस तरह की सरकारें दावा करती हैं। 2023 में कुल अपराधों की बात करें, तो 62 लाख 41 हजार 569 अपराध दर्ज हुए हैं, जो 2022 की तुलना में 7 फीसदी ज्यादा हैं। यह देखना बेहद दुखद है कि इन अपराधों में सबसे बड़ी संख्या महिलाओं को लेकर है। महिलाओं पर 4 लाख 48 हजार अपराध दर्ज हुए हैं। जो दस साल में सबसे ज्यादा हैं। यह देखना भी बेहद दिलचस्प है कि उप्र समग्र अपराध हत्या अपहरण और सड़क दुर्घटनाओ में उच्च स्थान पर है। वहीं महिलाओं के खिलाफ अपराध और दुष्कर्म मामले में राजस्थान सबसे आगे है। रंगदारी में जरूर महाराष्ट्र सबसे आगे निकलता दिखाई दे रहा है। इस रिपोर्ट के अनुसार राज्यो में हत्या और अपहरण मामलों में उप्र व बिहार ऊपर हैं। इससे साफ है कि गंभीर अपराध इन दोनो राज्यो में अधिक है। रिपोर्ट बताती है कि सड़क हादसों के मामले में भी उप्र टॉप पर है। देशभर में साइबर क्राइम के मामलों में 31 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज हुई है। इस संबंध में 86 हजार 420 केस दर्ज हुए। इनमें भी साइबर के माध्यम से हत्या के मामले में यूपी, दुष्कर्म में राजस्थान और लूट में महाराष्ट्र सबसे आगे रहा। साइबर के सबसे कम मामले सिक्किम में दर्ज किए गए। हत्या के मामले में यूपी, बिहार के बाद महाराष्ट्र और एमपी का नंबर आया है। केंद्रशासित प्रदेशों की बात करें, तो हत्याओं की सबसे अधिक वारदात देश की राजधानी दिल्ली में हुई। जैसाकि हमने पहले ही कहा कि यह तब है जब तमाम सरकारें यह दावा करती हैं कि हमने अपराधों पर अंकुश पा लिया है। एनसीआरबी की रिपोर्ट साफ संकेत दे रही है कि सरकारों के दावे खोखले साबित हो रहे हैं। भले ही वह अपने बयानों के माध्यम से वहां के मुख्यमंत्री व अन्य नेतागण बड़ी बातें करते हों लेकिन जमीनी हकीकत इससे इतर है। यूपी की ही बात करें तो सीएम योगी आदित्यनाथ अपराधों को लेकर बेहद सख्त दिखाई देते हैं, पुलिस ने बाकायदा अपराधियों के खिलाफ हॉफ एनकाउंटर भी चलाया हुआ है, लेकिन रिपोर्ट से साफ है कि यह कवायद जमीन पर कोई रंग लाती दिखाई नहीं दे रही है, बल्कि सच्चाई यह है कि अपराध घटने के बजाए और बढ़ोतरी की तरफ इशारा कर रहे हैं। यूं तो यह रिपोर्ट 2023 के आंकड़ों पर आधारित है और 2024 के आने बाकी हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर जिस तरह के हालात हैं, उसको देखकर नहीं लगता कि यह आंकड़े 2023 से इतर होंगे। रोज हम देखते हैं कि किस तरह समाचार पत्रों में अपराधों की घटनाओं की बाढ़ सी आई हुई होती है, जो इशारा करती है कि अपराधों का ग्राफ तेजी से बढ़ता जा रहा है और पुलिस की सारी कवायद अपराधियो में वह खौफ पैदा नहीं कर पा रही है, जिस तरह का खौफ होना चाहिए। यह कहानी किसी एक राज्य की नहीं है। कमोबेश देश के मुख्य राज्यों का यही हाल है। निश्चित रूप से अपराधों का बढ़ता ग्राफ हमें गंभीर चिंतन की तरफ ले जाने के लिए मजबूर करता है, लेकिन क्या हमारी राज्य सरकारें इस पर गंभीरता से विचार करेंगी।

## कश्मीरियों को बंदूक का डर दिखा रही भाजपा



कश्मीर में लोगों को जबरन, यहां तक कि बंदूक की नोक पर राष्ट्रगान के लिए खड़ा किया जा रहा है, यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि भाजपा ने हालात ऐसे बना दिए हैं कि लोगों को राष्ट्रगान के लिए मजबूर किया जा रहा है, जब मैं स्टूडेंट थी, तो हम अपनी इच्छा से राष्ट्रगान के सम्मान में खड़े होते थे, लेकिन अब यह दबाव डालकर करवाया जा रहा है, यह सरकार की विफलता है, हमारे खेल मैदान छीने जा रहे हैं, अगर युवाओं से ये सार्वजनिक स्थान छीन लिए गए, तो असंतोष बढ़ेगा, पुलिस हमारी रक्षक हैं, शहीदों का स्मारक कहीं और भी बनाया जा सकता है, जम्मू-कश्मीर में ऐसी जगहों की कमी नहीं है।

**महबूबा मुफ्ती, पीडीपी प्रमुख**

## राष्ट्र साधना के सौ वर्ष





**नरेंद्र मोदी**

100 वर्ष पूर्व विजयदशमी के महापर्व पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की स्थापना हुई थी। ए हजारों वर्षों से चली आ रही उस परंपरा का पुनर्स्थापन था, जिसमें राष्ट्र चेतना समय-समय पर उस युग की चुनौतियों का सामना करने के लिए,नए-नए अवतारों में प्रकट होती है। इस युग में संघ उसी अनादि राष्ट्र चेतना का पुण्य अवतार है। ए हमारी पीढ़ी के स्वयंसेवकों का सौभाग्य है कि हमें संघ के शताब्दी वर्ष जैसा महान अवसर देखने मिल रहा है। मैं इस अवसर पर राष्ट्रसेवा के संकल्प को समर्पित कोटि-कोटि स्वयंसेवकों को शुभकामनाएं देता हूं। मैं संघ के संस्थापक, हम सभी के आदर्श परम पूज्य डॉक्टर हेडगेवार जी के चरणों में श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। संघ की 100 वर्षों की इस गौरवमई यात्रा की स्मृति में भारत सरकार ने विशेष डाक टिकट और स्मृति सिक्के भी जारी किए हैं।

जिस तरह विशाल नदियों के किनारे मानव सभ्यताएं पनपती हैं, उसी तरह संघ के किनारे भी सैकड़ों जीवन पुष्पित-पल्लवित हुए हैं। जैसे एक नदी जिन रास्तों से बहती हैं, उन क्षेत्रों को अपने जल से समृद्ध करती हैं, वैसे ही संघ ने इस देश के हर क्षेत्र, समाज के हर आयाम को स्पर्श किया है। जिस तरह एक नदी कई धाराओं में खुध्द को प्रकट करती है, संघ की यात्रा भी ऐसी ही है। संघ के अलग-अलग संगठन भी जीवन के हर पक्ष से जुड़कर राष्ट्र की सेवा करते हैं। शिक्षा, कृषि, समाज कल्याण, आदिवासी कल्याण,महिला सशक्तिकरण, समाज जीवन के ऐसे कई क्षेत्रों में संघ निरंतर कार्य करता रहा है। विविध क्षेत्र में काम करने वाले हर संगठन का उद्देश्य एक ही है, भाव एक ही है।

अपने गठन के बाद से ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ राष्ट्र निर्माण का विराट उद्देश्य लेकर चला। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए संघ ने व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण रास्ता चुना और इस चलने के लिए जो कार्यपद्धति चुनी वो थी नित्य-नियमित चलने वाली शाखाएं। संघ शाखा का मैदान, एक ऐसी प्रेरणा भूमि है, जहां से स्वयंसेवक की अहम् से वयं की यात्रा शुरू होती है। संघ की शाखाएं व्यक्ति निर्माण की यज्ञवेदी हैं। राष्ट्र निर्माण का महान उद्देश्य, व्यक्ति निर्माण का स्पष्ट पथ और शाखा जैसी सरल, जीवंत कार्यपद्धति यही संघ की सौ वर्षों की यात्रा का आधार बने। इन्हीं स्तंभों पर खड़े होकर संघ ने लाखों स्वयंसेवकों को गढ़ा, जो विभिन्न क्षेत्रों में देश को आगे बढ़ा रहे हैं।

संघ के लिए देश की प्राथमिकता ही उसकी अपनी प्राथमिकता रही। आजादी की लड़ाई के समय परम पूज्य डॉक्टर हेडगेवार जी समेत अनेक कार्यकर्ताओं ने स्वतंत्रता आंदोलन में हिस्सा लिया, डॉक्टर साहब कई बार जेल तक गए। आजादी की लड़ाई में कितने ही स्वतन्त्रता सेना. नियों को संघ संरक्षण देता रहा। उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करता रहा। आजादी के बाद भी संघ निरंतर राष्ट्र साधना में लगा रहा। इस यात्रा में संघ के खिलाफ साजिशें भी हुईं, संघ को कुचलने का प्रयास भी हुआ। ऋषितुल्य परम पूज्य गुरु जी को झूठे केस में फंसाया गया। लेकिन संघ के स्वयंसेवकों ने कभी कटुता को स्थान नहीं दिया। क्योंकि वो जानते है, हम समाज से अलग नहीं हैं, समाज हमसे ही तो बना है। समाज के साथ एकात्मता और संवैधानिक संस्थाओं के प्रति आस्था ने संघ के स्वयंसेवकों को हर संकट में स्थित प्रज्ञ रखा है। समाज के प्रति संवेदनशील बनाए रखा है।

प्रारंभ से संघ राष्ट्रभक्ति और सेवा का पर्याय रहा है। जब विभाजन की पीड़ा ने लाखों परिवारों को बेघर कर दिया, तब स्वयंसेवकों ने शरणार्थियों की सेवा की। हर आपदा में संघ के स्वयंसेवक अपने सीमित संसाधनों के साथ सबसे आगे खड़े रहते रहे। यह केवल राहत नहीं थी, यह राष्ट्र की आत्मा को संबल देने का कार्य था। खुद कष्ट उठाकर दूसरों के दुख हरना। यह हर स्वयंसेवक की पहचान है। आज भी प्राकृतिक आपदा में हर जगह स्वयंसेवक सबसे पहले पहुंचने वालों में से एक रहते हैं। अपनी 100 वर्षों की इस यात्रा में, संघ ने समाज के अलग-अलग वर्गों में आत्मबोध जगाया। स्वाभिमान जगाया। संघ देश के उन क्षेत्रों में भी कार्य करता रहा है। जो दुर्गम हैं जहां पहुंचना सबसे कठिन है।

संघ दशकों से आदिवासी परंपराओं, आदिवासी रीति-रिवाज, आदिवासी मूल्यों को सहेजने-संवारने में अपना सहयोग देता रहा है। अपना कर्तव्य निभा रहा है। आज सेवा भारती। विद्या भारती, एकल विद्यालय। वनवासी कल्याण आश्रम। आदिवासी समाज के सशक्तिकरण का स्तंभ बनकर उभरे हैं। समाज में सदियों से घर कर चुकी जो बीमारियां हैं, जो ऊंच-नीच की भावना है, जो कुप्रथाएं हैं, यह हिन्दू समाज की बहुत बड़ी चुनौती रही हैं। यह एक ऐसी गंभीर चिंता है, जिस पर संघ लगातार काम करता रहा है। डॉक्टर साहब से लेकर आज तक, संघ की हर महान विभूति ने, हर सर-संघचालक ने भेदभाव और छुआछूत के खिलाफ लड़ाई लड़ी है। परम पूज्य गुरु जी ने निरंतर ह्न हिन्दू पतितो भवेत' की भावना को आगे बढ़ाया। पूज्य बाला साहब देवरस जी कहते थे- छुआछूत अगर पाप नहीं, तो दुनिया में कोई पाप नहीं! सरसंघचालक रहते हुए पूज्य रज्जू भैया जी और पूज्य सुदर्शन जी ने भी इसी भावना को आगे बढ़ाया।

वर्तमान सरसंघचालक आदरणीय मोहन भागवत जी ने भी समरसता के लिए समाज के सामने एक कुआं, एक मंदिर और एक श्मशान का स्पष्ट लक्ष्य रखा है। जब 100 साल पहले संघ अस्तित्व में आया था तो उस समय की आवश्यकताएं, उस समय के संघर्ष कुछ और थे। लेकिन आज 100 वर्षों बाद जब भारत विकसित होने की तरफ बढ़ रहा है तब आज के समय की चुनौतियां अलग हैं, संघर्ष अलग हैं। दूसरे देशों पर आर्थिक निर्भरता, हमारी एकता को तोड़ने की साजिशें, डेमोग्राफी में बदलाव के षड्यंत्र, हमारी सरकार इन चुनौतियों से तेजी से निपट रही है। मुझे ए खुशी है कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने भी इन चुनौतियों से निपटने के लिए ठोस रोडमैप भी बनाया है।

संघ के पंच परिवर्तन, स्व बोध, सामाजिक समरसता, कुटुम्ब प्रबोधन, नागरिक शिष्टाचार और पर्यावरण यह संकल्प हर स्वयंसेवक के लिए देश के समक्ष उपस्थित चुनौतियों को परास्त करने की बहुत बड़ी प्रेरणा हैं। स्व बोध की भावना का उद्देश्य गुलामी की मानसिकता से मुक्त होकर अपनी विरासत पर गर्व और स्वदेशी के मूल संकल्प को आगे बढ़ाना है। सामाजिक समरसता के जरिए वंचित को वरीयता देकर सामाजिक न्याय की स्थापना का प्रण है। आज हमारी सामा. जिक समरसता को घुसपैठियों के कारण डेमोग्राफी में आ रहे बदलाव से भी बड़ी चुनौती मिल रही है। देश ने भी इससे निपटने के लिए डेमोग्राफी मिशन की घोषणा की है। हमें कुटुम्ब प्रबोधन यानी परिवार संस्कृति और मूल्यों को भी मजबूत बनाना है। नागरिक शिष्टाचार के जरिए नागरिक कर्तव्य का बोध हर देशवासी में भरना है। इन सबके साथ अपने पर्यावरण की रक्षा करते हुए आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को सुरक्षित करना है। अपने इन संकल्पों को लेकर संघ अब अगली शताब्दी की यात्रा शुरू कर रहा है। 2047 के विक. सित भारत में संघ का हर योगदान, देश की ऊर्जा बढ़ाएगा, देश को प्रेरित करेगा। पुन: प्रत्येक स्वयंसेवक को बहुत-बहुत शुभकामनाएं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## सादगी और ईमानदारी का दूसरा नाम थे शास्त्री

**प्रधानमंत्री बनने के बाद शास्त्री जी जब पहली बार अपने घर काशी आ रहे थे, तब पुलिस-प्रशासन उनके स्वागत के लिए चार महीने पहले से ही तैयारियों में जुट गया था। चूंकि उनके घर तक जाने वाली गलियां काफी संकरी थी, जिसके चलते उनकी गाड़ी का वहां तक पहुंचना संभव नहीं था, इसलिए प्रशासन द्वारा वहां तक रास्ता बनाने के लिए गलियों को चौड़ा करने का निर्णय लिया गया। शास्त्री जी को जब यह बात पता चली तो उन्होंने तुरंत संदेश भेजा कि गली को चौड़ा करने के लिए किसी भी सूरत में कोई भी मकान तोड़ा न जाए, मैं पैदल ही घर जाऊंगा। 2 अक्टूबर 1904 को उत्तर प्रदेश के मुगलसराय में जन्मे भारत के दूसरे प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की आज हम 121वीं जयंती मना रहे हैं।**



**श्वेता गोयल**

भारत के प्रधानमंत्री बनने से पहले लाल बहादुर शास्त्री भारत सरकार में विदेश मंत्री, गृहमंत्री और रेल मंत्री जैसे महत्वपूर्ण पद संभाल चुके थे। एक बार वे रेल के एसी कोच में सफर कर रहे थे। उस दौरान वे यात्रियों की समस्या जानने के लिए जनरल बोगी में चले गए। वहां उन्होंने अनुभव किया कि यात्रियों को कितनी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इससे वे काफी नाराज हुए और उन्होंने जनरल डिब्बे के यात्रियों को भी सुविधाएं देने का निर्णय लिया। रेल के जनरल डिब्बों में पहली बार पंखा लगवाते हुए रेलों में यात्रियों को खानपान की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए पैंट्री की सुविधा भी उन्होंने शुरू करवाई। एक अन्य अवसर पर रेल में यात्रा करते वक्त शास्त्री जी उस समय भड़क गए थे, जब विशेष रूप से उनके लिए रेल कोच में कूलर लगाने की व्यवस्था की गई। शास्त्री जी उस समय रेल मंत्री थे और बम्बई जा रहे थे। गाड़ी चलने पर शास्त्री जी अपने पीए से बोले कि बाहर तो बहुत गर्मी है लेकिन डिब्बे में काफी ठंडक है। तब उनके पीए कैलाश बाबू ने कहा, सर, डिब्बे में कूलर लग गया है, इसीलिए डिब्बे में इतनी ठंडक है। शास्त्री जी को गुस्सा आया और उन्होंने अपने पीए से पूछा कि बगैर मुझसे पूछे कूलर कैसे लग गया? आप लोग कोई भी कार्य करने से पहले मुझसे पूछते क्यों नहीं? क्या इतने सारे लोग, जो इस गाड़ी में चल रहे हैं, उन्हें गर्मी नहीं लगती होगी? उन्होंने कहा कि होना तो यह चाहिए था कि मुझे भी जनरल डिब्बे में ही सफर करना चाहिए था लेकिन वह संभव नहीं है किन्तु जितना हो सकता है, उतना तो किया ही जाना चाहिए। उन्होंने सख्त लहजे में पीए को निर्देश दिया कि अगले स्टेशन पर गाड़ी जहां भी रुके, वहां सबसे पहले इस कूलर को निकलवाइए। इस प्रकार मथुरा स्टेशन पर शास्त्री जी कूलर हटवाकर ही माने।

1964 में शास्त्री जी जब प्रधानमंत्री बने, तब उन्हें सरकारी आवास के साथ इंपाला शेवरले कार भी मिली थी लेकिन उसका उपयोग वे बहुत ही कम किया करते थे। वह गाड़ी किसी राजकीय अतिथि के आने पर ही निकाली जाती थी। एक बार की बात है, जब शास्त्री जी के बेटे सुनील शास्त्री किसी निजी कार्य के लिए यही सरकारी कार उनसे बगैर पूछे निकालकर ले गए और अपना काम पूरा करने के पश्चात कार चुपचाप लाकर खड़ी कर दी। जब शास्त्री जी को इस बात का पता चला तो उन्होंने ड्राइवर को बुलाकर पूछा कि गाड़ी कितने किलोमीटर चलाई गई? ड्राइवर ने बताया, चौदह किलोमीटर। उसके बाद शास्त्री जी ने उसे निर्देश दिया कि रिकॉर्ड में लिख दो, चौदह किलोमीटर प्राइवेट यूज। शास्त्री जी इतने से ही शांत नहीं हुए, उन्होंने पत्नी ललिता को बुलाया और निर्देश दिया कि निजी कार्य के लिए गाड़ी का इस्तेमाल करने के लिए उनके निजी सचिव से कहकर वह सात पैसे प्रति किलोमीटर की दर से सरकारी कोष में पैसे जमा करवा दें। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान 1940 के दशक में लाला लाजपत राय की संस्था सर्वेंट्स ऑफ इंडिया सोसायटी द्वारा गरीब पृष्ठभूमि वाले स्वतंत्रता सेनानियों के परिवारों को जीवनयापन हेतु आर्थिक मदद दी जाया करती थी। उसी समय की बात है, जब लाल बहादुर शास्त्री जेल में थे। उन्होंने उस दौरान जेल से ही अपनी पत्नी ललिता को एक पत्र लिखकर पूछा कि उन्हें संस्था से पैसे समय पर मिल रहे हैं या नहीं और क्या इतनी राशि परिवार की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए पर्याप्त है? पत्नी ने उत्तर लिखा कि उन्हें प्रतिमाह पचास रूपए मिलते हैं, जिसमें से करीब चालीस रूपए ही खर्च हो पाते हैं, शेष राशि वह बचा लेती हैं। पत्नी का यह जवाब मिलने के बाद शास्त्री जी ने संस्था को एक पत्र लिखा, जिसमें उन्होंने धन्यवाद देते हुए कहा कि अगली बार से उनके परिवार को केवल चालीस रूपए ही भेजे जाएं और बचे हुए दस रूपए से किसी और जरूरतमंद की सहायता कर दी जाए।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## अहिंसा गांधी का शास्त्र, भारत की पहचान व नई पीढ़ी की चुनौती




**वीरेश तरार**

भारत के इतिहास में महात्मा गांधी का नाम केवल स्वतंत्रता संग्राम के नायक के रूप में ही नहीं, बल्कि एक ऐसे पथप्रदर्शक के रूप में दर्ज है जिन्होंने दुनिया को यह दिखाया कि बिना हथियार, बिना बारूद और बिना हिंसा के भी सबसे बड़ी साम्राज्यवादी ताकत को हराया जा सकता है। दो अक्टूबर को जब हम गांधी जयंती मनाते हैं, तो यह केवल उनके जन्म की स्मृति नहीं होती, बल्कि यह हमारे लिए एक अवसर होता है कि हम गांधी के विचारों को, उनके शास्त्रों को और उनके मूल्यों को आज की परिस्थितियों में परखें। यह सच है कि आजादी के संघर्ष के समय गांधी ने जिस अहिंसा के शस्त्र को चुना था, वही आगे चलकर दुनिया की अनेक लड़ाइयों और आंदोलनों का भी आधार बना। लेकिन यह भी सच है कि आज की नई पीढ़ी अहिंसा की ताकत को उतना नहीं समझती जितना उसे समझना चाहिए।

गांधी का अहिंसा का मार्ग अचानक पैदा नहीं हुआ। यह एक लंबे अनुभव, अध्ययन और आत्मचिंतन की प्रक्रिया का परिणाम था। बचपन से ही वे धार्मिक प्रवृत्ति के थे। जैन साधुओं और वैष्णव भक्ति परंपरा का वातावरण उनके जीवन को प्रभावित करता रहा। अहिंसा उनके लिए केवल एक नीति नहीं थी, बल्कि यह एक गहरी आध्यात्मिक अनुभूति थी। बाद में इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका में रहकर उन्होंने जब उपनिवेशवाद की क्रूरता और नस्लीय भेदभाव को देखा, तब उन्होंने यह ठान लिया कि लड़ाई का रास्ता तलवार और बंदूक से नहीं, बल्कि सत्य और अहिंसा से ही निकलेगा। सत्याग्रह का प्रयोग सबसे पहले दक्षिण अफ्रीका में हुआ। रंगभेद के खिलाफ भारतीयों की आवाज को संगठित करने के लिए गांधी ने न केवल जनजागरण किया, बल्कि उन्हें यह विश्वास भी दिलाया कि बिना हिंसा के, शांतिपूर्ण ढंग से भी हम सत्ता को झुका सकते हैं। यह प्रयोग सफल रहा और गांधी को जीवनभर का मार्ग मिल गया। भारत लौटने के बाद चंपारण सत्याग्रह, खेड़ा और अहमदाबाद मिल आंदोलन से लेकर नमक सत्याग्रह और भारत छोड़ो आंदोलन तक हर जगह गांधी ने यही रास्ता अपनाया। परिणाम यह हुआ कि भारत के सामान्य किसान, मजदूर, स्त्री, पुरुष, शिक्षित और अशिक्षित सभी लोग इस अहिंसा की सेना के सिपाही बन गए। बंदूक के सामने निहत्थे खड़े हो जाना, डंडे खाने के बाद भी जवाब में पत्थर न उठाना, यह आसान नहीं था। लेकिन इसने ब्रिटिश हुकूमत को भीतर से हिला दिया।

यहां यह समझना जरूरी है कि अहिंसा का अर्थ कायरता नहीं है। गांधी कहते थे कि कायरता और हिंसा में से चुनाव करना पड़े तो मैं हिंसा को चुनूंगा, लेकिन अहिंसा कायरता नहीं है, यह वीरता का सर्वोच्च रूप है। हिंसा तो पलभर में प्रतिशोध की आग में भड़क जाती है, लेकिन अहिंसा के लिए धैर्य, साहस और सहनशीलता चाहिए। किसी का थप्पड़ खाकर मुस्कुराना कोई साधारण काम नहीं है, लेकिन जब हजारों लोग यह करने लगें, तो सत्ता की नींव हिल जाती है। यही गांधी का चमत्कार था। भारत ने इसी मार्ग से स्वतंत्रता पाई। दुनिया ने इसे देखा और माना। दक्षिण अफीका के नेल्सन मंडेला ने गांधी के अहिंसावादी सिद्धांत को अपनाया और रंगभेद की जंजीरों को तोड़ा। अमेरिका में मार्टिन लूथर किंग जूनियर ने इसी सिद्धांत के सहारे नस्लीय भेदभाव के खिलाफ आंदोलन चलाया और श्वेत सत्ता को झुकाया। म्यांमार में आंग सान सू की ने गांधी का हवाला दिया। इस तरह गांधी का अहिंसा का शास्त्र केवल भारत की धरोहर नहीं रहा, बल्कि यह दुनिया की संपत्ति बन गया, लेकिन आज जब हम अपने देश को देखते हैं, तो गांधी की विरासत कहीं खोती हुई दिखाई देती है। आंदोलनों में पत्थरबाजी, आगजनी, तोड़फोड़ और हिंसा को सामान्य मान लिया गया है। नतीजा यह होता है कि सरकार दमन करती है, लाठीचार्ज होता है, गोलियां चलती हैं और जिनके लिए सहानुभूति पैदा होनी चाहिए, वही अपराधी घोषित कर दिए जाते हैं। हाल ही में किसानों का आंदोलन इसका एक उदाहरण था। चौदह महीने तक किसान शांतिपूर्ण ढंग से दिल्ली की सीमाओं पर बैठे रहे। न तो कोई हिंसा हुई, न ही कोई बड़ी तोड़फोड़। धीरे-धीरे पूरा देश उनकी आवाज के साथ खड़ा हो गया और आखिरकार सरकार को झुकना पड़ा। इसी तरह लेह-लद्दाख का आंदोलन भी तब तक सफल रहा जब तक वह अहिंसक था। लेकिन जैसे ही हिंसा की एक चिंगारी उठी, सहानुभूति खत्म हो गई, आंदोलन कमजोर पड़ गया और नेता जेल की सलाखों के पीछे पहुंच गए।

यह बात हमारी समझ में आनी चाहिए कि अहिंसा केवल एक नैतिक मूल्य नहीं है, बल्कि यह एक रणनीति भी है। शांतिपूर्ण आंदोलन से सरकार और समाज को यह संदेश जाता है कि यह संघर्ष किसी स्वार्थ के लिए नहीं, बल्कि न्याय के लिए है। हिंसा होते ही यह नैतिक ऊंचाई खो जाती है। गांधी का चमत्कार यही था कि उन्होंने आंदोलन को नैतिक ऊंचाई पर टिकाए रखा। विदेशी अखबारों से लेकर ब्रिटिश संसद तक में यह चर्चा होती थी कि भारत के लोग कितने अनुशासित और कितने शांतिप्रिय होकर संघर्ष कर रहे हैं। यह अनुशासन ही हमारी ताकत बना।



आज जरूरत है कि हम इस अनुशासन को फिर से जीवित करें। नई पीढ़ी को यह समझाना होगा कि अहिंसा कोई पुरानी, बासी या अव्यावहारिक चीज नहीं है। बल्कि यह आज भी उतनी ही प्रासंगिक है जितनी गांधी के समय थी। आज जब दुनिया में आतंकवाद, सांप्रदायिकता, पूंजीवाद और हिंसा का बोलबाला है, तब गांधी की यह सीख और भी जरूरी हो जाती है। एक गोली का जवाब दूसरी गोली से देने का परिणाम केवल मौत और तबाही है। लेकिन एक गोली का जवाब मौन रहकर, सीना तानकर खड़े होने से सरकार और समाज दोनों का चेहरा उजागर होता है।

गांधी ने कहा था कि अहिंसा परमो धर्मः केवल ग्रंथों की पंक्ति नहीं है, यह जीवन का मार्ग है। भारत में जैन धर्म, बौद्ध धर्म और वैष्णव परंपरा सबने इसे माना। गांधी ने इसे राजनीति का शस्त्र बना दिया।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# शटडाउन से अमेरिका बेहाल

## सरकारी कामकाज ठप, नौ लाख सरकारी कर्मचारियों की सैलरी पर छाया संकट

**वाशिंगटन।** अमेरिका में आज से शटडाउन लागू हो गया है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प सीनेट से फंडिंग बिल को पास नहीं करा पाए। इससे कई गैरजरूरी सरकारी कामकाज ठप हो गए हैं, जिससे करीब 9 लाख सरकारी कर्मचारियों को बिना सैलरी छुट्टी पर भेजने की नौबत आ गई है। दरअसल, मंगलवार देर रात बिल पर वोटिंग हुई। बिल के समर्थन में 55 और विरोध में 45 वोट पड़े। इसे पास कराने के लिए 60 वोटों की जरूरत थी।

ट्रम्प की रिपब्लिकन पार्टी को विपक्षी डेमोक्रेट्स सांसदों का समर्थन जरूरी था, लेकिन डेमोक्रेट्स ने बिल के खिलाफ वोट किया। 100 सदस्यों वाली सीनेट में 53 रिपब्लिकन, 47 डेमोक्रेट और 2 निर्दलीय सांसद हैं। दोनों निर्दलियों ने बिल के समर्थन में वोटिंग की। सीनेट में मंगलवार को फंडिंग बिल पर वोटिंग के दौरान रिपब्लिकन और डेमोक्रेट सांसदों के बीच तीखी बहस हुई। अमेरिका में सरकार को हर साल अपना बजट पास कराना पड़ता है। अगर संसद बजट पर सहमत नहीं होती, तो फंडिंग बिल पास नहीं होता और सरकार को मिलने वाला पैसा रुक जाता है। इस वजह से कुछ सरकारी विभागों और सेवाओं को पैसे नहीं मिलते। गैर-जरूरी सेवाओं को बंद कर दिया जाता है। इसे ही सरकारी शटडाउन कहा जाता है। रिपब्लिकन पार्टी सीनेट में आज देर रात एक बार फिर से फंडिंग बिल पर वोट कराने की तैयारी में है। रिपब्लिकन नेताओं ने कहा है कि जब तक डेमोक्रेट्स बिल को समर्थन नहीं देंगे, तब तक इस बिल को रोजाना पेश किया जाएगा। ट्रम्प ने इस शटडाउन के लिए डेमोक्रेट्स को जिम्मेदार ठहराया है। वे पहले ही सरकारी कर्मचारियों को नौकरी से निकालने की धमकी दे चुके है। अमेरिका में 2019 के बाद सरकारी शटडाउन लगा है। इससे पहले ट्रम्प के कार्यकाल में ही 35 दिन का शटडाउन लगा था। अमेरिका के दोनों प्रमुख दल डेमोक्रेट और रिपब्लिकन में ओबामा हेल्थ केयर सब्सिडी प्रोग्राम को लेकर ठन गई थी। डेमोक्रेट्स चाहते थे कि हेल्थ केयर (स्वास्थ्य बीमा) की सब्सिडी बढ़ाई जाए। रिपब्लिकन को डर था कि अगर सब्सिडी बढ़ाई गई तो सरकार को खर्च करने के लिए और पैसे की जरूरत पड़ेगी, जिससे बाकी सरकारी काम प्रभावित होंगे। शटडाउन रोकने के लिए राष्ट्रपति ट्रम्प और डेमोक्रेटिक नेताओं ने सोमवार को व्हाइट हाउस में बैठक की थी, लेकिन इसका कोई नतीजा नहीं निकला। शटडाउन के दौरान, ट्रम्प प्रशासन आफिस आफ मैनेजमेंट एंड बजट (ओएमबी) के जरिए जरूरी और गैर-जरूरी सेवाओं का फैसला कर सकता है। इससे वे डेमोक्रेट समर्थित प्रोग्राम्स जैसे शिक्षा, पर्यावरण, स्वास्थ्य सब्सिडी को गैर-जरूरी कर सकते हैं, जबकि डिफेंस और इमिग्रेशन को जरूरी का दर्जा दे सकते हैं। ट्रम्प ने खुद कहा है शटडाउन से कई अच्छी चीजें होंगी।




■ ट्रम्प फंडिंग बिल पास नहीं करा पाए, 60 वोटों की जरूरत थी, 55 ही मिले
■ फंडिंग बिल पर वोटिंग के दौरान रिपब्लिकन और डेमोक्रेट सांसदों के बीच तीखी बहस हुई

### छोटे शटडाउन से ट्रम्प को होगा ज्यादा फायदा

**छोटे** शटडाउन से ट्रम्प को ज्यादा फायदा होगा क्योंकि वे अपने एजेंडे को आगे बढ़ा सकते हैं, लेकिन लंबा खिंचने पर आर्थिक नुकसान से उनकी छवि खराब हो सकती है। अमेरिका का फिस्कल ईयर यानी खर्च का साल 1 अक्टूबर से शुरू होता है। यह एक तरह से सरकार का आर्थिक साल होता है, जिसमें वह अपना पैसा खर्च करने और बजट बनाने की योजना बनाती है। इस दौरान सरकार तय करती है कि कहां पैसा लगाना है, जैसे सेना, स्वास्थ्य या शिक्षा में। अगर इस तारीख तक नया बजट पास नहीं होता, तो सरकारी कामकाज बंद हो जाता है। इसे शटडाउन कहते हैं। अमेरिका में सरकारी शटडाउन लगने के बाद अब सरकार के पास खर्च के लिए पैसा नहीं होगा। इससे सरक. ारी कर्मचारियों को मिलने वाली सैलरी से लेकर तमाम दूसरे खर्च रुक जाएंगे।

# फिलीपींस में 6.9 तीव्रता का भूकंप

## 69 की मौत, 150 से ज्यादा घायल, कई मकान और चर्च धराशाई हुए

**मनीला।** फिलीपींस के सेबू प्रांत में मंगलवार रात को 6.9 तीव्रता का भूकंप आया। इसकी वजह से 69 लोगों की मौत हो गई है, जबकि करीब 150 घायल है। न्यूज एजेंसी एपी की रिपोर्ट के मुताबिक मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है। अब तक कई लोगों को मलबे से निकाला गया है। रेस्क्यू टीमें मंगलवार रात से ही बचाव अभियान चला रही हैं।

अमेरिकी जियोलाजिकल सर्वे (यूएसजीएस) ने पहले इसे 7.0 तीव्रता का बताया था, लेकिन बाद में कम करके 6.9 कर दिया। भूकंप का केंद्र सेबू आइलैंड के बोगो शहर के पास था। इस शहर की आबादी 90 हजार है। पहले झटके के बाद इलाके में 5 या उससे अधिक तीव्रता के चार और झटके महसूस किए गए। भूकंप के झटके महसूस होते ही लोग अपने घरों से बाहर निकल आए। भूकंप के तेज झटकों की वजह से एक चर्च का ऊपरी हिस्सा गिर गया। भूकंप के झटकों के दौरान लोग घरों से बाहर निकल आए और एक दूसरे को पकड़कर खड़े रहे।



■ मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है, अब तक कई लोगों को मलबे से निकाला गया

भूकंप से एक होटल के फर्श की टाइल टूट गई और लोग भागने पर मजबूर हो गए। एक ब्लागर ने अपने कैमरे में भूकंप के झटकों को रिकॉर्ड किया। वह फिलीपींस के एक बार में बैठा हुआ था। रैम्प वाक शो के दौरान भूकंप के झटकों के बाद महिला माडल रैम्प से कूदकर भाग गईं। रैम्प वाक शो में मौजूद कई दूसरे लोग भी भूकंप के झटकों के दौरान भागते नजर आए। भूकंप में फूड चेन मैकडानल्ड्स के एक आउटलेट की दो मंजिला बिल्डिंग को भी नुकसान पहुंचा। इस बिल्डिंग की दीवारें टूट गईं, जिससे वह एक तरफ झुक गई। राहतकर्मियों ने भूकंप में घायल हुए लोगों को रेस्क्यू करके अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में पर्याप्त जगह नहीं होने से कई घायलों का बाहर ही इलाज करना पड़ा। फिलीपींस रिंग आफ फायर के पास मौजूद है, ऐसे में यहां भूकंप आना आम बात है। रिंग आफ फायर ऐसा इलाका है, जहां कई कान्टिनेंटल के साथ ही ओ. शियनिक टेक्टोनिक प्लेट्स भी हैं। ये प्लेट्स आपस में टकराती हैं तो भूकंप आता है, सुनामी उठती है और ज्वालामुखी फटते हैं। दुनिया के 90 प्रतिशत भूकंप इसी रिंग आफ फायर क्षेत्र में आते हैं। यह क्षेत्र 40 हजार किलोमीटर में फैला है। दुनिया में जितने सक्रिय ज्वालामुखी हैं, उनमें से 75 प्रतिशत इसी क्षेत्र में हैं। जापान, रूस, फिलीपींस, इंडोनेशिया, न्यूजीलैंड, अंटार्कटिका, कनाडा, अमेरिका, मेक्सिको, ग्वाटेमाला, कोस्टा रिका, पेरू, इक्वाडोर, चिली और बोलिविया रिंग आफ फायर के पास हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### बांग्लादेश में भारतीय छात्रा का शव फंदे पर झूलता मिला

**ढाका।** बांग्लादेश की ढाका में भारत की मेडिकल छात्रा निंदा खान (19 साल) की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। वह राजस्थान के झालावाड़ की रहने वाली थीं। वह अड-डिन मोमिन मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस की पढ़ाई कर रही थीं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, शनिवार को परीक्षा में नकल करते हुए पकड़े जाने के बाद कॉलेज प्रशासन ने उसे निष्कासित कर दिया था। इसके कुछ घंटों बाद रविवार तड़के उसका शव हास्टल के कमरे में फांसी से लटका मिला। ढाका पुलिस प्रमुख सैयद मोहम्मद अख्तर ने बताया कि उन्हें सुबह 4:15 बजे सूचना मिली और मौके पर पहुंचने पर छात्रा का शव बरामद किया गया।

### इंडोनेशिया में स्कूल की इमारत ढहने से कम से कम 91 लोग फंसे

**जकार्ता।** इंडोनेशिया की आपदा प्रबंधन एजेंसी ने बुधवार को कहा कि पूर्वी जावा प्रांत के सिदोअर्जो जिले में 29 सितम्बर को एक स्कूल की इमारत ढहने के बाद कम से कम 91 लोग फंस गए हैं। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन एजेंसी (बीएनपीबी) के प्रवक्ता अब्दुल मुहरी ने बताया कि कल शाम तक, इस दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हो चुकी थी और 90 से जयादा घायल हो गए थे, जबकि 26 अभी भी अस्पताल में भर्ती हैं। विभिन्न एजेंसियों के सैकड़ों बचावकर्मियों को घटनास्थल पर तैनात किया गया है। भारी मशीनरी के इस्तेमाल से इमारत के ढहने की आशंका की वजह से बचावकर्मियों ने हाथ से खुदाई पर ध्यान केंद्रित किया है। वे मलबे में फंसे लोगों तक खाना और पानी पहुंचा रहे हैं।

### हमास से ट्रम्प की गाजा योजना स्वीकार करने का आग्रह

**मॉस्को।** कतर, मिस्र और तुर्की ने हमास से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की गाजा योजना को स्वीकार करने का आग्रह किया है। एक्सियोस समाचार पोर्टल ने सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी है। ट्रम्प ने सोमवार को गाजा संघर्ष को हल करने के लिए 20-सूत्रीय योजना का प्रस्ताव सामने रखा। इस प्रस्ताव में अन्य बातों के साथ, तत्काल युद्धविराम और 72 घंटों के भीतर बंधकों की रिहाई की मांग की गई है। प्रस्तावित योजना में यह भी निर्धारित किया गया है कि हमास और 'अन्य समूहों' को गाजा शासन में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से भागीदारी छोड़नी होगी। प्रस्ताव के मुता. बिक गाजा का शासन एक 'तकनीकी, गैर-राजनीतिक फिलिस्तीनी समिति' द्वारा किया जाएगा।

# आतंकवाद की चुनौती से मिलकर निपटेंगे भारत-उज्बेकिस्तान

**नई दिल्ली।** भारत और उज्बेकिस्तान ने आतंकवाद की चुनौती का मिलकर मुकाबला करने तथा इस क्षेत्र में सहयोग बढाने के लिए सूचना साझा करने, क्षमता निर्माण और सर्वोत्तम तौर तरीकों के आदान-प्रदान की जरूरत पर बल दिया है। दोनों देशों ने पहलगाम आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा करते हुए आतंकवाद से संबंधित मौजूदा और उभरती चुनौतियों पर भी चर्चा की।

भारत-उज्बेकिस्तान आतंकवाद रोधी संयुक्त कार्य समूह की नौवीं बैठक मंगलवार को ताशकंद में हुई। बैठक की सह-अध्यक्षता विदेश मंत्रालय के संयुक्त सचिव (आतंकवाद निरोधक) डॉ. विनोद जे. बहाडे और उज्बेकिस्तान के विदेश मंत्रालय में दक्षिण एशिया, पश्चिम एशिया और अफ्रीका सहयोग विभाग के प्रमुख गुला. मजोन पिरिमकुलोव ने की। दोनों पक्षों ने वैश्विक स्तर पर और अपने-अपने क्षेत्रों में आतंकवादी समूहों द्वारा उत्पन्न खतरों पर चर्चा की। उन्होंने आतंकवाद से निपटने में मौजूदा और उभरती चुनौतियों पर विचारों का आदान-प्रदान किया, जिनमें उग्रवाद और कट्टरपंथ का मुक. ाबला, आतंकवाद के वित्तपोषण का मुकाबला, आतंकवादी उद्देश्यों के लिए प्रौद्योगिकी के उपयोग को रोकना, अंतर्राष्ट्रीय संगठित अपराध और आतंकवाद के बीच गठजोड़ और आतंकवादियों की वैश्विक आवाजाही जैसे मुद्दे शामिल हैं। दोनों पक्षों ने जम्मू और कश्मीर के पहलगाम में निर्दोष नागरिकों पर कायरतापूर्ण आतंकवादी हमले की निंदा की। उन्होंने सूचना साझा करने क्षमता निर्माण और सर्वोत्तम प्रथाओं के आदान-प्रदान के माध्यम से आतंकवाद से निपटने के लिए द्विपक्षीय सहयोग को मज़बूत करने के उपायों पर भी विचार-विमर्श किया।

# बेंजामिन नेतन्याहू ने 30 साल में तीन मुस्लिम देशों से मांगी माफी

## कतर से पहले जॉर्डन ने किया था मजबूर

**तेल अवीव।** हमास से जुड़े बड़े लीडर्स राजधानी के एक रिहाइशी काम्प्लेक्स में सीजफायर को लेकर चर्चा करने के लिए इकट्ठा हुए थे।

मीटिंग चल ही रही थी कि इजरायली एयरफोर्स ने रेड सी से बैलिस्टिक मिसाइल से इमारत को निशाना बनाकर हमला कर दिया। हमले में हमास के 5 अधिकारी समेत कतर सेना के एक सैनिक की मौत हो गई। कतर पर हमला ट्रम्प की असफलता माना गया। हमले के 5 दिन बाद ही दोहा में 50 से ज्यादा मुस्लिम देशों के नेता इकट्ठा हुए और इजरायली हमले की निंदा की। दबाव इतना बढ़ा कि 20 दिन बाद नेतन्याहू ने व्हाइट हाउस से कतर के पीएम को फोन कर माफी मांगी।



■ तुर्की को इजरायल ने मुआवजा भी दिया था

उन्होंने साफ कहा कि इजरायल दोबारा कभी कतर पर हमला करने की गलती नहीं करेगा। कतर, अमेरिका का मित्र देश है। अमेरिका उसे 1992 से सुरक्षा गारंटी दे रहा है। बदले में कतर, अमेरिका को अरबों का निवेश देता है। इसी साल मई में कतर ने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प को 3400 करोड़ का लग्जरी प्लेन गिफ्ट किया था। यह पहली बार नहीं है जब इजरायल को अपनी आक्रामक नीतियों की वजह से मुस्लिम देशों से माफी मांगनी पड़ी है। इससे पहले भी नेतन्याहू जार्डन और तुर्की से माफी मांग चुके हैं बेंजामिन नेतन्याहू जून 1996 में पहली बार इजरायल के प्रधानमंत्री बने थे। पद संभालने के बाद ही उन्होंने हमास को टारगेट करना शुरू किया। उन्होंने हमास में तेजी से उभर रहे नेता खालिद मेशाल को मारने के लिए खुद मोसाद के 6 एजेंट्स चुने। खालिद मेशाल उन दिनों हमास का प्रवक्ता था और जार्डन में रह रहा था। 25 सितम्बर 1997 का दिन चुना गया जब उसकी हत्या होनी थी।

# इजरायली हमलों से फिर दहला गाजा, 16 की मौत

**गाजा पट्टी।** गाजा पट्टी पर इजरायल के हवाई हमले लगातार जारी हैं। बुधवार को कम से कम 16 फलस्तीनी नागरिकों की मौत की पुष्टि हुई है। यह हमले ऐसे समय हो रहे हैं जब पूरी दुनिया अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की शांति योजना पर हमास की प्रतिक्रिया का इंतजार कर रही है।

मृतकों में वे लोग भी शामिल हैं जिन्होंने गाजा सिटी के अल-फलाह स्कूल में शरण ली थी। अधिकारियों के मुताबिक स्कूल पर दो बार हमला हुआ। अस्पतालों ने बताया कि हमलों में राहतकर्मी भी मारे गए। सुबह एक और हमले में पांच लोगों की मौत तब हुई जब वे पीने के पानी की टंकी के पास खड़े थे। गाजा सिटी के शिफा अस्पताल ने एक व्यक्ति के शव को लिया, जिसकी मौत अपार्टमेंट पर हमले में हुई। नुसेरात शरणार्थी शिविर में

■ अस्पतालों ने बताया कि हमले में राहतकर्मी भी मारे गए

एक दंपति की मौत हुई, जबकि बुरेज शिविर में एक व्यक्ति मारा गया। मंगलवार को तुर्की चौनल टीआरटी के पत्रकार यहया बरजाक भी एक हमले में मारे गए। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय का कहना है कि अब तक इजरायली अभियान में 66000 से अधिक फलस्तीनियों की मौत हो चुकी है और करीब 1.70 लाख लोग घायल हुए हैं। मृतकों में महिलाओं और बच्चों की संख्या लगभग आधी है। हालांकि मंत्रालय नागरिक और आतंकी में अंतर नहीं करता। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने हाल ही में एक 20 सूत्रीय शांति योजना पेश की है। इसमें हमास से बंधकों की रिहाई, गाजा छोड़ने और हथियार डालने की शर्त रखी गई है।

# शांति प्रस्ताव पर फैसले के लिए हमास के पास 3-4 दिन का समय

**वाशिंगटन।** हमास ने कहा कि वह अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के गाजा शांति प्रस्ताव पर प्रतिक्रिया देने से पहले इसपर विचार करेगा और अन्य फलस्तीनी गुटों के साथ भी चर्चा करेगा। इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू पहले ही ट्रम्प के प्रस्ताव का समर्थन कर चुके हैं, लेकिन अभी यह साफ नहीं है कि हमास इस पर तैयार है या नहीं।

प्रस्ताव में कहा गया है कि हमास प्रभावी रूप से आत्मसमर्पण करे और निशस्त्रीकरण करे, बदले में गाजा में लड़ाई समाप्त होगी। फलस्तीनियों के लिए मानवीय सहायता और गाजा में पुनर्निर्माण का वादा किया गया है। ट्रम्प का कहना है कि हमास के पास प्रस्ताव पर प्रतिक्रिया देने के लिए 'तीन या चार दिन' का ही समय

■ डेडलाइन के बाद ट्रम्प की अंजाम भुगतने की धमकी

है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में मीडिया से बात करते हुए कहा कि हमास या तो प्रस्ताव पर सहमत होगा और अगर ऐसा नहीं होता है, तो इसका अंत बहुत दुखद होगा। राष्ट्रपति ने कहा कि उनके नवीनतम शांति प्रस्ताव में हमास के लिए बातचीत की ज्यादा गुंजाइश नहीं है। कतर और मिस्र के अधिकारियों ने हमास के वार्ताकारों के सामने यह ट्रम्प का प्रस्ताव रखा है, जो इसकी समीक्षा कर रहे हैं। ट्रम्प ने सोमवार को कहा कि अगर हमास इस समझौते पर सहमत नहीं होता है, तो इजरायल को हमास को तबाह करने के लिए उनकी सरकार का पूरा समर्थन होगा। ट्रम्प ने कहा कि मैं उन्हें जो करना है, करने दूंगा। वे इसे बहुत आसानी से कर सकते हैं। संयुक्त राष्ट्र का कहना है कि वह जब भी संभव हो, वे गाजा में सहायता पहुंचाने के लिए तैयार है। ट्रम्प के प्रस्ताव में कहा गया है कि सहायता की आपूर्ति इजरायल या हमास के हस्तक्षेप के बिना होगी और सहायता आपूर्ति संयुक्त राष्ट्र और उसकी एजेंसियों, और रेड क्रिसेंट के माध्यम से की जाएगी। संयुक्त राष्ट्र की जिनेवा प्रवक्ता एलेसेंड्रा वेलुची ने कहा कि यूएन शांति प्रयासों को लेकर विभिन्न पक्षों के संपर्क में है। हम सभी मध्यस्थता का स्वागत करते हैं। पोप लियो ने हमास से ट्रम्प के शांति प्रस्ताव को स्वीकार करने की अपील की और तत्काल युद्धविराम और हमास द्वारा बंधक बनाए गए लोगों की रिहाई का आह्वान दोहराया।

# नेपाल, भूटान व श्रीलंका के लोगों को रुपये में ऋण दे सकेंगे भारतीय बैंक

**मुंबई।** रुपये में अंतर्राष्ट्रीय व्यापार को बढ़ावा देने के लिए भारत के प्राधिकृत डीलर बैंक नेपाल, भूटान और श्रीलंका के लोगों को रुपये में ऋण दे सकेंगे। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने बुधवार को इसकी घोषणा करते हुए बताया कि इस संबंध में शीघ्र ही नियमों को अधिसूचित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि नेपाल, भूटान और श्रीलंका के नागरिकों के अलावा वहां के बैंकों को भी रुपये में कर्ज दिया जा सकेगा। इसके अलावा एक और बड़े बदलाव के तहत अब फाइनेंशल बेंचमार्क इंडिया लिमिटेड को अमेरिकी डॉलर, यूरो, ब्रितानी पाउंड और जापानी येन के अलावा दूसरी मुद्राओं के लिए भी संदर्भ दर जारी करने के निर्देश दिये गए हैं।

# 3 मौतों के बाद POK में लोगों का गुस्सा चरम पर

## पाकिस्तान के सभी एंट्री पॉइंट बंद करने की धमकी दी

**जिनेवा।** पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में इन दिनों उबाल है और विरोध प्रदर्शन के दौरान तीन प्रदर्शनकारियों की मौत से लोगों का गुस्सा और भड़क गया है। पीओके का विरोध प्रदर्शन इस कदर व्यापक हो गया है कि विदेशों में बसे पीओके के लोग भी प्रदर्शन में शामिल हो गए हैं।

यूनाइटेड कश्मीर पीपल्स नेशनल पार्टी (यूकेपीएनपी) के अध्यक्ष शौकत अली कश्मीरी ने स्विट्जरलैंड में न्यूज एजेंसी एएनआई के साथ बातचीत में कहा कि यह विरोध प्रदर्शन लोगों की बुनियादी जरूरतों को लेकर है। उन्होंने कहा कि पीओके के लोग बीते दो वर्षों से अपने बुनियादी अधिकारों के लिए विरा. ध प्रदर्शन कर रहे हैं। शौकत अली कश्मीरी ने कहा कि जॉइंट एक्शन कमेटी के बैनर तले लोग बीते दो वर्षों से आंदोलन कर रहे हैं। यह



आंदोलन बुनियादी जरूरतों को लेकर है। बीते 77 वर्षों से पीओके के लोगों को बुनियादी अधिकारों और जरूरतों से दूर रखा गया। पहले राजनीतिक पार्टियां अपने-अपने मंच से विरोध प्रदर्शन कर रहीं थीं। फिर सभी राजनीतिक पार्टियों और आम लोगों ने मिलकर एक जॉइंट अवामी एक्शन कमेटी का गठन किया। बीते दो वर्षों से ये कमेटी ही आंदोलन का नेतृत्व कर रही है। यूनाइटेड कश्मीर पीपल्स नेशनल पार्टी के अध्यक्ष ने पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर की सरकार को कठपुतली सरकार बताया और आरोप लगाया कि ये कठपुतली सरकार लोगों की वैध और सही मांगों को भी पूरा करने में नाकाम रही। लोग बिजली की किल्लत, बेरोजगारी और संवैधानिक अधिकारों की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे हैं, लेकिन कठपुतली सरकार उनकी जायज मांगों को भी पूरा नहीं कर पा रही है। यूकेपीएनपी के नेताओं ने धमकी दी कि आने वाले समय में आंदोलन और तेज होगा क्योंकि लोग अब सोशल मीडिया के जरिए जुड़े हुए हैं।

# नोबेल शांति पुरस्कार पाने के लिए छटपटा रहे ट्रंप

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि अगर उन्हें नोबेल शांति पुरस्कार नहीं मिलता है तो यह उनके देश का अपमान होगा। उन्होंने अपने इस दावे को दो. हराया कि उन्होंने कम से कम सात अंतर्राष्ट्रीय संघर्षों को खत्म करने में अहम भूमिका निभाई है।

ट्रम्प का यह ताजा बयान ऐसे समय में सामने आया, जब एक दिन पहले उन्होंने गाजा में जारी युद्ध को खत्म करने के लिए शांति योजना की पेशकश की। उन्होंने कहा कि अगर हमास इस प्रस्ताव को स्वीकार करता है, तो यह आठवां संघर्ष होगा, जिसे उन्होंने मध्यस्थता करके खत्म किया होगा। ट्रम्प ने कहा क्या आपको नोबेल पुरस्कार मिलेगा? बिल्कुल नहीं। यह पुरस्कार



किसी ऐसे व्यक्ति को दिया जाएगा जिसने कुछ भी नहीं किया। उन्होंने अमेरिका के शीर्ष सैन्य अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा यह हमारे देश का बड़ा अपमान होगा। मैं इसे (अपने लिए) नहीं चाहता, मैं चाहता हूं कि यह देश को मिले। उन्होंने आगे कहा, इसे देश को मिलना चाहिए क्योंकि ऐसा पहले कभी नहीं हुआ। राष्ट्रपति का यह दावा दस अक्टूबर से पहले आया है, जब इस साल नोबेल पुरस्कारों की घोषणा की जाएगा। ट्रम्प लंबे समय से इस बात से परेशान हैं कि पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा को 2009 में यह पुरस्कार मिला था, जो डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता हैं। अपने ताजा संबोधन में ट्रम्प ने फिर से दावा किया कि उन्होंने इस साल जनवरी से सात संघर्षों को समाप्त किया है। उन्होंने कहा कि अगर गाजा शांति योजना

■ ट्रम्प ने दोहराया सात संघर्षों को रोकने का दावा

सफल हो जाती है तो हमारे पास ऐसे आठ युद्ध होंगे, आठ महीनों में आठ युद्ध। यह बहुत अच्छा है। गाजा शांति योजना की पेशकश उन्होंने इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की अमेरिका यात्रा के दौरान की थी। पिछले हफ्ते संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) को संबोधित करते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि उन्होंने सात महीने में सात संघर्ष खत्म किए हैं। उन्होंने कहा कहा जा रहा था कि ये संघर्ष खत्म नहीं होंगे। कुछ 31 साल से चल रहे थे। इनमें एक 36 साल से। मैंने सात युद्ध खत्म किए और सभी मामलों में हजारों लोग मारे जा रहे थे।

